


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 9 मार्च 2025


पीएम मोदी ने लिखा-इन महिलाओं की सफलता हमें नारी शक्ति की असीम क्षमता की याद दिलाती है। महिला दिवस पर और हर दिन, हम उनके योगदान का जश्न मनाते हैं

## जिन्होंने मेहनत, संघर्ष और लगन से पहचान बनाई, प्रेरणास्त्रोत बनीं उन्हीं छह महिलाओं ने पीएम का संभाला सोशल मीडिया अकाउंट्स

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अनूठी पहल करते हुए छह प्रेरणादायक महिलाओं को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की कमान सौंपी। इन छह महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी मेहनत, संघर्ष और लगन से एक नई पहचान बनाई है, जो आज लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं

### 1 वैज्ञानिक एलिना मिश्रा

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अपने क्रांतिकारी शोध के लिए पहचान



### 2 वैज्ञानिक शिल्पी सोनी

- अंतरिक्ष अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान
- शोध और विज्ञान में महिलाओं की ताकत बढ़ाई



### 3 सीईओ अजयता शाह

फ्रंटियर मार्केट्स की सीईओ अजयता शाह ने 35,000 से अधिक डिजिटल में सक्षम महिलाओं को प्रशिक्षण देकर ग्रामीण भारत में एक नई लहर शुरू की



### 4 शतरंज खिलाड़ी वैशाली रमेशबाबू

महज छह साल की उम्र में इस खेल को अपनाया और कड़ी मेहनत से 2023 में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया। वैशाली ने कहा महिलाएं काफी प्रतिभावान



### 5 'मशरूम लेडी' अनीता देवी

बिहार की अनीता देवी ने 2016 में माधोपुर फार्मर्स प्रोड्यूसर्स कंपनी की स्थापना की और मशरूम की खेती के जरिए सैकड़ों महिलाओं को रोजगार से जोड़ा



### 6 डॉक्टर अंजली अग्रवाल

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधा रहित सुविधाओं की वकालत करते हुए स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम किया





सुरक्षा की जिम्मेदारी बिट्टू शर्मा के पास थी

## महिलाओं ने संभाली मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में चारों तरफ महिलाएं तैनात थी। यहां तक कि उनके कारकेट में भी सभी महिलाएं थीं। मुख्यमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी सुश्री बिट्टू शर्मा के पास थी, वहीं मुख्यमंत्री का वाहन इंस्पेक्टर सुश्री इरशाद अली चला रही थीं। कारकेड के वाहनों की जिम्मेदारी सुश्री सपना सहित अन्य महिला चालकों पर थी। ओएसडी का दायित्व अंडर सेक्रेटरी सुश्री श्रीलेखा ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 2 भी

**डॉ.यादव ने कहा**

### भारत की संस्कृति मां और बहन प्रधान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति मां और बहन प्रधान है, इसी का प्रभाव है कि हमारे देश का नाम भारत माता से जोड़कर लिया जाता है। महिलाओं और बहनों की जिंदगी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार विभिन्न कार्यक्रमों और ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### दिल्ली की महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपए



**नई दिल्ली।** दिल्ली की महिलाओं को बड़ी खुशखबरी मिली है। दरअसल दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बता दें कि महिला दिवस पर यह घोषणा की गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के चुनावी वादों में से एक दिल्ली महिला समृद्धि योजना का शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा शुभारंभ किया। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक भत्ता मिलेगा। 8 मार्च को योजना के शुभारंभ के साथ ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या



**हजारीबाग।** जिले में शनिवार सुबह गोलीबारी की घटना सामने आई है। यहां बदमाशों ने एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव को निशाना बनाते हुए फायरिंग की। इस फायरिंग में डीजीएम कुमार गौरव को भी गोली लग गई, जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं इस तरह से दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से एनटीपीसी के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसके अलावा स्थानीय लोगों में भी भय का माहौल है। पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'बड़ा ऐलान' किया

# देश में पहली बार मप्र में धर्मांतरण के बाद दुराचार पर 'फांसी की सजा' का प्रावधान




सशक्त नारी से ही प्रदेश और देश बन रहा सशक्त और समृद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे

एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों को 1552.73 करोड़ राशि की अंतरित

26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग की 55.95 करोड़ की राशि अंतरित



### महिला बाल विकास विभाग के राज्य-स्तरीय पुरस्कार वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया। देश में पहली बार किसी राज्य में धर्मांतरण कराकर दुराचार करने पर फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबरन धर्मांतरण कराकर दुराचार करने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे अपराधी को फांसी की सजा दी जाएगी। मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने ▶▶ शेष पेज 4 पर

ग्रामीण कौशल योजना में एक हजार युवतियों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान

### सरकार का हर कदम बहनों के साथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शासकीय महिला कर्मचारियों को सात दिन का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश और संविदा कर्मचारी बहनों को 180 दिवस का प्रसूति अवकाश देने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर कदम पर बहनों के साथ है, वे आगे बढ़ें, उन्हें हर संभव सहायता करेंगे। सरकार ने संकल्प लिया है कि समाज के अंदर कुरीतियों को और गलत बातों को बढ़ावा देने वालों से कठोरता से पेश आएंगे।

### देश का संचालन महिलाओं के हाथों में होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव के बाद संसद में महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण की शक्ति परिलक्षित होगी और देश का संचालन महिलाओं के हाथों में होगा। नारी सशक्तिकरण के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर अब प्रदेश में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को संपत्ति के रजिस्ट्रेशन में भी एक प्रतिशत की छूट दी गई है। प्रदेश में 44 फीसदी स्टार्ट-अप महिलाओं की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *लाड़ली बहना योजना और गैस सिलेंडर रीफिल योजना का पैसा अंतरित किया*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में आयोजित लाड़ली बहना राशि अंतरण कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के जरिए 1.27 करोड़ से अधिक बहनों के खातों में 1552.73 करोड़ की राशि एवं 450 में गैस सिलेंडर रीफिल योजना की 26 लाख से अधिक पात्र हितग्राही बहनों को 55.95 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों की जिंदगी बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले एक वर्ष जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक लाड़ली बहनों के खाते में 22 हजार 227.89 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है।*

राहुल ने पार्टी को दिखाया आईना

## कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं कई बब्बर शेर, पर वे चेन से बंधे

गुजरात की कांग्रेस इस समय रेस का घोड़ा नहीं बल्कि बारात का घोड़ा | उन लोगों को निकाल बाहर करो जो जनता से दूर और भाजपा से मिले



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात दौरे के दौरान उनका गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा है। उन्होंने अपनी ही पार्टी को निशाने पर लिया है। राहुल ने यहां तक कह दिया है कि 20-30 लोगों को निकालना पड़ेगा तो निकाल दो। राहुल ने कहा कि मैं गुजरात के युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और अपनी बहनों के लिए आया हूं। मैंने खुद से पूछा कि मेरी और कांग्रेस पार्टी की क्या जिम्मेदारी है? तकरीबन पिछले 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं। जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनाएगी। जिस दिन हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी, उसी दिन गुजरात के सभी लोग कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मैं यहां कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं आया

गुजरात प्रदेश कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए राहुल ने कहा कि उन्हें ये बात स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नेता दिशा दिखाने में असफल रहे। इससे पहले राहुल ने अहमदाबाद के 'कार्यकर्ता सम्मेलन' में महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। एक मेरी बैठक हो रही थी, जिसमें एक कार्यकर्ता ने कहा कि दो तरीके के घोड़े होते हैं, एक होता है रेस का और दूसरा होता है बारात का। कांग्रेस पार्टी बारात के घोड़े को रेस में, और रेस के घोड़े को बारात में डाल देती है। अब गुजरात की जनता भी ये देख रही है कि रेस में बारात के घोड़े डाले हुए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहला काम हमें ये करना है कि हमें पार्टी के भीतर जो गुटबाजी है, उसे अलग करना है।

एयर इंडिया ने 82 साल की महिला को व्हीलचेयर नहीं दी

## एयरपोर्ट परिसर में गिरीं, होंठ से खून बहा, सिर नाक पर भी चोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशन एयरपोर्ट पर 82 साल की महिला को एयर इंडिया ने व्हीलचेयर देने से मना कर दिया। वह इसके लिए एक घंटे तक इंतजार करती रहीं। फिर काफी दूर तक चलना पड़ा। बाद में एयरलाइन काउंटर के पास वह गिर गईं। गिरने से महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, लेकिन वहां मौजूद किसी भी स्टाफ ने मदद नहीं की। वे दो दिन से बेंगलुरु के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं। महिला की पोती पारुल कंवर ने 7 मार्च को एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि 4 मार्च को वे अपनी दादी के साथ दिल्ली से बेंगलुरु जा रही थी। उन्होंने टिकट बुकिंग के दौरान ही दादी के लिए एयरक्राफ्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

- दो दिन से बेंगलुरु के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती



### एयर इंडिया बोला पैसेंजर्स का दावा गलत

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा-परिवार के सदस्यों ने प्रस्थान के निर्धारित समय से 90 मिनट से भी कम समय पहले पर्सन्स विद रिड्यूस्ड मोबिलिटी डेस्क पर व्हीलचेयर के लिए अनुरोध किया था। उस समय पीक डिमांड की वजह से व्हीलचेयर को 15 मिनट के भीतर उपलब्ध नहीं कराया जा सका। पैसेंजर्स का एक घंटे इंतजार करने का दावा गलत है।

सीहोर के नट बोल्ट कारखाने में भीषण आग

## भीषण आग लगी, 6 दमकलों ने घंटों की मशक्कत के बाद बुझाई




*आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भोपाल-इंदौर हाइवे पर स्थित सीहोर के ग्राम खोखरी में दीपक फास्टनर अंब्रेको कंपनी में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। दोपहर करीब 1:15 बजे कारखाने में अचानक आग लगी। आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटें और काला धुआं कई किलोमीटर दूर ग्राम भाऊखेड़ी तक दिखाई दे रहा था। आग लगते ही कारखाने में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए बाहर की तरफ भागे। घटना की सूचना मिलते ही सीहोर और भोपाल से 6 दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए। कई घंटों की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। नट-बोल्ट बनाने वाली इस फैक्ट्री में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि स्क्रेप यार्ड में जला हुआ ऑइल के ड्रम भी रखे हुए थे। इसके चलते देखते ही देखते आग ने कुछ ही समय में भीषण रूप ले लिया। कंपनी के मीडिया प्रभारी विनीत दुबे ने आग लगने की पुष्टि की है। दमकल टीम की जांच पूरी होने के बाद ही आग के कारणों का पता चलेगा।

मनी लांड्रिंग केस में ईडी का एक्शन

## नामी उद्योगपति का 14 करोड़ रु. का प्राइवेट जेट कर लिया जब्त

**850** करोड़ के घोटाले का है मामला

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

मनी लांड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद में एक कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लांड्रिंग केस में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने करीब 14 करोड़ रुपए का एक निजी जेट जब्त किया है।

प्रमोटरों ने कथित तौर पर पोंजी घोटाले में कई निवेशकों से करोड़ों रुपए ठगे हैं। मनी लांड्रिंग का मामला फाल्कन ग्रुप के खिलाफ चल रहा है। इसके सीएमडी अमर दीप कुमार और कुछ अन्य के खिलाफ स्थानीय पुलिस एफआईआर से जुड़ा है। कंपनी के सीएमडी अमर दीप कुमार इस जेट का इस्तेमाल कर देश से भाग गए थे। आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए उनसे या उनकी कंपनी से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका। ईडी ने पाया कि 8-सीटर बिजनेस जेट एन935एच हॉकर 800ए (कुमार की कंपनी के स्वामित्व वाला) शुक्रवार को शमशाबाद में हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा है, जिसके बाद उसे जब्त कर लिया गया। 2024 में ये जेट करीब 16 लाख ▶▶ शेष पेज 4 पर




50 से ज्यादा लोग घायल हो गए

## अंतिम यात्रा में मधुमक्खियों का हमला, शव छोड़ कर भागे लोग

तालाब किनारे मुंडन करा रहे लोगों पर भी हमला किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह में शव यात्रा में शामिल लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसके बाद लोग शव को जमीन पर रखकर भाग गए। घटना में करीब 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हालांकि, कोई गंभीर रूप घायल नहीं हुआ। कोई अस्पताल भी नहीं पहुंचा।

घटना शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे हटा क्षेत्र की है। माझी समाज की वरिष्ठ नेत्री शकुंतला रैकवार का निधन हो गया था। शनिवार सुबह उनकी अंतिम यात्रा निकाली जा रही थी। इसमें करीब 150 से ज्यादा लोग शामिल थे। अंतिम यात्रा फुटेरा तालाब के पास पूजन के लिए रुकी थी। इसी दौरान मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने तालाब किनारे मुंडन करा रहे लोगों पर भी हमला किया। अचानक हुए हमले से वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग शव छोड़कर भाग गए। भाजपा युवा नेता मोंटी रैकवार ने बताया कि कुछ देर बाद व्यापारी संजय असाटी, शंकर रैकवार और विनय रैकवार के साथ अर्थी को कंधा देकर शमशान तक पहुंचाया।






### महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए रेलवे की विशेष पहल

# महिला दिवस पर महिला लोको पायलट ने चलाई भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन, गार्ड से लेकर टीटीई भी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूरी तरह महिला स्टाफ द्वारा संचालित भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 18235 का सफलतापूर्वक परिचालन किया गया। भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच से सुबह 10:15 बजे अपर मंडल रेल प्रबंधक रश्मि दिवाकर ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन का संचालन महिला लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने किया, जबकि ट्रेन प्रबंधक (गार्ड) भी महिला थी। बतादें कि मंडल में वर्तमान में 41 महिला लोको पायलट कार्यरत हैं, जो रेल संचालन के क्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय दे रही हैं। इसके अलावा भोपाल मंडल में कुल 1100 महिला कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं, जो रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही हैं।

## रेलवे में कार्यरत महिलाओं की दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह पहल रेलवे में कार्यरत महिलाओं की दक्षता, क्षमता और कार्यकुशलता को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। भारतीय रेलवे समय-समय पर महिला कर्मचारियों को नेतृत्व की जिम्मेदारी देकर उनके कौशल को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों और रेलवे अधिकारियों ने इस पहल की सराहना की। यात्रियों ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसे अन्य क्षेत्रों में भी अपनाया जाना चाहिए।





### इन्होंने किया संचालन

लोको पायलट- कुमारी नूतन
असिस्टेंट लोको पायलट - नेहा श्रीवास्तव
ट्रेन प्रबंधक - अक्षिता काले
टीटीई - रीता यादव और रश्मि मगराडे
41 महिला लोको पायलट हैं, मंडल में कार्यरत



### महिला कर्मचारियों का किया सम्मान

महिला दिवस पर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर रेलवे में कार्यरत महिला कर्मचारियों के समर्पण और मेहनत को सम्मानित करना था। भोपाल और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। ये महिलाएं टिकट बुकिंग, आरक्षण, पार्सल, सफाई सहित कई महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी निष्ठा और दक्षता का परिचय दे रही हैं।

### जागरुकता दौड़...



अटल पथ से महिला दिवस पर जागरुकता दौड़ का आयोजन किया गया।



आसरा वृद्धा आश्रम में होली मिलन का आयोजन किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साइकिल रैली




राजधानी के विलीनीकरण शहीद स्मृति द्वारा से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद अलोक शर्मा और बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### आशा कार्यकर्ताओं का किया स्वागत




सृष्टि शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति भोपाल द्वारा नगर निगम वार्ड क्रमांक 30 स्थित कार्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समिति के अध्यक्ष महेंद्र दवे द्वारा स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ताओं का पुष्पहार, मिष्ठान एवं कपड़े का थैला भेंट कर स्वागत किया गया। उन्होंने लोगों से राजधानी भोपाल को स्वच्छ बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में हरीश शर्मा, इंद्रानी दत्ता, आनंद पाराशर, कैलाश गुप्ता, अनिल यादव, रामसखा तिवारी, प्रकाश मोटवानी, बीएल शर्मा, अब्बास नकवी, आशीष शुक्ला सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।

### एसोसिएशन फॉर सस्टेनेबल रूरल एम्पावरमेंट (आसरे) ने महिला दिवस 2025 मनाया



## ग्रामीण भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एसोसिएशन फॉर सस्टेनेबल रूरल एम्पावरमेंट (आसरे) के अध्यक्ष और ग्राम्या के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पंकज शुक्ला ने ग्रामीण भारत में महिलाओं के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, विशेष रूप से मध्य प्रदेश में। डॉ. शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाना सतत विकास को बढ़ावा देने और इन क्षेत्रों में गरीबी से निपटने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### 13.9% ग्रामीण महिलाओं के पास भूमि स्वामित्व अधिकार

उन्होंने कहा 60% से अधिक ग्रामीण महिलाएं कृषि में संलग्न हैं, फिर भी अधिकांश के पास उस भूमि का स्वामित्व नहीं है, जिस पर वे काम करती हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, केवल 13.9% ग्रामीण महिलाओं के पास मध्य प्रदेश में भूमि स्वामित्व अधिकार हैं।



राजधानी में शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर अटल पथ पर जागरुकता दौड़ के दौरान कार्यक्रम पेश करते हुए।

## एसपीएम में महिला से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



शनिवार को राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिला उत्पीड़न निवारण और महिला विकास समिति द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रतिभा राजगोपाल (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, लोक प्रशासन नरोन्हा अकादमी, भोपाल) द्वारा मध्यस्थता अधिनियम 2023, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं का संघर्ष, परिवार में महिला की स्थिति, महिला को शीघ्र न्याय आदि विषयों पर प्रकाश डाला। कहा कि वास्तविक रूप में महिला ही समाज में परिवर्तन की सूत्रधार है। अतः महिलाओं को शीघ्र न्याय मिलना ही उनका सम्मान है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने बताया कि देश, समाज और परिवार के लिए महिला केंद्र बिंदु है तथा महिला सशक्तिकरण के लिए स्व-निर्णय को सर्वोच्च बताया। संचालन डॉ. निशा यादव और आभार डॉ. ममता पांडे द्वारा दिया गया। संपूर्ण आयोजन समिति की संयोजक डॉ. कल्पना दवे, सदस्य डॉ. हरनीत चीमा, डॉ. पूनम वासनिक के सहयोग से किया गया।

## सांची विवि में मनाया महिला दिवस, महिला अधिकारों और परिवार की प्रासंगिकता पर चर्चा



सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में महिला दिवस पर विशेष आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा जैन और समाजसेवी माधुरी मिश्रा ने इस अवसर पर महिला अधिकारों एवं परिवार की प्रासंगिकता पर चर्चा की। डॉ. जैन ने कहा कि सभी सफल महिलाओं के पीछे एक महिला का हाथ होता है और हमें भी आगे बढ़ने पर दूसरी महिलाओं को आगे बढ़ाने का उपक्रम करना चाहिए। विवि की प्रथम महिला डॉ. निहारिका लाभ ने भी सभी महिलाओं के लिए अपनी शुभेच्छा भेजी। विशिष्ट अतिथि माधुरी मिश्रा ने कहा कि हम महिलाओं को अपनी उपयोगिता का पता ही नहीं चलता। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति तो सीता-राम और राधे-श्याम की है, जिसमें महिलाओं को पुरुषों से पहले रखा जाता है।



## स्वच्छ उड़ान प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर निगम ने पहल करते हुए निगम की महिला सफाई मित्रों के लिए स्वच्छ उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर मालती राय ने किया। प्रतियोगिता में नींबू दौड़ में जोन 10 की रानी चेन्नमा टीम की प्रीति धोलपुरे ने प्रथम, जोन 12 की सावित्री फुले टीम की केसर ने द्वितीय और जोन चार की रानी कमलापति टीम की पूजा ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि कुर्सी दौड़ में जोन 16 की सुषमा स्वराज टीम की भावना ने प्रथम, जोन आठ की कस्तूरबा टीम की सुनीता ने द्वितीय और जोन 19 की सुचेता कृपलानी टीम की रचना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में रस्साकशी में टीम के 20 सदस्य विजयी रहे। महापौर ने विजेता महिला सफाई मित्रों को मेडल और ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## महिला कर्मचारियों को महापौर ने पुरस्कार किए वितरित

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने सम्मान समारोह और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर महापौर मालती राय ने महिला कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने चिकित्सा शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। महापौर ने महिला कर्मचारियों को उनके अधिकार, समानता, महिला सशक्तिकरण के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रेडक्रास सोसाइटी के पदाधिकारी, चिकित्सक व बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम को किया संबोधित

## महिला सशक्तीकरण नारा नहीं, इसे धरातल पर उतार रही है भाजपा सरकारः शर्मा




भाजपा के गरीबी हटाओ और महिला सशक्तीकरण सिर्फ नारे नहीं हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें इसे धरातल पर साकार कर रही हैं। महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में किस प्रकार लाया जाए और किस तरह से उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने के लिए सक्षम बनाया जाए, इसके व्यवहारिक प्रयास अगर किसी ने किए हैं, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि भाजपा महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाने का कार्य कर रही है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनों को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम को पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय ने भी संबोधित किया।

कमजोर नहीं, हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही महिलाएं

# बहन-बेटियां हमारे लिए हैं देवी स्वरूपाः केंद्रीय मंत्री शिवराज



केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बहनों, लखपति दीदीयों के साथ भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधरोपण किया। साथ ही शिवराज सिंह ने बहनों से संवाद कर उनके अनुभव सुनें। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं अपने देश और प्रदेश की सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत में हजारों साल पहले यह कहा गया है कि, जहां मां, बहन-बेटी को मान-सम्मान और इज्जत की नजर से देखा जाता है, वहीं देवता भी वास करते हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारे लिए बहनें और बेटियां देवी स्वरूपा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है, महिला सशक्तिकरण, हमारी बहनों का, बेटियों का आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण और सबसे जरूरी आर्थिक सशक्तिकरण। बहनें गरीब क्यों रहें, उनकी आंखों में आंसू क्यों हों, वो मजबूर क्यों रहें, वह भी आर्थिक रूप से सक्षम बने और उनके चेहरे पर भी मुस्कुराहट रहे।

# यूएन विमेन मुख्यालय की नीति विशेषज्ञ बोलीं, महिला सुरक्षा केवल कागजी नीतियों तक सीमित नहीं, व्यावहारिक रूप से लागू होना चाहिए

### नरोन्हा प्रशासन अकादमी में पहली रीजनल कॉन्फ्रेंस



**भोपाल।** महिला सुरक्षा शाखा, यू.एन. विमन, पर्यटन विभाग एवं नरोन्हा प्रशासन अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल को लेकर रणनीतिक पूर्वानुमान और आगामी प्राथमिकताएं विषय पर प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मिन्टो हॉल में किया गया। वहीं सम्मेलन आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में आयोजित किया गया।

सम्मेलन के दौरान यूएन विमेन मुख्यालय की नीति विशेषज्ञ कैथरीन ट्रैवर्स ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े नीतिगत व व्यवहारिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिला सुरक्षा केवल कागजी नीतियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे व्यवहारिक रूप से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं की शहरी गतिशीलता, सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन और डिजिटल सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया। विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा शाखा) प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने इस सम्मेलन को महिला सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

### एडीजी बोले- महिला व बच्चों के खिलाफ बढ़ा साइबर क्राइम



कार्यक्रम में साइबर अपराध और महिलाओं की डिजिटल गोपनीयता की रक्षा पर भी विशेष चर्चा हुई। एडीजी (साइबर क्राइम) साईं मनोहर ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों में वृद्धि हो रही है, लेकिन अधिकांश मामले रिपोर्ट नहीं होते। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रहे हैं और महिलाओं की निजी तस्वीरों व वीडियो के दुरुपयोग के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने आईटी अधिनियम 2000 और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मुबई पुलिस के एसीपी ने जेंडर-रिस्पॉन्सिबल पुलिसिंग पर दिया बल

कॉन्फ्रेंस में मुंबई पुलिस के एडिशनल सीपी (क्राइम) शशिकुमार मीणा ने 'जेंडर-रिस्पॉन्सिबल पुलिसिंग' की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए पहल चला रही हैं, जिससे छात्राएं खुलकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें। इसके अलावा, मोबाइल विक्टिम सपोर्ट यूनिट, मोहल्ला कमेटी और वन-स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एमपी ट्रांसको की मातृशक्ति का किया गया सम्मान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर तरंग ऑडीटोरियम रामपुर में मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की मातृशक्ति का सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्यालय जबलपुर स्थित सभी नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स महिला कार्मिकों को सम्मानित किया गया। मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ महिलाओं के प्रति आदर व्यक्त करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उन तमाम मातृशक्ति की उपलब्धियों का सम्मान करने का अवसर है। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने कहा कि देश एवं समाज के सर्वांगीण विकास के लिये महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी और उनका प्रोत्साहन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होने के लिए नौकरी या व्यवसाय करना चाहिए। मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह ने कहा कि मातृशक्ति के कारण हम सबका अस्तित्व है। आज पॉवर सेक्टर में भी महिलाओं का बोलबाला है और जनरेशन जैसी कंपनी में भी मातृ शक्ति पॉवर हाउस जैसी कठिन जगह पर कार्य कर रही हैं। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सीजीएम नीता राठौर ने कहा कि भारत में महिला प्रारंभ से ही शक्ति के रूप में पूजी जाती रहीं है।

# महिलाओं के लिए काम करने वाली महिलाओं का सम्मान

▶ महिला दिवस पर निर्भया फाउंडेशन ने आयोजित किया कार्यक्रम




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर निर्भया फाउंडेशन ने भानपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश में महिलाओं के लिए काम करने वाली 28 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ संघर्ष से आत्म निर्भर होने वाली दो महिलाओं को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में खेल जगत की 55 वर्षीय पर्वतारोही ज्योति रात्रे, सागर की वॉलीबॉल खिलाड़ी और कोच अनिता राजपूत, पांच लाख महिलाओं और युवतियों को मुफ्त मार्शल आर्ट्स सिखाने वाली नीतू शर्मा, प्रदेश के लिए गोल्ड और सिल्वर पदक जीतने वाली फुटबॉल खिलाड़ी तनिष्का उइके, शूटिंग खिलाड़ी योगेश्वरी बाईस, यश ग्रुप और यश विजन एंटरटेनमेंट कंपनी की संस्थापक नंदिनी राजपूत, रायसेन की सुनीता आर्य, भोपाल की नीता दीप, राशिदा रियाज हुसैन, डॉ. रश्मि अग्रवाल, दुर्गा मिश्रा सहित अन्य महिलाओं का सम्मान किया गया।

### महिलाओं ने लिया तांगा सवारी का आनंद

महिलाओं टॉय ट्रेन, बैटरी रिक्शा और तांगा की सवारी का आनंद लिया। इसके साथ विश्व के सात अजूबे जिनमें ताजमहल, टाइटैनिक, मुंबई का ताज होटल, बुर्ज दुबई, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी, एयरपोर्ट शामिल थे।

भोपाल
रविवार, 9 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष–10
वर्ष : 11, अंक : 344
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 31
न्यूून. 16

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**फॉर्मूले से किया साबित...**

## हार्वर्ड के वैज्ञानिक ने भी माना भगवान मौजूद हैं



*नई दिल्ली। भगवान को लेकर दुनिया में दो मूलतः प्रकार की सोच रखने वाले लोग हैं। एक लोग आस्तिक यानी ईश्वरवादी होते हैं तो दूसरे नास्तिक यानी अनीश्वरवादी। नास्तिक विचारों वाले लोगों का तर्क होता है कि प्रमाण के साथ बताया जाए कि भगवान का अस्तित्व है। इसी बीच ईश्वर के अस्तित्व को लेकर हावर्ड खगोल भौतिक वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर डॉ. विली सून ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया है कि एक गणितीय सूत्र भगवान के अस्तित्व का अंतिम प्रमाण हो सकता है।* शेष पेज 4 पर

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी: भारत और न्यूजीलैंड आज भिड़ेंगे फाइनल में**

# टीम इंडिया के सामने 12 साल बाद 'चैंपियन' बनने का मौका

दोपहर ढाई बजे से होगा दुबई में मुकाबला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड आज यानी 9 मार्च को दुबई में आमने-सामने होंगे। भारतीय टीम के पास 12 साल बाद चैंपियन ट्रॉफी जीतने का शानदार मौका है। टीम इंडिया ने आखिरी बार साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। पिछली बार पाकिस्तान ने साल 2017 में टीम इंडिया का लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया था लेकिन इस बार टीम इंडिया किसी भी सूरत में खिताब पर कब्जा जमाना शेष पेज 4 पर




### दोनों टीमों का स्क्वाड

*न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम: विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओ' रूर्के, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, नाथन स्मिथ*

*भारतीय क्रिकेट टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।* पढ़ें पेज 11 भी

**शतरंज खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम की कहानी**

# तीन वर्ष की उम्र में पिता को खोया, संघर्ष को गले लगाया, अब जीता 'प्राग मास्टर्स' खिताब

पोलैंड में प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर के लिए वाइल्ड कार्ड मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्राग मास्टर्स में खिताब जीतने वाले अरविंद चिदंबरम वैश्विक शतरंज में डी गुकेश और आर प्रज्ञानंद की तुलना में देर से उभरे हैं और 25 साल की उम्र में उन्होंने जिस तरह से जीवन की बाधाओं को पार किया है, उसे देखते हुए लगता है कि वह प्रगति करते रहेंगे।

मदुरई में जन्में अरविंद जब तीन वर्ष के थे, उन्होंने अपने पिता को खो दिया था और उनकी मां एलआईसी एजेंट के रूप में काम करती थीं।



उन्होंने मदुरई छोड़कर चेन्नई में बसने का फैसला किया जो भारत की अनौपचारिक शतरंज की राजधानी है। अब वर्षों के त्याग और कड़ी मेहनत का फल आखिरकार अरविंद को मिल रहा है। विश्व चैंपियन गुकेश वेल्लामल स्कूल में पढ़ते थे और अब वहीं से एक और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिल गया है।

अरविंद आखिरकार गुकेश के सीनियर हैं। अरविंद को प्राग में जीत से पोलैंड में प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर के लिए वाइल्ड कार्ड मिल गया है। उन्होंने कहा- टूर्नामेंट के दौरान मुझे निमंत्रण मिल रहे हैं और ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड और ब्लिट्ज (टूर्नामेंट) उनमें से एक है। आम तौर पर विश्व रैंकिंग में शीर्ष-20 में जगह बनाने पर शीर्ष टूर्नामेंट शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### एएमयू में होली मनाने छात्रों को मिली इजाजत



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने होली मनाने को लेकर अपने पुराने रुख से यू-टर्न लेते हुए छात्रों को 13 और 14 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में नॉन रेजिडेंट स्टूडेंट क्लब में होली मनाने की इजाजत दे दी है। पिछले कुछ दिनों से जारी यह विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था। इस बीच विवि ने अपना रुख नरम कर इसकी इजाजत दे दी है।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो की मौत




**शाजापुर।** सुनेरा थाना क्षेत्र में ओरिएंटल कंपनी के गोदाम के पास प्याज से भरे लोडिंग वाहन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा निवासी बंटी मालवीय और बद्री पाटीदार की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह की है। दोनों व्यक्ति छोटे लोडिंग वाहन से शाजापुर मंडी आ रहे थे।

### मायके नहीं जाने दिया तो मासूम समेत फांसी



**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के पथरेहटा गांव में एक घर में महिला और उसकी दो साल की बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मां बेटी के शव फंदे पर मिलने से सनसनी फैल गई। बरही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर रात बरही अस्पताल पहुंचाए। ससुराल पक्ष का कहना है कि महिला मायके जाना चाहती थी और नहीं जाने देने पर उसने आत्मघाती कदम उठाया।

**लखपति दीदी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा- हमारी सरकार महिलाओं के लिए काम करती है**

# आज भारत महिला नेतृत्व वाले 'विकास' के रास्ते पर चल पड़ा

ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है



**2014** के बाद से केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी

एजेंसी ▶▶ नवसारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नवसारी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखपति दीदियों से बातचीत की। इस कार्यक्रम के दौरान, पीएम मोदी ने दस चयनित लखपति दीदियों से बातचीत की और उनमें से पांच को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी मौजूद थे। वानसी-बोरसी में लखपति दीदी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शास्त्रों में नारी को शेष पेज 4 पर

*◆ पीएम ने कहा कि मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं बहनों, बेटियों का आशीर्वाद है और यह लगातार बढ़ रहा है और इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं*

हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है



### मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला दिवस हम सभी के लिए महिलाओं से प्रेरणा लेने, उनसे सीखने का दिन है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं और धन्यवाद करता हूं। मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद है और यह लगातार बढ़ रहा है और इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं।

### आप में से भी कोई सांसद या विधायक बनेंगी

मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में सबसे गर्व की बात यह है कि एक सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाली हमारी राष्ट्रपति ने इस बिल पर मुहर लगाई। वह दिन दूर नहीं जब आप में से कोई सांसद या विधायक बनेगा। गांधी जी कहते थे कि देश की आत्मा ग्रामीण भारत में बसती है। आज मैं इसमें एक और पंक्ति जोड़ता हूं- ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है।

### विकसित भारत में नारी शक्ति बड़ी भूमिका निभाएगी

पीएम ने कहा कि यहां नवसारी के इस कार्यक्रम में हम नारी शक्ति के सामर्थ्य को देख सकते हैं। इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं ने संभाली है। इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी और अधिकारी सभी महिलाएं हैं। कांस्टेबल, एसपी, डीएसपी से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक, यहां सुरक्षा व्यवस्था महिलाओं द्वारा संभाली जा रही है। यह नारी शक्ति के सामर्थ्य का एक उदाहरण है। जब मैं आप सभी से मिलता हूं, तो मेरा विश्वास मजबूत होता है कि एक विकसित भारत का संकल्प पूरा होकर रहेगा और नारी शक्ति इसमें बड़ी भूमिका निभाएगी।

### महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी शेष पेज 4 पर

***लोग मोबाइल** टॉर्च की रोशनी में खेत खोद रहे*



# असीरगढ़ किले के गांव में सिक्कों की तलाश में खुदाई

'छावा' फिल्म के बाद अफवाह ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूरी पर इंदौर इच्छापुर हाइवे पर खंडवा रोड़ पर ऐतिहासिक असीरगढ़ किले के लिए मशहूर असीर गांव आजकल खजाने के लिए खेतों में हो रही खुदाई के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। चार महीने पहले यहां खेतों में सोने के सिक्के होने की अफवाह फैलने पर लोगों ने यहां खेत की खुदाई की थी। अब पिछले तीन दिन से फिर यहां खुदाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ आधी रात को मोबाइल टॉर्च के उजाले में खेतों को खोद रही है। दावा है कि यहां सोने के सिक्के मिल रहे हैं। वहीं वीडियो सामने आने पर निंबोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। यहां लोग तो नहीं मिले लेकिन हर तरफ खोदे गए गड्ढे नजर आए। फिल्म छावा के बाद संभवतः यह अफवाह उड़ी। फिल्म में दिखाया है कि औरंगजेब ने किले में अपनी टकसाल बनाई थी। इसका खजाना खेतों में दबा है।



देवेंद्र पाटीदार
पुलिस अधीक्षक



### रात 3 बजे तक करते हैं खुदाई

बुरहानपुर जिले के असीरगढ़ निवासी वसीम खान ने बताया कि हारून सेठ का खेत है। वहां सोने के सिक्के निकल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है शाम 7 बजे के बाद से खेतों में लोग पहुंच जाते हैं। रात 3 बजे भीड़ तक खुदाई करती रहती है। इसके चले खेत मालिक भी परेशान हैं। बुरहानपुर जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार कहा कि जांच करवाते हैं। खुदाई करते कोई मिलता है तो कार्रवाई करेंगे।

**राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल**

## 'तेरे मेरे सपने' नाम से 9 राज्यों में खुलेगा प्री-मैरिटल काउंसलिंग केंद्र



मप्र में ये केंद्र भोपाल में खोला जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विवाह पूर्व परामर्श (प्री-मैरिटल काउंसलिंग) केंद्रों की एक नई पहल तेरे मेरे सपने की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य शादी से पहले युवाओं को मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से तैयार करना है ताकि वे अपने रिश्ते को बेहतर तरीके से समझ सकें और एक सफल शेष पेज 4 पर

**साल भर पहले सीईओ बने जैन हटाए गए**

## मंत्री प्रहलाद पटेल के दामाद श्यामवीर बने बीडीए सीईओ



रूही खान को उपसचिव एमएसएमई की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ और उज्जैन के अपर कलेक्टर को हटा दिया है। भोपाल विकास प्राधिकरण में अब आईएएस अफसर श्याम वीर को सीईओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्याम वीर मंत्री प्रहलाद पटेल के दामाद हैं। वहीं दो माह से पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत रूही खान को भी सरकार ने काम सौंप दिया है। शासन ने उन्हें उप सचिव एमएसएमई के पद पर पदस्थ शेष पेज 4 पर

**उमरिया कलेक्टर के फैसले पर हैरानी**

## महिला को 'जिलाबदर' किया कलेक्टर पर 25 हजार जुर्माना



हाईकोर्ट ने कमिश्नर से कहा- डाक पर मुहर लगाने का कर रहे काम आदेश रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक महिला के खिलाफ की गई जिलाबदर की कार्रवाई को रद्द कर दिया। कोर्ट ने उमरिया कलेक्टर के फैसले पर हैरानी जताई और 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही कमिश्नर पर भी तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा-संभागायुक्त अपने विवेक से काम नहीं करते हैं। किसी डाकघर की तरह आई हुई डाक पर मुहर लगाने का काम कर रहे हैं। उमरिया निवासी माधुरी तिवारी शेष पेज 4 पर

*अपनी 3 पोतियों से किया था गौतम अडाणी ने यह भावुक वादा और ली थी प्रतिज्ञा*

# एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद करना, जहां उनकी आकांक्षाओं की कोई सीमा न हो, जहां उनको चरित्र व योगदान से मापा जाए

जहां उनकी आवाज़ किसी भी पुरुष की तरह ही सम्मान के साथ गूंजे

**नारी शक्ति को प्रणाम**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**अलग खबर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के मौके पर गौतम अडाणी ने नारी शक्ति को प्रणाम करते हुए अपनी मां, पत्नी और पोतियों के प्रति भावुक संदेश लिखा। अडाणी ने अपने जीवन से जुड़ी एक प्रेरक कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि यह कहानी मेरे दिल में बहुत खास जगह रखती है।

### महिलाएं जो मेरी दुनिया बनाती हैं


बनासकांठा के रेगिस्तानी इलाकों में पले-बढ़े, लेकिन मैंने अपनी मां को जीविका में और कठिनाई को सामंजस्य में बदलते देखा। वह एक मूक शक्ति थी जिसने हमारे बड़े संयुक्त परिवार को एक साथ संजो कर रखा। अथक प्रयास, अडिग प्रेम, साहस का परिचय दिया। कठिनाइयों से कभी हार नहीं मानी। मैंने उनमें शांत नेतृत्व, निस्वार्थता और सुंदर दृढ़ता का सार देखा। इसके बाद मेरे जीवन में मेरी पत्नी प्रीति हमारे फाउंडेशन की पहल की एक प्रेरक शक्ति बन गईं, जिसने पूरे भारत में लाखों लोगों के जीवन को प्रगति एंव उन्नति की ओर लेकर जाने में सहायता की।



### आपकी प्रतिभा का स्वागत खुले दरवाज़ों से हो, न कि कांच की छतों से

अडाणी ने अपनी बेटियों के बारे में बात करते हुए कहा कि मेरी प्यारी बेटियों आपको जो दुनिया विरासत में मिलेगी, वह ऐसी होनी चाहिए जहां आपकी प्रतिभा का स्वागत खुले दरवाजों से हो, न कि कांच की छतों से। जहां आपकी महत्वाकांक्षाओं पर कभी सवाल न उठाया जाए, केवल प्रोत्साहित किया जाए। जहां आपकी आवाज़ न शेष पेज 4 पर

उन्होंने बताया कि मेरी एंटरप्रन्योर बनने की यात्रा में हीरे का व्यापार शुरुआती प्वाइंट था। अडाणी ने कहा कि उन महिलाओं को सलाम करता हूं, जिन्होंने उन्हें बनासकांठा में उनके बचपन से लेकर उनकी उद्यमशीलता की यात्रा तक प्रेरित किया। एक दशक पहले जब मैंने अपनी पहली पोती की नाज़ुक अंगुलियों को सहलाया था, मैंने एक मौन प्रतिज्ञा की थी, एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद करना जहां उसकी आकांक्षाओं की कोई सीमा न हो, जहां उसकी आवाज़ किसी भी पुरुष की तरह ही सम्मान के साथ गूंजे और जहां उसकी कीमत सिर्फ उसके चरित्र और योगदान से मापी जाएगी। अब तीन खूबसूरत पोतियों के साथ, यह वादा पहले से कहीं ज़्यादा उज्ज्वल हो गया है।



## विद्या भारती के पूर्णकालिक कार्यकर्ता वर्ग का समापन

# अपने जीवन में तकनीक को साधन बनाएं, साध्य नहीं : सुरेश सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या भारती के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल व्यक्तिगत या सांगठनिक स्तर तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज और विशेष रूप से शिक्षा जगत में प्रभावी हस्तक्षेप आवश्यक है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग अवश्य करें, लेकिन यह ध्यान रखें कि यह हमारी मौलिक बुद्धिमत्ता को कमजोर न करे। तकनीक को साधन बनाएं, साध्य नहीं। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कही। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता वर्ग का भव्य समापन शनिवार को राजधानी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, शारदा विहार में हुआ।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कार्यकर्ताओं को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। समारोह के दौरान विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष दूसी रामकृष्ण राव ने पांच दिवसीय अभ्यास वर्ग (3 से 8 मार्च) की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रारंभ में डॉ. राम कुमार भावसार ने अतिथियों का परिचय कराया, जबकि प्रांत अध्यक्ष मोहन लाल गुप्ता एवं सचिव डॉ. शिरोमणि दुबे ने स्वागत किया। देशभर से आए 700 से अधिक पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं ने इस अभ्यास वर्ग में भाग लिया, जिनमें विद्या भारती के शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल हुए।



### मानव की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताएं प्रभावित हो रही हैं: सोनी

वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव और उससे उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि तकनीक की प्रगति से मशीनों की क्षमता बढ़ रही है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों के चलते मानव की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताएं प्रभावित हो रही हैं। डिजिटल युग की प्रवृत्तियों पर चिंतन करते हुए उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति यात्रा भले ही विमान, बस या कार में कर रहा हो, लेकिन उसका मन वर्चुअल दुनिया में विचरण कर रहा होता है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे व्यक्ति को वास्तविकता से दूर ले जा रही है, जिससे समाज और पारिवारिक जीवन पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

### विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठता स्थापित कर रहे: मुख्यमंत्री

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में भगवान राम और लक्ष्मण पर महर्षि विश्वामित्र के विश्वास का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महर्षि ने असुरों के संहार के लिए राजा दशरथ से विशाल सेना नहीं मांगी, बल्कि उन्होंने भगवान राम की गुरुकुल में प्राप्त शिक्षा और संस्कारों पर भरोसा जताया। इस संदर्भ में विद्या भारती के गुरुकुलों और सरस्वती शिशु मंदिरों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां से अध्ययनरत विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठता स्थापित कर रहे हैं।

### भोपाल में दो प्रमुख द्वारों का निर्माण किया जाएगा

*मुख्यमंत्री ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि भोपाल नगर में दो प्रमुख द्वारों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें एक राजा भोज के नाम पर और दूसरा राजा विक्रमादित्य के नाम पर रहेगा। यह निर्णय देश के गौरवशाली इतिहास और परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।*

### राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प, विचार, व्यवहार व संगठनात्मक कार्यशैली पर गहन मंथन

*विद्या भारती के इस अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता वर्ग में विचार, व्यवहार एवं संगठनात्मक कार्यशैली पर गहन मंथन हुआ। विभिन्न सत्रों में शिक्षा, समाज एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अभ्यास वर्ग ने कार्यकर्ताओं को नवीन दृष्टिकोण, प्रभावी रणनीति और समर्पण भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर ने आभार प्रदर्शन किया और अंत में वंदे मातरम् का गान हुआ।*

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी मंच कल करेगा विधानसभा का घेराव

**भोपाल।** स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारियों की मांगों को लेकर मप्र कर्मचारी मंच सोमवार को विधानसभा का घेराव करेगा। कर्मचारी अपनी मांगों का ज्ञापन भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपेंगे। यह निर्णय शनिवार को मप्र कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति ने लिया है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि स्थाई कर्मियों सातवां वेतनमान का लाभ देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने और अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्ण कार्य कलेक्टर रेट का वेतन देने की मांगों की अनदेखी की जा रही है, इसलिए निर्णय लिया है कि विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

### जल संसाधन कर्मचारियों की बैठक कल

**भोपाल।** नियमितीकरण, वेतन वृद्धि, कार्यभारित को चौथा समयमान वेतनमान, अनुबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटरों को संविदा नियुक्ति, न्यायालयीन निर्णय का पालन करने समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार को जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों की बैठक होगी। मप्र कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व सदस्य वीरेंद्र खोंगल, प्रांताध्यक्ष सुरेंद्र निगम की अध्यक्षता में जल संसाधन विभाग, तुलसी नगर में बैठक कर कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर उनके निराकरण की रणनीति बनाई जाएगी।

### एनएसयूआई ने टॉर्च जलाकर जताया विरोध

**भोपाल।** एबीवीपी के पूर्व संगठन मंत्री भगवान सिंह राजपूत (मेवाड़ा) द्वारा आदिवासी बच्ची के साथ किए गए रेप की घटना के विरोध में मध्यप्रदेश एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में आक्रोश मशाल मार्च निकाले जाने की तैयारी थी। इसी दौरान मौके पर तैनात भारी पुलिस बल ने मशाल जुलूस निकालने से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को रोका तो उन्होंने मोबाइल की टॉर्च जलाकर विरोध जताया। साथ ही नारेबाजी की। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए। इस मौके पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि यह घटना न केवल शर्मनाक है, बल्कि सरकार और प्रशासन की विफलता को भी उजागर करती है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के वाहन किए रवाना

# सीएम ने राज्य स्तरीय विजेताओं को दी एक-एक लाख रुपए की सम्मान निधि

### सीहोर के समूह सदस्यों को 200 ई-साइकिल वितरित


### महिलाओं को अधिकार देने से समाज में आते हैं सकारात्मक बदलावः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिलाओं को अधिकार देने से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। भारत विश्व का एक मात्र ऐसा देश है जो अनादिकाल से मातृ शक्ति का सम्मान करता रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 19 हजार से अधिक बहनों का कन्यादान सरकार की ओर से किया गया है।



अब तक 115 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। आहार अनुदान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्र में देश में चार करोड़ से अधिक मकान बनने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अतंरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार भी वितरित किए। सीहोर जिले के समूह सदस्यों को 200 ई-सायकिल वितरित करने के साथ आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के 3 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।




### सभी पुलिस थानों में महिला डेस्क की स्थापना की गईः डीजीपी

*पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि 'हम होंगे कामयाब' अभियान में 984 सार्वजनिक स्थलों का सर्वेक्षण किया गया था। पुलिस विभाग की महिला सुरक्षा शाखा ने अभिमन्यु सर्वेक्षण किया था, जिसमें 48 हजार विभिन्न वर्गों के महिला-पुरूषों की प्रश्नावली तैयार की गई थी। इसका विश्लेषण आईआईएम इंदौर ने किया। एक सुरक्षा ऑडिट भी किया गया है। सभी पुलिस थानों में महिला डेस्क की स्थापना की गई है। कई बार देखा गया है कि दुर्भाग्वश जो संबंध विच्छेद हो जाते है जिनमें महिलाओं के भरण-पोषण एक महत्वपूर्ण समस्या देखी गई है।*

### यह समय 'वुमेन लेड गवर्मेंट' का हैः शर्मा

*सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि यह समय 'वुमेन लेड गवर्मेंट' का है। भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने और लैगिंक समानता को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं।*

### माधुरी मोयदे को राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार से किया सम्मानित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए। इसमें सभी विजेताओं को एक-एक लाख रुपए की सम्मान निधि के साथ प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने इंदौर की माधुरी मोयदे को 12 वर्ष की बालिका को बुजुर्ग पड़ोसी के शोषण से बचाने के लिए राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार, वर्ष 2023 के राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार श्योपुर की कोमल किन्नर को दिया गया।

### भारती अग्रवाल को राजमाता विजयाराजे सिंधिया पुरस्कार

*बैतूल की भारती अग्रवाल को शहरी क्षेत्र में 158 और ग्रामीण क्षेत्र में 868 स्व-सहायता समूहों का गठन एवं सेनेटरी पैड्स के निर्माण, वितरण, कौशल उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिए वर्ष 2024 के राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाजसेवा पुरस्कार, मंदसौर जिले की अनामिका फाउंडेशन की संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनामिका जैन को रानी अंवती बाई वीरता पुरस्कार दिया गया।*

### इंदौर के महेंद्र पाठक को मिला सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के महेन्द्र पाठक को विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया। पाठक ने 20 वर्षों से सतत बाल विवाह विरोधी उड़न दस्ते के संयोजक के रूप में कार्य करते हुए 1200 से अधिक बाल विवाह रोके हैं। उनका नाम इसके लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। पुरस्कार स्वरूप उन्हें भी एक लाख रुपए की सम्मान निधि, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। छतरपुर जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना यादव, राजगढ़ जिले की सोलो सायक्लिस्ट सुश्री आशा मालवीय और धार जिले के वन स्टॉप सेंटर की चेतना राठौर को भी उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

### जैविक हाट बाजारों का शुभारंभ सिंगल क्लिक से किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के छह प्रमुख शहरों भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं धार में जैविक हाट बाजारों का शुभारंभ सिंगल क्लिक से किया। मुख्यमंत्री ने वित्तीय साक्षरता अभियान का शुभारंभ, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयूजीकेवाय) के तहत विशेष रूप से युवितयों के लिए 5 प्रशिक्षण बैच, आरसेटी के माध्यम से बालाघाट, डिण्डोरी एवं अलीराजपुर जिलों में पारंपरिक कला एवं शिल्प के प्रोत्साहन के लिए कौशल प्रशिक्षण का डिजिटल शुभारंभ किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि व प्रमुख सचिव महिला बाल विकास रश्मि अरूण शमी, आयुक्त महिला बाल विकास सूफिया फारूख वली भी मौजूद रहीं।

## अस्पताल में चूहे का वीडियो शेयर कर सिंघार ने मप्र सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की खस्ता हालत पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अस्पतालों में चूहों के आतंक और बच्चा वार्ड की अव्यवस्था को उजागर करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ऑक्सीजन की कमी से एक बच्ची की मौत के मामले में सरकार और अफसरशाही की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक्स पर लिखा- मंडला जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में चूहों का आतंक है। यह स्थिति न सिर्फ हैरान करने वाली है, बल्कि अस्पतालों की खस्ता हालत की पोल भी खोल देती है। मरीजों के बिस्तरों पर चूहे घूमते हुए देखे जा रहे हैं, जिससे मरीजों में भय का माहौल बन गया है। यह हालात दशार्ते हैं कि सरकारी अस्पतालों की सफाई और देखभाल के नाम पर किए सरकार के वादे झूठे हैं। इसका वीडियो भी सिंघार ने एक्स पर शेयर किया है। सिंघार ने लिखा कि अब मंत्री संपतिया उइके ने अस्पताल प्रबंधन को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए हैं तो यह सवाल उठता है कि क्या प्रबंधन को मंत्री के आदेश का इंतजार करना जरूरी था? क्या यही स्थिति तब तक रहती, अगर मंत्री की नजर नहीं पड़ती?।

## राज्य पुरातत्व संग्रहालय देखने पहुंचा पनगढ़िया, पांडा परिवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के परिवार और डॉ. मनोज पांडा के परिवार ने राज्य पुरातत्व संग्रहालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थीम गैलरी, आर्काइव्स गैलरी, स्कल्पचर गैलरी, शस्त्र गैलरी, ब्रोंज गैलरी, मैनुस्क्रिप्ट गैलरी सहित कई अन्य गैलरी का निरीक्षण किया। उन्होंने संग्रहालय के समृद्ध संग्रह और प्रदर्शनों की सराहना करते हुए कहा कि संग्रहालय बेहद सूचनात्मक हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद

## माधवराव सिंधिया की जयंती दस को भजन संध्या सहित कई आयोजन होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 80वीं जयंती 10 मार्च को मनाई जाएगी। इस दौरान भजन संध्या अम्मा महाराज की छत्री कटोरा ताल रोड पर शाम 4:30 बजे होगी। भजन संध्या में दिल्ली की प्रसिद्ध गायिका चित्रा राय, ग्वालियर के राजेन्द्र पारिख एवं शिनी सोनोने भजन प्रस्तुत कर स्वरांजली अर्पित करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल, मुन्नालाल गोयल एवं बाल खाण्डे ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को दी। तोमर ने बताया कि माधवराव सिंधिया की जयंती पर सिंधिया सपरिवार और मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।




### धर्मगुरुओं का करेंगे सम्मान

*सुबह 9 बजे नदी गेट एवं छत्री में स्थित स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा सहित विभिन्न स्थानों पर लगी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस मौके पर चारों धर्मों के धर्मगुरू संत कृपाल सिंह, अब्दुल अजीज कादरी (शहर काजी), ढोली बुआ महाराज, रमेश लाल, बलजीत सिंह एवं फादर संजय भौंसले का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया जाएगा।*

## पक्षकारों को 59 करोड़ 68 लाख 68 हजार 650 रुपए की अवार्ड राशि पारित

# नेशनल लोक अदालत में 27371 मामले आपसी समझौतों से हुए निराकृत

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया शुभारंभ

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को जिला अदालत में आयोजित नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी रजामंदी एवं सहमति से समझौता योग्य 27371 लंबित एवं विचाराधीन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर पक्षकारों को 59 करोड़ 68 लाख 68 हजार 650 रुपए की मुआवजा व समझौता राशियों के अवार्ड पारित किए।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए न्यायाधीशों एवं वकीलों की 61 खण्डपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान



जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने जिला अदालत परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलितकर किया। इस मौके पर विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आरती शर्मा, विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, न्यायाधीश प्रदीप कुमार बरकड़े ,विशेष न्यायाधीश शैलजा गुप्ता, अतुल सक्सेना, कुटुंब न्यायालय की अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश वर्षा शर्मा, सीजेएम अग्निनेंद्र कुमार द्विवेदी, जिला रजिस्ट्रार भारत सिंह रघुवंशी, नगर निगम मजिस्ट्रेट तरुणेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक खरे सहित अन्य न्यायाधीशगण, वकील, न्यायिक कर्मचारी और पक्षकार उपस्थित थे।

### पीड़ित को राहत

*सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजन एवं बीमा कंपनी के बीच नेशनल लोक अदालत के माध्यम से हुए समझौते के तहत एक करोड़ पचास लाख रुपए की राशि का चैक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं न्यायाधीश विवेक सक्सेना द्वारा मृत व्यक्ति के परिजन को प्रदान किया गया।*

### 15 प्रकरणों का किया निराकरण

राज्य उपभोक्ता आयग में लोक अदालत के दौरान 12 प्रकरण रखे गए, जिसमें 11 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में 52 लाख 14 हजार 337 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। भोपाल जिले में जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक 1 में 50 प्रकरण भेजे गए थे, जिसमें 30 प्रकरण लोक अदालत में रखे गए। आठ प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिसमें 6 लाख 12 हजार रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। वहीं जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक 2 के कुल 35 प्रकरण भेजे गए थे, जिसमें 30 प्रकरण लोक अदालत में रखे गए और 15 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इन प्रकरणों में में 1 करोड़ 38 लाख 86 हजार 244 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। प्रदेशभर में कुल 802 प्रकरण लोक अदालत के लिए भेजे गए थे, जिसमें लोक अदालत के दौरान 705 प्रकरण रखे गए। इनमें से 453 प्रकरणों का निराकरण हुआ। सभी जिलों में कुल 6 करोड़ 67 लाख 40 हजार 713 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई।

### नगर निगम के वार्डों में लगे शिविर

**भोपाल।** नेशनल लोक अदालत के तहत नगर निगम के वार्ड कार्यालयों, जोन कार्यालयों और शिविरों में करदाताओं ने प्रॉपर्टी और जलदर सहित अन्य प्रकरणों में अधिभार में दी जा रही छूट का फायदा लेकर 13 हजार 700 से अधिक करादाताओं ने 18 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा कराई। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण के आदेश पर नेशनल लोक अदालत के लिए शिविरों का आयोजन किया गया था। जिसके तहत शनिवार को निगम के सभी वार्ड कार्यालयों, जोन कार्यालयों और आयोजित शिविरों में सुबह से ही करदाताओं के आने का सिलसिला शुरु हो गया। अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ उठाकर 13 हजार 700 से अधिक करदाताओं ने अपने प्रकरणों का निराकरण कराकर करों की राशियों का भुगतान करते हुए निगम कोष में 18 करोड़ 2 लाख 12 हजार रुपए से अधिक की राशि जमा कराई।

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 6.33 बजे (शाम)
सहरी 5.11 बजे (सुबह)

मध्य प्रदेश में पहली उपलब्धि

# एम्स में 21 करोड़ के रोबोट से फ्री में हुई साढ़े तीन लाख में होने वाली स्पाइन सर्जरी

आयुष्मान से मरीज को फ्री मिला इलाज ले रहा स्वास्थ्य लाभ


यह तकनीक पेल्विक इंजरी के उपचार में भी महत्वपूर्ण

रोबोटिक सर्जरी में मानवीय त्रुटियां रक्तस्राव कम होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों ने दुर्लभ और जटिल रीढ़ की हड्डी की सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह सर्जरी 21 करोड़ रुपए की लागत वाले अत्याधुनिक रोबोट की मदद से की गई। जिसने डॉक्टरों को सटीक कट लगाने और किसी भी त्रुटि को तुरंत सुधारने में सहायता की। अब यह संस्थान मध्य प्रदेश का पहला ऐसा केंद्र बन गया है, जहां रीढ़ की हड्डी की जटिल सर्जरी रोबोटिक तकनीक से की जा रही है। रोबोटिक सर्जरी रक्तस्राव को कम करने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने और मरीजों के तेजी से स्वस्थ होने में भी सहायक होती है।





### इन डॉक्टरों ने दिया योगदान

एम्स के ऑथोपेंडिक विभाग में डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में डॉ. वीके वर्मा और डॉ. पंकज मिश्रा ने रोबोटिक तकनीक की मदद से दो सफल स्पाइन सर्जरी की। इन सर्जरी में एनेस्थीसिया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वैशाली और डॉ. जेपी शर्मा का भी विशेष योगदान रहा। दोनों मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### क्या है रोबोटिक स्पाइन सर्जरी ?

रोबोटिक स्पाइन सर्जरी एक ऐसी तकनीक है जिसमें कंप्यूटर और रोबोटिक सिस्टम की मदद से रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की जाती है। यह तकनीक सर्जन को ऑपरेशन के दौरान बेहतर दृश्यता और सटीकता प्रदान करती है, जैसे जीपीएस आपको सही रास्ता दिखाता है। हालांकि यह तकनीक पूरी तरह से स्वचालित नहीं है। इसमें एक कुशल सर्जन ही पूरी प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। सर्जरी से पहले और उसके दौरान, सर्जन को 3-डी इमेजिंग की मदद से ऑपरेटिंग एरिया को बेहतर ढंग से देखने और समझने में मदद मिलती है, जिससे सर्जरी अधिक सुरक्षित और प्रभावी हो जाती है।

### गरीब परिवार को मिली सहायता

आथोपेंडिक विभाग के प्रमुख डॉ. रेहान उल हक ने बताया कि यह तकनीक न केवल रीढ़ की हड्डी की सर्जरी में कारगर है, बल्कि पेल्विक इंजरी के उपचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस ऑपरेशन की बाजार में अनुमानित लागत करीब 3.5 लाख रुपए थी। हालांकि मरीज को यह इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह से मुफ्त में मिला। मरीज के परिवार के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं था, क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए इतनी महंगी सर्जरी कराना संभव नहीं था।

### रोबोटिक स्पाइन सर्जरी के फायदे

- सर्जरी की सटीकता बढ़ती है।
- जटिलताओं की संभावना कम होती है।
- पारंपरिक सर्जरी की तुलना में उतकों को कम नुकसान होता है।
- सर्जन को ऑपरेशन क्षेत्र को 3-डी में देखने में मदद मिलती है।

### अधिक सुरक्षित इलाज होगा

रोबोटिक सहायता से बच्चों में रीढ़ की हड्डी की विकृतियों, जैसे काइफोसिस और स्कोलियोसिस का इलाज अब और अधिक सुरक्षित व प्रभावी हो गया है।

**डॉ. अजय सिंह**, डायरेक्टर, एम्स भोपाल

## छुट्टी के दिन भी हुई 350 ई-रजिस्ट्री, आज भी करा सकेंगे रजिस्ट्री



**भोपाल।** चार दिन पहले संपदा के सर्वर में एरर आने से रजिस्ट्री में आ रही दिक्कत शनिवार को नहीं हुई, जिससे शाम तक शहर के परी बाजार, आईएसबीटी और बैरसिया स्थित पंजीयन दफ्तरों में 350 ई रजिस्ट्री दर्ज की गइ्रं। शुक्रवार को भी रिकार्ड 500 प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री दर्ज की गई थीं।

■ शनिवार को ठीक रही संपदा के सर्वर की रफ्तार

एक अप्रैल से प्रॉपर्टी के नए सिरे से रेट तय किए जाएंगे। जिसको लेकर मार्च माह में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त बढ़ गई है। अब 31 मार्च तक पंजीयन विभाग ने भी होली और पंचमी को छोड़कर शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री कराने का निर्णय लिया है। जिसके तहत शनिवार को छुट्टी वाले दिन 350 ई रजिस्ट्री दर्ज की गइ्रं। अब रविवार को भी पंजीयन दफ्तर खुले रहेंगे, जिससे प्रॉपर्टी के खरीदार रजिस्ट्री करा सकेंगे।

## जिम्मेदारों ने गोलमाल कर बताया नष्टीकरण

# छग से वापस आई 13 करोड़ की एक्सपायरी बियर को मप्र में बेचा

आबकारी ने 4 करोड़ 20 लाख की बियर को नष्ट करना बताया

आयुक्त आबकारी ने रायसेन के प्रभारी अधिकारी को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छह महीने पहले छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश वापस भेजी गई 13 करोड़ 22 लाख की एक्सपायरी डेट की बियर को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। विभाग के अफसरों ने मिलीभगत कर इसे मध्यप्रदेश की शराब दुकानों से बिकवा दिया, जिससे यहां के उपभोक्ताओं को रायसेन रोड स्थित सोम कंपनी में बनाई गई हंटर कंपनी की एक्सपायरी डेट की बियर पीना पड़ी।

मामले का खुलासा होने के बाद आनन फानन में रायसेन के जिला आबकारी अधिकारी ने 21 जनवरी 2025 को उक्त बीयर को नष्ट करने की जानकारी दे दी। आयुक्त आबकारी अभिजीत अग्रवाल का कहना है कि बिना अनुमति के छग से बीयर वापस लाने पर जिला प्रभारी अधिकारी को नोटिस दिया गया था। मध्यप्रदेश से सोम कंपनी की हंटर बीयर 50 ट्रक में भरकर छत्तीसगढ़ भेजी गई थी।



### ऐसे पकड़ में आई गड़बड़ी

आबकारी विभाग ने नष्टीकरण की गई बीयर की कीमत चार करोड़ 20 लाख रुपए बताई। जबकि इसकी कीमत 13 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक है। सोम की हंटर ब्रांड बियर की बाजार कीमत 220 रुपए प्रति बोतल के करीब है। यदि औसत एक बोतल की कीमत 200 रुपए भी मान ली जाए तो एक पेटी में 12 बियर की बॉटल होती हैं, जिससे इसकी कीमत 24 सौ रुपए हो गई। इस तरह 55 हजार 90 पेटी की कीमत 13 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक होती है। विभाग ने जानबूझकर नष्टीकरण की गई बियर की कीमत को आधे से भी कम दिखाया है।

### वापसी का प्रावधान नहीं

आबकारी एक्ट में निर्यात बीयर वापस लाने का कोई प्रावधान नहीं है। मप्र से निर्यात की गई बीयर सोम डिस्टलरी में किसकी परमिशन से ली गई, या तस्करी करके लाई गई, भाड़ा किसने दिया, वाहन कौन से थे, बिना अनुमति बड़ी संख्या में बीयर डिस्टलरी के अंदर प्रवेश कैसे करवा दी गई। इस सवालों के गोलमाल जवाब दिए जा रहे हैं। सोम कंपनी के मालिक जगदीश अरोरा से मोबाइल पर काल कर बात करने पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

### बियर नष्ट करने की प्रेस रिलीज की

रायसेन के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी ने बियर वापस आने के चार महीने बाद 21 जनवरी 2025 को अचानक से इस बीयर को नष्ट करने की प्रेस रिलीज जारी कर दी। मामले की जानकारी जब आबकारी आयुक्त को लगी तो उन्होंने रायसेन के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी को नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसमें 55 हजार 90 पेटी बीयर एक्सपायर होने से इसे सितंबर 2024 में मप्र वापस भेज दिया गया। जबकि छत्तीसगढ़ से मप्र बीयर लाने के लिए आबकारी आयुक्त की परमिशन भी नहीं ली गई। इसके साथ प्रदेश की शराब दुकानों से बीयर विक्रय कर दी गई।

## आबकारी को 1100 करोड़ की आमदनी होने की संभावना

# पंद्रह मिनट में बढ़ी शराब दुकानों की टेंडर कीमत, 16 टेंडर जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की 4 समूह की 87 शराब दुकानों की ई-टेंडर से नीलामी का काम शनिवार दोपहर से शुरू कर दिया है। जिसके लिए 16 टेंडर आए हैं। प्रत्येक15 मिनट में बोली बढ़ाने का सिलसिला जारी है। आबकारी विभाग अब रविवार सुबह 11 बजे इन टेंडर्स को खोलेगा।

इसके बाद शराब दुकान संचालन का ठेका लेने वालों के नाम का खुलासा होगा। इस बार जिले में शराब दुकानों से आबकारी विभाग को 11 सौ करोड़ से अधिक की आमदनी होने की उम्मीद है।



जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल का कहना है कि दोपहर 12 बजे तक चार समूह की ऑनलाइन नीलामी के लिए ई-टेंडर जमा किए गए हैं। इन समूहों की दुकानों के लिए 16 फर्मों ने ऑनलाइन अपने टेंडर डाले। दोपहर ढाई बजे के बाद टेंडर की बोली बढ़ाने का दौर शुरू हुआ।

### चारों समूहों की रिजर्व प्राइस

- बीपीएल-1 समूह की 19 दुकानों की आरपी 303.17 करोड़।
- बीपीएल-2 समूह की 16 दुकानों की आरपी 295.41 करोड़।
- बीपीएल-3 समूह की 25 दुकानों की आरपी 264.53 करोड़।
- बीपीएल- 4 समूह की 27 दुकानों की आरपी 210.73 करोड़।

### बोली को बढ़ा सकते हैं

*ई-टेंडर डालने वाली हर फर्म या ठेकेदार बोली को बढ़ा सकता है। यह प्रक्रिया रविवार सुबह साढ़े दस बजे तक ऑनलाइन जारी रहेगी।*

# यूका के जहरीले कचरे को जलाने से पीथमपुर के लोगों में दहशत, एनजीटी में लगी याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को पीथमपुर में जलाने से वहां के लोगों ने डर का माहौल बना हुआ है। इसका निराकरण करने के लिए राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) से वैज्ञानिक जांच कराई जाए। इसके साथ ही मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा नीरी के जांच निष्कर्षों की तुलना का अध्ययन किया जाए। इसके अलावा इन दोनों प्रमुख संस्थानों की जांच रिपोर्ट हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में समाचर पत्रों आदि में भी प्रकाशित की जाना चाहिए। इस आशय की याचिका शनिवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में याचिकाकर्ता डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने दायर की है।

### यह कहा है दर्ज याचिका में

याचिकाकर्ता डॉ. पीजी नाजपांडे के अनुसार पिटीशन में बेंच को बताया गया है कि यूका के कचरे के संबंध में उनके द्वारा पूर्व में दायर की याचिका में राज्य सरकार ने कहा था कि यूका कचरे के निष्पादन से किसी प्रकार के प्रदूषण अथवा पर्यावरणीय नुकसान नहीं होगा। इसे लेकर राज्य सरकार की ओर से अंडरटेकिंग दिया गया था कि यदि कोई शंका या समस्या है तो वैज्ञानिकों द्वारा उसका निराकरण दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इस मामले में एनजीटी के अधिवक्ता प्रभात यादव का कहना है कि यूका कचरे के निष्पादन को लेकर लोगों ने भारी आशंकाएं फैली हुई हैं।

हाल ही में हुआ था ऑपरेशन

# कैंसर से परेशान मरीज ने अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित जेके अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदकर कैंसर के मरीज ने आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार रात करीब 3 बजे की है। मृतक कैंसर से पीड़ित था, उसका कैंसर की तीसरी स्टेज का चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

बताया जाता है का मरीज का हाल ही में ऑपरेशन हुआ था। उसके टांके भी नहीं कटे थे और वह घर जाने की जिद कर रहा था।

### राजगढ़ का रहने वाला था युवक



जानकारी के अनुसार, राजेश कुमार ठाकुर (34) मूलरूप से राजगढ़ का रहने वाला था और खेती-किसानी करता था। राजेश को करीब एक साल से आतों का कैंसर था। उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसके दो ऑपरेशन हो चुके थे। परिजनों ने बताया कि वह बीमारी से परेशान हो गया था और तनाव में रहने लगा था। राजेश का कैंसर तीसरे स्टेज पर पहुंच गया था। उसका ऑपरेशन 28 फरवरी को जेके अस्पताल में हुआ था। वह जब से ही कैंसर वार्ड में भर्ती था। शुक्रवार रात परिजन वार्ड के बाहर बैठे हुए थे। रात करीब 3 बजे अचानक राजेश उठा और खिड़की की तरफ दौड़ने लगा, डॉक्टर और परिजनों ने देख कर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह तीसरी मंजिल से कूद गया और बेसमेंट में जा गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## जीमएसी के डॉ. कोशरिया बने एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया अध्यक्ष

**भोपाल।** कैंसर, गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. महिम कोशरिया को एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया मध्य प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है। वह 2025-26 के लिए इस पद पर कार्यरत रहेंगे। वर्तमान में डॉ. कोशरिया गांधी मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर और यूनिट सर्जिकल हेड के रूप में कार्यरत हैं।



## झूठे प्रकरणों और अवैध चालानी कार्रवाई को लेकर उप महाप्रबंधक से चर्चा की

विश्व महिला दिवस पर शुक्ला के साथ किया अनूठा प्रदर्शन

# बिजली कंपनी के अफसर को गुलाब सौंप कर महिलाओं ने मांगा बिजली बिल में न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली कंपनी की मनमानी, अनाप-शनाप बिलिंग, जुर्माना और कनेक्शन कटौती के विरोध में विश्व महिला दिवस पर स्थानीय महिलाओं ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के निर्देशन में महिलाओं ने रॉयल मार्केट स्थित बिजली कंपनी के अफ़सरों का घेराव कर उन्हें गुलाब सौंप कर विरोध जताया।

महिलाओं ने फूल सौंप कर बिजली विभाग के अफसर से राहत मांगी। रॉयल मार्केट स्थित कार्यालय जाकर उप महाप्रबंधक से झूठे प्रकरणों की कॉपी दिखाकर जवाब मांगा। उन्होंने बताया कि बिजली कंपनी ने बिना उनकी सहमति से मीटर निकाला और बिना किसी जानकारी के 40 हजार से 1 लाख 25 हजार तक के नोटिस दिए।



### बिजली कंपनी गरीब परिवारों के साथ करे इंसाफः शुक्ला

कांग्रेस नेता शुक्ला ने कहा कि पहले जब पंचनामा बनता था तो थर्ड पार्टी कमेटी बनाने का प्रावधान था, जो कंपनी ने समाप्त कर दिया है। पहले चालान पर इंटरेस्ट नहीं लगता था पर अब 16 प्रतिशत ब्याज लग रहा है, साथ ही पहले चालान पर देय तिथि नहीं होती थी पर अब देय तिथि डालने लगे हैं। इस तरह से चारों तरफ से गरीब आदमी को निचोड़ने का काम किया जा रहा है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर महिलाएं एकत्रित होकर समस्याओं का समाधान मांग रही हैं।

## 30वीं एमपी एपीकॉन सम्मेलन में आए देशभर के हार्ट और डायबिटीज विशेषज्ञ ने दिए सुझाव

बीते दस वर्षों में देश में मोटापा तीन गुना तेजी से बढ़ा

# मोटापे को कंट्रोल नहीं किया तो होगी डायबिटीज ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक व फेटी लीवर की बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारत में मोटापा महामारी की तरह फैल रहा है और समय रहते हुए इस पर काबू नहीं पाया तो भविष्य इसके घातक परिणाम सामने आएंगे। पेट के मोटापे से अनेक की प्रकार की बीमारियां होती हैं जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, फेटी लीवर, गुर्दे की बीमारी, खर्राटे, कैंसर आदि शामिल है।

यह जानकारी शनिवार को दो दिवसीय 30वीं एमपी एपीकॉन सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी मनोरिया ने कही। डॉ. मनोरिया ने बताया कि विगत दस वर्षों में हमारे देश में मोटापा तीन गुना तेजी से बढ़ा है। पेट के मोटापे को बॉडी मास इंडेक्स 23-27.5 अधिक वजन, कमर का घेरा पुरूष 90 सेमी से पहचाने।



### मरीजों को सस्ती दरों पर इलाज कराएं मुहैयाः मंत्री पटेल

*एमपी एपीकॉन सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सभी डॉक्टरों को मरीजों का सस्ते दरों पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करना चाहिए। शहर के चिकित्सकों को भी दूर दराज के क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने के लिए स्वयं आगे आना चाहिए ताकि ग्रामीण अंचलों के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके।*

### रोजाना व्यायाम और 10 हजार कदम जरूर चलें

डॉ. मनोरिया ने मोटापे बचने के लिए रोजाना व्यायाम और 10 हजार कदम जरूर चलना चाहिए। सम्मेलन में सीएसआई अध्यक्ष डॉ. धीमन कहाली ने हार्ट अटैक के बारे मे विस्तार से चर्चा की। वहीं डॉ. केके पारीख ने मधुमेह, ब्लड प्रेशर एवं बसा के खराब गठजोड़ के बारें में जानकारी दी।

### 80 के मंत्र को अपनाकर बचे बीमारियों से

आप लंबी जिंदगी जीना चाहते हैं तो 80 के मूल मंत्र का पालन करना चाहिए। कमर का घेरा 80 सेंटी मीटिर, एलडीएल कोलेस्ट्राल और ब्लड शुगर 80 एमजी, हृदय की धड़कन 80 मिनट, अल्कोहल तीन दिन में 80 एमएल, नीचे का ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचजी, स्वयं को रोजाना दें 80 मिनट, मुस्कुराए 80 बार एक माह में, धूम्रपान करने वालों से दूरी 80 मीटर, दूषित वातावरण 80 डीबी से ज्यादा से बचें( हार्ट अटैक लकवा रोगी 80 एमजी एसप्रिन और अटोर्वा और तीन दिन में 80 मिनट सैर करने कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

**डॉ. पंकज मनोरिया**, आर्गेनाइज सेक्रेटरी



### स्मोकिंग से बढ़ रहा ब्लॉकेज

अस्पताल में हर माह 20 से 30 साल के एक से दो पेशेंट हार्ट अटैक के चलते आ रहे हैं। जिसमें प्रमुख कारण स्मोकिंग है। इससे ब्लॉकेज बढ़ रहे हैं। इस आयु में हार्ट अटैक आने पर मृत्यु होने का दर ज्यादा है।

**डॉ. मंगेश तिवास्कर**, फिजीशियन, मुंबई



## एक महीने पहले लिंक रोड तीन पर डामर, दो दिन पहले खोदी सड़क

**भोपाल।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए शहर के सौंदरीकरण पर ग्रहण लगना शुरू हो गया है। दरअसल एक महीने पहले लिंक रोड तीन पर डामर हुआ था। इस सड़क को नगर निगम ने सीवेज लाइन बिछाने के लिए खोद दिया है। सीवेज शाखा के अधिकारियों की एक लापरवाही की वजह से 25 दिन पहले बनी सड़क को सीवेज लाइन बिछाने के लिए खोदा जा रहा है। यह सीवेज लाइन सामाजिक न्याय विभाग के छात्रावास के लिए बिछाई जा रही है, लेकिन चौकाने वाली बात यह है कि नगर निगम को सड़क की खुदाई की अनुमति लेने में सालभर का वक्त लगा। निगम ने सड़क पर डामर होने के बाद सड़क की खुदाई करने की योजना बनाई। लिंक रोड नंबर तीन पर सड़क की खुदाई कर 30 मीटर की सीवेज लाइन बिछाई जा रही है।

# नाना की 'वनवास' ओटीटी से पहले टीवी पर देगी दस्तक...




**मुंबई।** नाना पाटेकर की फिल्म 'वनवास' को बीते साल 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म की कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है। फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी।

इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर 4.94 करोड़ रुपये कमाए थे। अब 'वनवास' अपने टेलीविजन प्रीमियर के लिए तैयार है। आइए बताते हैं यह फिल्म आप टीवी पर पहली बार कब और कहां देख पाएंगे। 'वनवास' का टीवी पर प्रीमियर आज 8 मार्च, को रात 8 बजे जी सिनेमा पर होगा। पाटेकर ने लिखा, 'अपनों की अहमियत का एहसास दिलाने वाली, एक अपनी सी कहानी। देखिए ओटीटी से पहले टीवी पर।' बता दें कि यह फिल्म अब तक ओटीटी पर रिलीज नहीं हुई है।'वनवास' का निर्देशन 'गदर 2' के निर्देशक अनिल शर्मा ने किया है। इस फिल्म में अनिल के बेटे और अभिनेता उत्कर्ष शर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं।

# डेब्यू से पहले ठुकराई थी महेश बाबू की फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी फिल्म 'धड़क' (2018) के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन क्या आप जानते हैं बॉलीवुड डेब्यू से पहले जाह्नवी ने महेश बाबू की फिल्म ठुकराई थी। 'गजनी' और 'स्पाइडर' जैसी फिल्में बना चुके निर्देशक एआर मुरुगदॉस एस समय जाह्नवी को दक्षिण भारतीय सिनेमा में लॉन्च करना चाहते थे। उन्होंने जाह्नवी को महेश बाबू के साथ एक फिल्म में कास्ट करने का प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन उन्होंने ये ऑफर ठुकरा दिया। एक इंटरव्यू में खुद जाह्नवी ने इसका खुलासा किया था। उन्होंने कहा, मैं उस समय समझ नहीं पाई कि मुझे क्या करना है। मुरुगदॉस सर ने मुझे माता-पिता से बात करने की सलाह दी थी। जाह्नवी ने बीते साल जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' के जरिए तेलुगु सिनेमा में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया था। जाह्नवी के पास एक और तेलुगु फिल्म है, जिसका नाम 'आरसी16' है। इसमें उनके जोड़ीदार राम चरण होंगे।इसके अलावा जाह्नवी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के साथ वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होगी। जाह्नवी के पास फिल्म 'परम सुंदरी' भी है।





# रणवीर के साथ बनती बनती रह गई जोड़ी

**मुंबई।** आने वाले दिनों में पर्दे पर कई नई जोड़ियां देखने को मिलेंगी इन्हीं में से एक थी रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की जोड़ी।फिल्म 'डॉन 3' के लिए दोनों साथ आ रहे थे, लेकिन अब खबर है कि अभिनेत्री इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। चर्चा है कि उन्होंने प्रेग्नेंसी की वजह से फिल्म छोड़ने का फैसला किया है, जिसके बाद रणवीर-कियारा को साथ देखने का इंतजार कर रहे प्रशंसक मायूस हो गए हैं।'डॉन 3' पर फिर से संकट के बादल मंडराने लगे हैं। साल 2023 में फरहान अख्तर ने जब से रणवीर के साथ फिल्म की घोषणा की है, तभी से यह ऊहापोह जैसी स्थिति में है। हालांकि, बीते दिनों कहा गया था कि 2025 में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी, वहीं अब खबर है कि फिल्म की लीड हीरोइन कियारा ने इससे किनारा कर लिया है।

## पहले मिला था मोगैंबो बनने का ऑफर



**मुंबई।** अनुपम खेर बॉलीवुड के उन सितारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों अपनी एक खास जगह बनाई है। हालांकि, इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मेहनत भी की है। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म 'सारांश' से की थी। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। अनुपम ने आज 7 मार्च को अपना 70वां जन्मदिन मनाया।

# जैकेट का शेष

## महिलाओं ने संभाली...

क्षोत्रिय निभा रही थीं और प्रेस अधिकारी की जिम्मेदारी श्रीमती बिंदु सुनील और श्रीमती सोनिया परिहार को दी गई थी। मुख्यमंत्री की फोटोग्राफी की जिम्मेदारी सुश्री जिया श्रीवास्तव, कृति मानिक पुरी, असमा नकवी और आकांक्षा मीणा ने निभाई। कारकेड की पायलट निरीक्षक रेणु मुरार थीं।

## भारत की संस्कृति...

योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि नारी सशक्तिकरण में मप्र देश में आदर्श राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाए। मुख्यमंत्री ने यह बात मुख्यमंत्री निवास पर मीडिया के लिए जारी संदेश में कही। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में सुरक्षा सहित समस्त व्यवस्थाएं संभाल रही महिला अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## देश में पहली बार...

वालों के प्रति सरकार बहुत ही कठोर है। जोर-जबरदस्ती से और बहला-फुसलाकर कर जो दुराचार करेगा, हमारी सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है। किसी भी हालत में उन्हें जीवन जीने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन कराकर दुराचार करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। ऐसे अपराधी को सख्त से सख्त सजा यानी फांसी की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित स्व-सहायता सम्मेलन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में एक हजार युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

**सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही : भूरिया:** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। नारी सशक्तिकरण मिशन की शुरूआत की गई है। महिलाओं के उत्थान के लिए मप्र सरकार ने कभी भी बजट की कमी नही होने दी है। महिलाओं के कल्याण के लिए जब भी राशि की जरूरत हुई। राशि प्राथमिकता से उपलब्ध कराएंगे। महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम और आत्म-निर्भर बनाने के लिए लाड़ली बहना योजना एक प्रभावी योजना साबित हुई।

## देश का संचालन...

ओर से संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश में स्व-सहायता समूहों की संख्या 5 लाख से अधिक है। बहनों को उद्योग स्थापना के लिए बैंक लोन में अनुदान भी दिया जा रहा है।

## कांग्रेस में नेताओं...

दे देंगे। राहुल यहीं नहीं रुके, उन्होंने बोला कि इस समय कांग्रेस दो गुटों में बंट चुकी है। एक गुट पार्टी के साथ खड़ा है, उसमें कांग्रेस की विचारधारा है, लेकिन जो दूसरा गुट है वो जनता से दूर है, वहां भी आधे लोग तो भाजपा से मिले हुए हैं। जब तक इन लोगों को अलग नहीं कर देते, गुजरात की जनता हम पर विश्वास नहीं करने वाली है। राहुल गांधी यह भी मानते हैं कि गुजरात की कांग्रेस इस समय रेस का घोड़ा नहीं है बल्कि वो बारात का घोड़ा बनकर रह गई है, इसी वजह जनता उनका भरोसा नहीं कर पा रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। लेकिन, कई बब्बर शेर, चेन से बंधे हुए हैं।

## एयरपोर्ट परिसर...

डोर तक व्हीलचेयर की डिमांड की थी। टिकट पर व्हीलचेयर की पुष्टि भी थी। लेकिन टर्मिनल-3 पर 1 घंटे के इंतजार के बाद भी व्हीलचेयर नहीं दी गई। परिवार ने डीजीसीए और एयर इंडिया में शिकायत दर्ज की है और अब कार्रवाई का इंतजार कर रहा है।

## नामी उद्योगपति...

डॉलर में खरीदा गया था। जेट को कथित पोंजी योजना से कमाए घोटाले के पैसों से खरीदा था। ईडी ने सीमा शुल्क विभाग से जेट की आवाजाही के बारे में एक सामान्य घोषणा मांगी, जिसके बाद पता चला कि कुमार एक अन्य व्यक्ति के साथ 22 जनवरी को उक्त विमान में सवार होकर देश से बाहर चला गया था। बता दें कि कथित रूप से इस घोटाले में 850 करोड़ रुपए की निवेश धोखाधड़ी की गई है।

# पेज 1 का शेष

## टीम इंडिया के ...

चाहेगी। आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं। भारत और न्यूजीलैंड, दोनों ही टीमों में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हैं, जो शानदार फॉर्म में हैं।

## तीन वर्ष की उम्र में पिता...

में कम से कम कुछ निमंत्रण की गारंटी होती है लेकिन प्राग से पहले ही अरविंद ने शारजाह मास्टर्स और बील इंटरनेशनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि की थी जो क्रमशः मई और जुलाई में होने वाले इवेंट हैं।

## आज भारत महिला...

नारायणी कहा गया है। नारी का सम्मान समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी है। इसलिए, भारत को विकसित देश बनाने के लिए, भारत के तेज़ विकास के लिए, आज भारत महिला-नेतृत्व वाले विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

## महिलाएं देश के...

है। 2014 के बाद से केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी हैं और संसद में भी महिलाओं की मौजूदगी में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

## 'तेरे मेरे सपने' नाम से...

वैवाहिक जीवन की नींव रख सकें। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने बताया कि यह पहल देश के 9 राज्यों में 21 केंद्रों के साथ शुरू की गई। ये केंद्र राजस्थान (बीकानेर, उदयपुर), मध्यप्रदेश (भोपाल), महाराष्ट्र (नासिक, जालना, लातूर, गोरेगांव), हरियाणा (गुरुग्राम), ओडिशा, नई दिल्ली और केरल (तिरुवनंतपुरम) में खोले गए हैं। इन केंद्रों में विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा, जिसमें शादी के रिश्ते को समझने, परिवार की भूमिका, भावनात्मक जुड़ाव और वैवाहिक जीवन में आने वाली चुनौतियों से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे।

## मंत्री प्रहलाद पटेल ...

किया है। साथ ही उन्हें उप सचिव औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भोपाल विकास प्राधिकरण में करीब एक साल पहले प्रदीप जैन को सीईओ बनाया गया था। शुक्रवार को जारी आदेश में जैन को बीडीए सीईओ के पद से हटाकर मंत्रालय में उप सचिव के पद पर पदस्थ कर दिया गया है। जैन की पोस्टिंग अभी मंत्रालय में किसी विभाग में नहीं की गई है। उज्जैन में पदस्थ अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे को स्थानांतरित कर अपर कलेक्टर दतिया बनाया गया है। ये दोनों ही अधिकारी राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं।

## महिला को 'जिलाबदर'...

ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए बताया था कि उनके खिलाफ सिर्फ 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जो कि साधारण धाराओं के तहत हैं। इसके बाद भी उमरिया कलेक्टर ने जिलाबदर की कार्रवाई कर दी। अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया कि माधुरी के खिलाफ अक्टूबर 2024 में उमरिया कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन ने जिलाबदर की कार्रवाई की थी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी पाया कि कलेक्टर ने एसएसओ मदन लाल मरावी के बयान के आधार पर महिला के खिलाफ जिलाबदर का आदेश पारित किया है।

## आपकी प्रतिभा का...

सिर्फ सुनी जाए, बल्कि उसका अनुसरण किया जाए। आगे बढ़ते रहने, बाधाओं को तोड़ते रहने की कसम खाता हूं, जब तक कि वह दुनिया सिर्फ एक कल्पना न हो जाए, बल्कि एक वास्तविकता बन जाए। कई साल पहले हमारे एक बंदरगाह परियोजना के दौरे के दौरान मैंने परिचालन और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की अनुपस्थिति देखी। यह क्षमता की कमी के कारण नहीं था, बल्कि पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में उनके लिए रास्ते की अनुपस्थिति के कारण था। इस अहसास ने बदलाव के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को जन्म दिया। अडाणी ने आगे कहा आज जब मैं अपने दफ़्तरों में घूमता हूं और वरिष्ठ महिलाओं को हमारी प्रौद्योगिकी टीमों का नेतृत्व करते हुए देखता हूं, जब मैं अपनी अक्षय ऊर्जा साइटों पर जाता हूं और महिला इंजीनियरों को जटिल चुनौतियों का समाधान करते हुए देखता हूं, तो आनंदित हो जाता हूं।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** – व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या** – धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर** – लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** – कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** – आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**फायनेन्स**

फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइलः- 7042858951.

R-10/03/25

**वैवाहिकी**
**वधु चाहिए**

वधु चाहिए
गुजराती 44/ 5'11"
स्वयं का व्यवसाय
इनकम 40,000/- मासिक, युवक हेतु, उच्च जाति बंधन नहीं (मैरिज ब्यूरो क्षमा करें)
सम्पर्क करें
9827114645
9131139179

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम joseph martin fernandes था अब परिवर्तित होकर मेरा नया नाम joseph fernandes s/o joaquim fernandes 65 शालोम,प्रकाश नगर अयोध्या बायपास रोड, पिपलानी भोपाल, अब भविष्य में मुझे सभी दस्तावेजों में joseph fernandes नाम से जाना पहचाना जावे.

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम joyce fernandez था अब परिवर्तित होकर मेरा नया नाम joyce fernandes c/o joseph fernandes 65 शालोम,प्रकाश नगर अयोध्या बायपास रोड, पिपलानी भोपाल, अब भविष्य में मुझे सभी दस्तावेजों में joyce fernandes नाम से जाना पहचाना जावे.

**नाम परिवर्तन**

मैं हरिदास भास्कर S/o स्व.श्री धनीराम,निवासी- जी-48. शास. आवास आई-1 से 14. बैंक ऑफ बडौदा के पास, कोटरा सुल्तानाबाद, तह. हुजूर, जिला भोपाल म.प्र (आधार-951552781454) मैं पुलिस विभाग की पुलिस (रेडियों) शाखा भोपाल में उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ हूँ मेरी सर्विस बुक में मेरा नाम हरीदास अहिरवार दर्ज है जिसको सुधार कर मेरा नाम हरिदास भास्कर लिखा एवं पढ़ा जावे, जो कि मेरे आधार, ID कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, वोटर कार्ड पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है जो सही एवं सत्य है।

**आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना**
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

**हरिभूमि भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644


प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



## शब्द पहेली - 5801



मंगलौर, बैंगलौर

**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

**शब्द पहेली -5800 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| व | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | ड्र | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5811

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5810 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# निवेश करने से पहले खुद से पूछें ये सवाल

**सफल निवेशक बनने के लिए बचत के पैसों का सही जगह निवेश जरूरी**


**निवेश के समय निर्धारण को इन्वेस्टमेंट होराइजन कहा जाता है**

- पूर्व-निर्धारित अवधि तक उसी हिसाब से निवेश करना होगा
- निवेश की रकम तय करते समय सावधान और वास्तविकतावादी बनें

निवेश मंत्रा

शंभू भद्र

सही जगह निवेश करना हर निवेशक का मकसद होता है। किसी भी तरह के निवेश के लिए बचत करना जरूरी है, लेकिन सिर्फ बचत के पैसे से आप अपनी सारी जरूरतें पूरी नहीं कर पाएंगे। एक सफल निवेशक बनने के लिए, बचत के पैसों को सही जगह निवेश करना जरूरी होता है। एक प्रभावशाली निवेश रणनीति के लिए, अपने आपसे कुछ महत्वपूर्ण सवाल पूछना बहुत जरूरी है। किसी अन्य काम की तरह, आपको अपने आपसे पूछना चाहिए कि आप क्यों निवेश कर रहे हैं। आपको अपना मकसद साफ कर लेना चाहिए। क्या आप पैसे बनाने के लिए, रिटायरमेंट के लिए, कोई संपत्ति खरीदने के लिए, या कोई और काम करने के लिए निवेश कर रहे हैं? यह तय हो जाने के बाद आपको यह सोचना चाहिए कि आपको कितने समय के लिए निवेश करना है, कितना पैसा निवेश करना है, और निवेश करते समय पैसों के मामले में आपको किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है? अपने उद्देश्य की रूपरेखा तैयार हो जाने के बाद आपको इसके लिए एक अल्पकालिक, मध्यकालिक या दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित करना होगा।



### अवधि क्या है

निवेश के समय निर्धारण को इन्वेस्टमेंट होराइजन भी कहा जाता है। इससे निवेश की अवधि तय करने में मदद मिलेगी। इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आपको एक पूर्व-निर्धारित अवधि तक उसी हिसाब से निवेश करना होगा। समय-समय पर इस अवधि का मूल्यांकन करना चाहिए और जरूरत पड़ने पर उसमें फेरबदल भी करना चाहिए। इसका मतलब यही है कि किसी भी निवेश की अवधि ऐसी होनी चाहिए कि आप अपने निर्धारित उद्देश्य के अनुसार उसका लाभ उठा सकें।

### मासिक क्षमता कितनी है

आप अपने निवेश के लिए अपनी आमदनी में से कितना पैसा निकाल सकते हैं। आप इसे एकमुश्त भुगतान के रूप में एक बार में ही निवेश करना चाहते हैं या हर महीने थोड़ा-थोड़ा करके। निवेश की रकम तय करते समय आपको सावधान और वास्तविकतावादी होना चाहिए और अपने पैसों को धीरे-धीरे बढ़ने देना चाहिए। अपने संसाधनों के साथ-साथ अपनी निवेश क्षमता के बारे में सबसे ज्यादा जानकारी आपको ही होती है। एकमुश्त भुगतान, इक्विटी में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए, बाजार में गिरावट के दौरान, फायदेमंद हो सकता है लेकिन हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करने से सहज तरीके से निवेश कर सकते हैं।

### कौन से जोखिम उठाने पड़ेंगे

क्या आपको जोखिम उठाना पसंद है या आप उनसे बचना चाहते हैं। ये जोखिम कई तरह के हो सकते हैं - बाजार, मुद्रास्फीति, रिटर्न, गलत-बिक्री, ब्याज दर, मुद्रा में उतार-चढ़ाव, इत्यादि। शायद ही कोई ऐसा निवेश हो जो कि जोखिम मुक्त हो। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार सम्बन्धी जोखिम होता है जो बहुत कम समय में आपका सारा पैसा ख़त्म कर सकता है। एंडोमेंट इंश्योरेंस प्लान में रिटर्न सम्बन्धी जोखिम होता है जहां आपको प्रचलित मुद्रास्फीति दर की तुलना में कम रिटर्न मिल सकता है। डेट म्यूचुअल फंड्स, ब्याज दर में हलचल से प्रभावित हो जाते हैं। आपको इनमें से किसी में भी निवेश करने से पहले निवेश से जुड़े जोखिमों के बारे में अच्छी तरह जान लेना चाहिए।

### क्या टैक्स की बचत होती है

आपको निवेश से टैक्स की बचत के बारे में पूछना चाहिए। अधिकांश निवेशों पर मिलने वाले रिटर्न पर अलग-अलग मानदंडों के आधार पर टैक्स लगता है। टैक्स देने के बाद आपको कितना रिटर्न मिलेगा। उदाहरण के लिए, फिक्स्ड डिपोजिट में आपको 7% प्रति वर्ष की दर से ब्याज मिलता है, लेकिन यदि आप 30% टैक्स देते हैं तो टैक्स देने के बाद आपको 4.9% रिटर्न मिलेगा, जो कि बहुत कम है। आपको ऐसे निवेश साधनों पर विचार करना चाहिए जो आपके टैक्स के बोझ को कम कर सके। उदाहरण के लिए, दीर्घकालिक ऋण निवेश के लिए, पब्लिक प्रोविडेंट फंड आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि इसमें किया जाने वाला निवेश टैक्स-फ्री होता है। इक्विटी में किया जाने वाला निवेश जिसकी अवधि एक साल से अधिक होती है, दीर्घकालिक टैक्स लाभ की दृष्टि से फायदेमंद नहीं है। यदि आप धारा 80सी के तहत टैक्स बचाना चाहते हैं और बाजार से जुड़े रिटर्न पाना चाहते हैं तो आप इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम्स (ईएलएसएस) में निवेश कर सकते हैं क्योंकि यह भी टैक्स-फ्री रिटर्न देता है। निवेश जितना अधिक टैक्स बचानेवाला होगा, आप उतनी जल्दी अपना उद्देश्य पूरा कर पाएंगे।

### किस तरह चार्ज देना होगा

एक निवेशक होने के नाते आपको यह जानने का पूरा हक है कि निवेश करने पर कितनी आमदनी होगी। कभी भी जल्दबाजी में निवेश करने की गलती न करें। क्योंकि तरह-तरह के निवेश में तरह-तरह के चार्ज लगते हैं। इसलिए, आपको पूछना चाहिए कि ये चार्ज क्यों लग रहे हैं। आपको पता होना चाहिए कि आपके निवेश की रकम का कितना हिस्सा इस तरह का चार्ज और कमिशन देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा, और इस तरह के खर्च के बाद आपको कुल कितना रिटर्न मिलेगा।

### निवेश से कैसे बाहर निकलूं

निवेश करने का अंतिम फैसला लेने से पहले, आप पूछें कि इससे कैसे बाहर निकल सकते हैं। आपको कई कारणों से इस निवेश से बाहर निकलना पड़ सकता है। आपको कुछ समय के लिए पैसों की जरूरत पड़ सकती है, आप इस निवेश साधन से खुश नहीं हैं, आपको इससे बेहतर निवेश साधन मिल गया है, इत्यादि। आपको यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि आप इसे कब और कैसे छोड़ सकते हैं ताकि जरूरत के समय अफ़सोस न करना पड़े। निवेश साधन बेचने वाले व्यक्ति के मौखिक आश्वासन पर भरोसा करना काफी नहीं है। आपको लिखित में जानने का पूरा हक़ है।




# फाइनेंशियल प्लानिंग में महिलाओं का कोई 'सानी' नहीं तभी तो कहलाती हैं 'गृहलक्ष्मी'

बचत

विनोद कौशिक

- महिलाएं वित्तीय मामलों का बेहतर फैसला लेने में सक्षम, देश में लगभग 69 फीसदी महिलाएं घरों की वित्तीय स्थिति से जुड़े फैसले लेती हैं
- भारत में निवेश करने वाली महिलाओं की संख्या 60% से अधिक है, 56 महिलाएं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर लक्ष्य बनाती हैं

घर के साथ-साथ बच्चों, पैसों व फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में महिलाओं का कोई 'सानी' नहीं है, तभी तो उन्हें 'गृहलक्ष्मी' यानी घर की देवी भी कहा जाता है। वे जितना ध्यान बच्चों को संवारने में लगाती हैं उतना ही पैसा बढ़ाने में लगाती हैं। वे घर के खर्चों से भी कुछ न कुछ बचाकर रखती हैं और जरूरत पड़ने पर घर में आई आर्थिक विपदा को भी हर लेती हैं। इसलिए महिलाए पुरुषों से अधिक समझदार निवेशक हैं। अगर वे बचत को सही जगह निवेश कर दें तो पुरुषों के मुकाबले कहीं जल्दी पैसों को दोगुना करने की क्षमता रखती हैं। इसलिए महिलाओं को बेहतर निवेशक का दर्जा दिया है। आजकल महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। महिलाएं अब घर-परिवार और बच्चे के लिए यहां तक की अपने रिटायरमेंट की भी प्लानिंग कर रही हैं। वे पैसा बचाकर गोल्ड, एफडी, शेयर बाजार और म्युचुअल फंड जैसे कई विकल्पों में निवेश कर रही है। इस रिपोर्ट के जरिये हम जानेंगे कि महिलाएं बेहतर निवेशक क्यों हैं और वे कैसे अपने फंड और पोर्टफोलियो को मैनेज कर सकती हैं। घर संभालने के साथ साथ परिवार को आर्थिक संकट से कैसे बचाती हैं।

### वित्तीय मामलों का बेहतर फैसला लेने में सक्षम

एक रिपोर्ट के मुताबिक महिलाएं वित्तीय मामलों का बेहतर फैसला लेने में सक्षम होती हैं। देश में लगभग 69 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं, जो घरों की वित्तीय स्थिति से जुड़े फैसला लेती हैं। निवेश करने वाली महिलाओं की संख्या 60 फीसदी है। लगभग 56 महिलाओं का कहना है कि वे भविष्य की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखकर लक्ष्य बनाती हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए निवेश करती हैं।

### रिटायरमेंट की प्लानिंग में भी पीछे नहीं

अधिकतर महिलाओं का कहना है कि वे इमरजेंसी की हालत से निपटने के लिए भी अलग से बचत करती हैं, ताकि जरूरत के समय उन्हें परेशान नहीं होना पड़े। इसके साथ ही रिटायर होने के बाद का समय अच्छे से बीते इसके लिए भी महिलाएं निवेश कर रही है। लगभग 83 फीसदी महिलाओं का कहना है कि रिटायर होने के बाद वे अच्छे से जीवन जीना चाहती हैं, इसलिए इसके लिए अलग से बचत कर रही हैं।

# निवेश से पहले एडवाइजर की मदद लें, फायदे में रहेंगे व बनेंगे धनवान

- स्टॉक मार्केट में निवेश करते वक्त सही स्टॉक एडवाइजर से सलाह लेना जरूरी
- स्टॉक मार्केट में जबरदस्त मुनाफे के लिए सही कंपनी में निवेश करना बेहद जरूरी

सलाह

बिजनेस डेस्क

*एक्सपर्ट बताते हैं, जब आप इन्वेस्ट करते हैं, तो एक बात अपने दिल दिमाग में अच्छे से बैठा ले की स्टॉक मार्केट में आप रातों रात करोड़पति नहीं बन सकते हैं और ना ही आपको एक या 2 साल में ही बंपर मुनाफा होगा। बल्कि, अगर आपको सही मायने में स्टॉक मार्केट में खेलना है तो 8 से 10 साल थोड़ा तसल्ली के साथ सब्र करना पड़ेगा, नीव बनने में टाइम लगता है।*

अगर आप भी स्टॉक मार्केट में निवेश करते हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले बांध लें, फिर आपको मुनाफा कमाने से कोई नहीं रोक सकता। स्टॉक मार्केट ऐसा चीज है, जहां पर हर कोई इंवेस्टमेंट करके अच्छा खासा पैसा कमाना चाहता है। आजकल के युवा खासतौर पर स्टॉक मार्केट में पैसा लगाकर कई बार रातों रात करोड़पति बनने का भी सपना देख लेते हैं। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो स्टॉक मार्केट के जरिए अच्छा पैसा कमाकर आज अच्छी लाइफ जी रहे हैं। ऐसे में यह पता होना बहुत जरूरी होता है कि आपको किस स्टॉक में और कब पैसा लगाना है, क्योंकि, एक भी गलत कदम आपके सारे पैसे डूबा सकती है। बाजार के कुछ जाने माने म्युचुअल फंड व स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट और एडवाइजरों काकहना है कि अगर आपको स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करना है, तो सबसे पहला काम आपको एक अच्छा स्टॉक एडवाइजर की जरूरत है। यूं ही अपने मन से आंकड़ों को देखकर कभी भी स्टॉक मार्केट में पैसा ना लगाए। ऐसा करने से कई बार नुकसान हो सकता है। निवेश करने से पहले एक बार एडवाइजर की मदद जरूर लें, उनसे सलाह मशवरा के बाद ही पैसा इन्वेस्ट करें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और आप अच्छा मुनाफा कमा पाएंगे। हमेशा लंबी अवधी के निवेश का प्लान करें।

### यह रखें ध्यान

जानकारों ने बताया कि जो फंडामेंटल कंपनी होती है, जैसे कि बैंकिंग कंपनी और फाइनेंस कंपनी इनमें आप पैसा आंख बंद करके लगा सकते हैं। उनके जो टॉप फाइव या टॉप 10 कंपनी है। उसको आप देख लें और उसमें पैसा लगाए और एक बात का ध्यान रखें। पैसा लगाने के बाद रातों-रात करोड़पति बनने का सपना छोड़ दें। क्योंकि, यहां पर अगर आप सही मायने में मुनाफा कमाना चाहते हैं, तो 8 से 10 साल इंतजार करना पड़ता है, तब आपको स्ट्रांग रिटर्न देखने को मिलेगा। ऐसा करनेद से आपको धनवान बनाने से कोई नहीं रोक पाएगा और आप आसानी से स्टॉक मार्केट में निवेश कर पैसा कमाएंगे और अपनी भविष्य की जरूरतों को पूरा कर सकेंगे।



### मार्केट में फिलहाल बढ़ा है दबाव

बाजार के जानकारों का कहना है कि इस समय मार्केट थोड़ा सा डाउन चल रहा है, लेकिन अब यह केरेक्शन फेज में आ चुका है और धीरे-धीरे आगे की तरफ जाएगा, क्योंकि, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से मार्केट में दबाव देखने को मिला है। इसके अलावा अमेरिका इन्वेस्टर जो है। अब उनको अच्छा खासा रिटर्न अमेरिका में ही मिलने की उम्मीद है। ऐसे में वह भारतीय मार्केट से भी कुछ पैसे वापस लेंगे। हालांकि, सारे नहीं लेंगे, तो ऐसे में मार्केट में दबाव थोड़ा बढ़ गया है, लेकिन यह स्थिति हमेशा नहीं रहने वाली। साथ ही, मार्केट का काम ही है ऊपर नीचे होना, कोई ना कोई पॉलिसी मार्केट को ऊपर ले जाता है तो कभी नीचे। इससे बहुत अधिक घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसा नहीं की मार्केट फिलहाल एकदम दबाव में है धीरे-धीरे ऊपर की तरफ जा रहा है। ऐसे में जो कंपनी के नाम बताया है उसमें अगर आप इन्वेस्ट करते हैं तो आपको लॉन्ग टर्म में जबरदस्त मुनाफा देखने को मिलेगा, क्योंकि इन कंपनी का फंडामेंटल्स बहुत मजबूत है।

# टॉप निवेश प्लान जो दे सकते हैं अच्छा रिटर्न

सुझाव

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या ऐसा प्लान बना रहे हैं तो कुछ नियम आपको अच्छी कमाई करवा सकते हैं। सिर्फ आपको लंबी अवधि के लिए संयम और धैर्य के साथ निवेश करना होगा। निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता को भी जांच लें। इससे आप बेहतर तरीके से निवेश कर पाएंगे। निवेशकों के पास अल्पकालिक वित्तीय लक्ष्य होते हैं। इसका विस्तार नई संपत्ति खरीदने से लेकर नया बिजनेस शुरू करने तक हो सकता है। वित्तीय लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। इसके लिए आपको निवेश को थोड़ा लंबी अवधि के लिए करना होगा। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं।

### डायरेक्ट इक्विटी

अगर आपको फाइनेंशियल मार्केट की अच्छी जानकारी है, तो सही रिटर्न पाने के लिए डायरेक्ट इक्विटी में निवेश करना एक बेहतरीन निवेश हो सकता है। आप वित्तीय और आर्थिक परेशानियों को दूर करने और सही चुनाव करने के लिए उनकी रणनीतियों का मूल्यांकन करने के लिए अलग-अलग उद्योगों और उनके कार्य मॉडल को समझकर पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं।

### म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड ऐसे निवेशकों की मदद करते हैं, जिनका एक सामान्य वित्तीय उद्देश्य होता है, ताकि वे ज़्यादा रिटर्न के लिए वित्तीय साधनों में निवेश कर सकें। इसे एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एक पेशेवर द्वारा मैनेज किया जाता है और इसलिए इसे एक सुरक्षित निवेश साधन माना जाता है। आप स्टॉक, बॉन्ड या अन्य मनी मार्केट आधारित म्युचुअल फंडों में निवेश कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड को सेक्टर या मार्केट कैपिटलाइजेशन के आधार पर श्रेणीबद्ध किया जा सकता है। कई तरह के म्यूचुअल फंड पांच सालों में रिटर्न पा सकते हैं, जैसे कि मल्टी-कैप, बैलेंस्ड एडवांटेज, मिड-कैप, शॉर्ट-ड्यूरेशन, गिल्ट आदि।



### इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम

ईएलएसएस (इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम) एक सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान है जो म्यूचुअल फंड में आराम से और नियमित रूप से निवेश करने में मदद करता है, जैसे कि हर महीने पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान। यह सस्ता हो जाता है और पांच साल की पॉलिसी अवधि के दौरान निवेश पर रिटर्न देता है, बशर्ते आप सही चुनाव करें। मार्केट और आर्थिक उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए फ़ंड की विविधता अलग-अलग सेक्टरों में होनी चाहिए।


**कार्यालय संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं, नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम**

2025 International Year of Cooperatives

ब्लाक-डी, नवीन आयुक्त, कार्यालय परिसर नर्मदापुरम E-mail: jrcoop.hbd@mp.gov.in,07574254355

क्रमांक/विधि/2025/361 नर्मदापुरम दिनांक -06/03/2025

प्रति,

1. जय माँ सरस्वती श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या., चपलासर, प.क्र. 3199, दिनांक 04.06.2015
2. जय माँ नर्मदा श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या., सांगाखेड़ाकॅला प.क्र. 3178 दिनांक 05.05.2015
3. जबदम्बा श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या., जासलपुर टील प.क्र. 3173 दिनांक 30.03.2015
4. उजाडमल बाबा श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या., होरियापीपर प.क्र. 3249 दिनांक 07.08.2015
5. शिवशंकर श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या.रायपुर प.क्र. 3179 दिनांक 05.05.2015
6. शिवशक्ति श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या. मेहराघाट प.क्र. 3248 दिनांक 27.08.2015
7. माँ नर्मदा श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या. रजौन प.क्र. 3172 दिनांक 30.03.2015 8. तवा श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या., बरीटीला (जावली) प.क्र. 3259 दिनांक 01.12.2015
9. कीर नर्मदा श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या. रजौन प.क्र. 3171 दिनांक 30.03.2015
10. बलराम श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या. केसला प.क्र. 3258 दिनांक 01.12.2015
11. श्री गणेश श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या., सांगाखेड़ाकलॉ प.क्र. 3236 दिनांक 17.08.2015
12. नमामि देवी नर्मदे श्रमिक रेत खनन सहकारी समिति मर्या. बालाभेट प.क्र. 3200 दिनांक 04.06.2015

**।। कारण बताओं सूचना पत्र ।।**

**(म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18-ए/क के अंतर्गत)**

उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम द्वारा पत्र क्रमांक/परि./2025/452 दिनांक 27.02.2025 से आपकी संस्था द्वारा संस्था के पंजीयन उपरांत आज दिनांक तक निर्वाचन नहीं कराये जाने, पंजीयन उपरांत आज दिनांक तक वार्षिक आमसभा आयोजित नहीं कराने, पंजीयन उपरांत आज दिनांक तक कोई कारोबार नहीं करने आर्थात अकियाशील होने, संस्था में सदस्यता वृद्धि नहीं करने, संस्था में सहकारी अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप रिकार्ड का संधारण नहीं करने तथा अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण को रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराने (अंकेक्षण टीप के आधार पर) म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18-ए/क के अंतर्गत पंजीयन निरस्त किये जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है क संस्था का पंजीयन प्रर्वतक सदस्यों द्वारा दुर्व्यपदेशन के आधार पर कराया गया है, तथा जिन प्रयोजनों के लिए सोसायटी रजिस्ट्रीकृत की गई है, उनकी पूर्ति नहीं हो रही है। अत: उपरोक्त कारणों के आधार पर क्यों न आपकी संस्था का म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18-ए/क (1) के तहत पंजीयन निरस्त कर दिया जाये? इस संबंध में यदि संस्था के प्रमुख संप्रवर्तक सदस्य, संचालक मण्डल, और सदस्य के सदस्य अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करना चाहते है तो 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित या मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के भीतर संस्था की ओर से कोई पक्ष समर्थन प्राप्त न होने से यह मानकर की संस्था के सदस्यों को अपने पक्ष समर्थन में कुछ नहीं कहना है, तथा उन्हें उपरोक्त कारणों के आधार पर म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18-ए/क के तहत सोसायटी का रजिस्ट्रेशन समाप्त
करने में कोई आपत्ति नहीं है. संस्था का रजिस्ट्रीकरण समाप्त कर दिया जावेगा। जिसके लिए संस्था के सदस्य स्वयं जवाबदेह होगें।
यह कारण बताओं सूचना पत्र आज दिनांक 6/3/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

संयुक्त पंजीयक
सहकारी संस्थाएँ
नर्मदापुरम् संभाग नर्मदापुरम्

जी - 24007/24 स्वच्ता ही सेवा है।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैरूंदा जिला सीहोर म.प्र.**

प्रोसेस नम्बर-Q/2025 दिनाँक 05-03-2025

प्रकरण क्रमांक 0104/ अपील/2024-25

**सूचना पत्र**

श्री योगेश आ. लक्ष्मीनारायण जोशी, वार्ड नंबर 25 कंचन, रसूलिया, होशंगाबाद (नर्मदापुरम) म.प्र. वगैरा ........................ अपीलार्थी

बनाम

श्रीमति शकुन्तलाबाई पत्नि राधेश्याम, आयु वयस्क, कृषक ग्राम बोरखेड़ाकला, निवासी भोपाल म.प्र., वगैरा ................ प्रतिअपीलार्थी

प्रति,
1- श्रीमति शकुन्तलाबाई पत्नि राधेश्याम, कृषक ग्राम बोरखेड़ाकला, निवासी भोपाल, म.प्र.
2-श्रीमति बसुन्धराबाई पत्नि बालकृष्ण, आयु वयस्क, जाति ब्राहमण, कृषक ग्राम बोरखेड़ाकला, निवासी बिजाबर, तहसील खातेगांव, जिला देवास म.प्र.
3-धर्मशाला हेतु श्री खेड़ा वाले द्वारा महेन्द्र तिवारी निवासी उड़ा, जिला हराद म.प्र.
4-श्री रमेशचन्द्र दत्तक पुत्र शिवनारायण शुक्ला (मृत/फोत) निवासी ग्राम बोरखेड़ाकला, तहसील भैरूंदा, जिला सीहोर, म.प्र. के वारिसान हेतु।
अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय मे न्यायालय तहसीलदार तहसील भैरूंदा की नामांतरण पंजीयन में पारित आदेश दिनांक 21/05/1976 से असंतुष्ट होकर अपील प्रस्तुत की गई है, जो प्रकरण क्रमांक 0104/ अपील / 2024-25 पर दर्ज होकर प्रचलित है। आपको इस न्यायालय मे दिनाँक 13 मार्च 2025 को दिन मे 2.00 बजे उक्त प्रकरण मे हाजिर होने हेतु संमन किया जाता है। आप न्यायालय मे स्वयं या ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिया हो और जो उक्त प्रकरण से संबंधित सारभान प्रश्न का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा मे ऐसे दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में हो प्रस्तुत कर सकते हैं। अतः आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख पर उपस्थित नहीं होगें तो उक्त प्रकरण की सुनवाई एवं उसका निराकरण आपकी अनुपस्थिति मे एक पक्षीय किया जावेगा। यदि नियत दिनॉक को अवकाश घोषित होता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहेगें तो उक्त प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस पर की जावेगी। आज दिनाँक 05-03-2025 को मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

(मदन सिंह रघुवंशी)
अनुविभागीय अधिकारी,
(राजस्व) भैरूंदा



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री कमल सिंह आत्मज श्री मुन्नी लाल उम्र 46 वर्ष निवासी मकान नं 16 छत्तीसगढ़ लेबर कालोनी बिहारी मोहल्ला आटा चक्की के पास इंद्रपुरी भोपाल मप्र की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने अपनी पुत्री प्रियांशु शाक्या उम्र 24 वर्ष निवासी भोपाल को उसके द्वारा पिछले 3/4 वर्ष पूर्व परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर अपनी मर्जी से दीपक यादव नामक व्यक्ति के साथ दांपत्य संबंध में होकर उसी के साथ निवास करने और मेरे पक्षकार द्वारा समझाए जाने पर मेरे पक्षकार एवं अन्य परिजनों के खिलाफ पुलिस में झूठी शिकायत करने तथा मेरे पक्षकार को शारीरिक एवं मानसिक रुप से प्रताड़ित करने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर पुत्री संबंधी समस्त अधिकारों से वंचित कर उसे अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरे पक्षकार एवं उसके अन्य परिजनों का उनकी पुत्री प्रियांशु शाक्या उम्र 24 वर्ष निवासी भोपाल से कोई संबंध एवं रिश्ता नहीं रहा है। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था उनसे कोई रिश्ता -संबंध रखता है अथवा कोई संव्यवहार करता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**अखिलेश श्रीवास्तव एडवोकेट**
कार्यालय-फ्लेट नंबर -8 नादरा कांपलेक्स स्टेट बैंक चौराहा भोपाल मप्र मोबाइल नंबर- 9826011666



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस जिला भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/178/25 दिनांकः- 05/03/2025

// खुली निविदा सूचना //

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022" के नियमानुसार कार्यालय पुलिस आयुक्त स्थित चाय-नास्ता केंटीन को किराये से देने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विवरण | निविदा शुल्क | ईएमडी |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय पुलिस आयुक्त स्थित चाय-नास्ता केंटीन को किराये से देने हेतु | 1,000/- | 30,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बंद लिफाले में पुराना कंट्रोल रूम जहांगीराबाद भोपाल में जमा करना होगा।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी की राशि नगद जमा करना अनिवार्य है।
3. पुराना कंट्रोल रूम जहांगीराबाद भोपाल से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक | दिनांक 06/03/25 के 12.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 20/03/25 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 21/03/25 के 12.00 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

G-23986/24 " स्वच्छता ही सेवा "

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहे हैं, उन्हें लग रहा है कि पुराने वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका को नुक़सान हो रहा है। ट्रंप की नीतियों से केवल यूरोप और अमेरिकी सहयोगी ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि भारत के लिए भी नई चुनौतियां खड़ी होंगी। ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों देश टैरिफ और नॉन टैरिफ बाधाओं को कम करने के प्रयास में लगे हुए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ता से इस मसले का हल निकलने की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर जबरन कब्जे को लेकर ट्रंप के नए फैसले व व्यवहार से उदार विश्व व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। रूस पर अभी भी अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उन्हें तभी हटाया जाएगा, जब रूस यूक्रेन में युद्ध खत्म कर देगा। ट्रंप की नीतियों को लेकर न केवल पूरी दुनिया में उथल-पुथल की स्थिति है बल्कि अमेरिका के भीतर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इसी स्थिति का आकलन करता आजकल का यह अंक..**

# नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहा अमेरिका



कूटनीति
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

**ट्रंप अमेरिकी फर्स्ट की बात कर रहे हैं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर आक्रामक हो रहे हैं, रूस के साथ बात कर रहे हैं, भारत व चीन पर रेसिप्रोकल टैक्स आयद कर रहे हैं। पेरिस जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से निकल गए हैं, संयुक्त राष्ट्र व नाटो से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी बरसी पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस हफ़्ते रूसी हमले की निंदा के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अमेरिका ने उत्तर कोरिया, बेलारूस और सूडान की पंक्ति में खड़े होकर रूस का पक्ष लिया। दूसरी तरफ़ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान के साथ ज़्यादातर देशों ने रूस का विरोध किया।**



अमेरिका की कमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास दोबारा आने के बाद पिछले क़रीब 75 सालों से जो वर्ल्ड ऑर्डर था, वो बदलता दिख रहा है। ट्रंप अब नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहे हैं, उन्हें लग रहा है कि पुराने वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका को नुक़सान हो रहा है। ट्रंप अमेरिकी फर्स्ट की बात कर रहे हैं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर आक्रामक हो रहे हैं, रूस के साथ बात कर रहे हैं, भारत व चीन पर रेसिप्रोकल टैक्स आयद कर रहे हैं। पेरिस जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से निकल गए हैं, संयुक्त राष्ट्र व नाटो से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी बरसी पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस हफ़्ते रूसी हमले की निंदा के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अमेरिका ने उत्तर कोरिया, बेलारूस और सूडान की पंक्ति में खड़े होकर रूस का पक्ष लिया। दूसरी तरफ़ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान के साथ ज़्यादातर देशों ने रूस का विरोध किया। दिलचस्प है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में फ्रांस और ब्रिटेन ने रूस की निंदा करने वाले प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया, लेकिन जैसे ही अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस की बिना निंदा किए यूक्रेन में जारी जंग ख़त्म करने का प्रस्ताव लाया तो फ्रांस और ब्रिटेन ने वीटो नहीं किया।

ब्रिटेन और फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं और दोनों चाहते तो अमेरिका के इस प्रस्ताव को वीटो कर सकते थे लेकिन दोनों वोटिंग से बाहर रहे। अमेरिका का यह प्रस्ताव 10 वोटों से पास हो गया लेकिन ब्रिटेन और फ्रांस के अलावा यूरोप के तीन और देश ग्रीस, डेनमार्क और स्लोवेनिया वोटिंग से बाहर रहे। फ्रांस और ब्रिटेन जो चीन और भारत व रूस के दोस्त माने जाते हैं, उनके व्यवहार में भी रूस को लेकर ट्रंप की तरह क्रांतिकारी बदलाव नहीं आया है। यूएन महासभा में रूस की निंदा वाले प्रस्ताव पर वोटिंग से चीन और भारत बाहर रहे जबकि अमेरिका ने रूस के पक्ष में मतदान किया। चीन और भारत की विदेश नीति में रूस को लेकर एक तरह की निरंतरता है जबकि अमेरिका के रुख़ में अविश्वसनीय बदलाव आया है। एक वैकल्पिक दुनिया में भारत की अपनी जगह सुरक्षित है। भारत नहीं चाहता है कि क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन या विस्तारवाद को समर्थन या मान्यता दी जाए। भारत यूरोप के साथ भी सकारात्मक संबंध बनाकर रखना चाहता है। रूस के प्रति ट्रंप की उदारता स्थायी है या अस्थायी, इसे अभी समझा जाना बाक़ी है।

## क्या है वैश्विक व्यवस्था

अभी यह देखना बाक़ी है कि ट्रंप का रुख रूस व चीन को लेकर समान रहता है या अंतर रहता है। ट्रंप की नीति पर अभी कुछ भी कहना ख़तरे से ख़ाली नहीं है कि आखिर अमेरिका चाहता क्या है? पर अमेरिका वर्ल्ड ऑर्डर को जरूर बदल रहा है। वर्ल्ड ऑर्डर यानी वैश्विक व्यवस्था का मतलब उस व्यवस्था से है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद बना था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र बना था और वैश्विक व्यवस्था के संचालन में इसकी अहम भूमिका थी। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में इस बात को प्रमुखता से शामिल किया था कि कोई भी देश किसी दूसरे देश के भूभाग को जबरन अपने में नहीं मिला सकता है। इस तरह की सैन्य कार्रवाई को अपराध के दायरे में रखा गया था। अमेरिका ने इसी व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 1950 में उत्तर कोरिया के ख़िलाफ़ अपने सैनिकों को भेजा था और 1991 में इराक़ी आक्रामकता से लड़ने के लिए सैनिकों की तैनाती की थी।

## जबरन कब्जे की 150 से ज़्यादा घटनाएं

1816 से 1945 के बीच एक-दूसरे देश के भूभाग पर जबरन क़ब्ज़े की 150 से ज़्यादा घटनाएं हुईं, लेकिन 1945 के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी, जिसे संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका का संरक्षण हासिल था और इस व्यवस्था के ज़रिए एक-दूसरे के क्षेत्र पर नियंत्रण को रोक दिया गया। अब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की इस उपलब्धि को पीछे छोड़ चुके हैं। 'लिबरल वर्ल्ड ऑर्डर' प्रतिबद्धताओं, सिद्धांतों और मानदंडों पर बनाए गए अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक व्यवस्था है। इसके मूल में अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र की महासभा और सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाएं हैं। 'उदार विश्व व्यवस्था' मुक्त व्यापार जैसे मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करती है, जिसे विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाएं बरकरार रखती हैं। इसमें सबसे बड़ी धारणा ये वैचारिक मान्यता है कि पश्चिमी उदार लोकतंत्र, सरकार के सर्वश्रेष्ठ मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है। अंतरराष्ट्रीय क़ानून के उल्लंघन को संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्तावों या अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसलों के ज़रिए आधिकारिक रूप से उठाया जा सकता है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आर्थिक प्रतिबंध लगा सकती है या चरम मामलों में सैन्य कार्रवाई को अधिकृत कर सकती है।

## अमेरिका में ही उठ रहे सवाल

ट्रंप के नए फैसले व व्यवहार से उदार विश्व व्यवस्था के अंत की घोषणा करना जल्दबाजी होगी। रूस पर अभी भी अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उन्हें तभी हटाया जाएगा, जब रूस यूक्रेन में युद्ध खत्म कर देगा। ट्रंप की नीतियों को लेकर न केवल पूरी दुनिया में उथल-पुथल की स्थिति है बल्कि अमेरिका के भीतर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। ट्रंप की नीतियों से केवल यूरोप और अमेरिकी सहयोगी ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि भारत के लिए भी चुनौतियां बढ़ेंगी। दूसरे विश्व युद्ध के बाद आख़िरकार अमेरिका ने विश्व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कमोबेश एक ज़िम्मेदार देश की भूमिका निभाई है। अब ट्रंप ने उन सारे अंतरराष्ट्रीय नियमों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, जिसकी अमेरिका वकालत करता था। 'मिसाल के तौर पर ट्रंप पनामा नहर पर अमेरिका का नियंत्रण चाहते हैं और ग्रीनलैंड को जबरन लेना चाहते हैं। ये सारी बातें संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। दूसरी तरफ़ अमेरिका कहता था कि यूक्रेन पर रूस का हमला अवैध है। ऐसे में ट्रंप अगले चार सालों में क्या करेंगे। यह बहुत बड़ा सवाल है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत के लिए यही अच्छा होगा कि अमेरिकी सहयोगी बनने की बजाय अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के साथ रहे। भारत अपनी बुद्धिमत्ता से काम ले रहा है क्योंकि उसने क्वॉड और ब्रिक्स दोनों में रहकर विकल्प खुला रखा है।

भारत में सरकारें बदलती हैं लेकिन विदेश नीति में एक किस्म की निरंतरता है। अमेरिका की तरह नहीं है कि बाइडन रूस के ख़िलाफ़ हैं और ट्रंप आए तो रूस के दोस्त बन गए। भारत की विदेश नीति की बुनियाद गुट निरपेक्षता में रखी गई थी यानी भारत किसी गुट में नहीं होगा। भारत की इस विदेश नीति का पालन सभी सरकारों ने किया। पिछले 11 सालों से बीजेपी की सरकार है और यह सरकार बहुध्रुवीय दुनिया की वकालत कर रही है। भारत किसी गुट में नहीं है और भारत सभी गुटों में है। भारत पारंपरिक रूप से बहुपक्षीय वैश्विक संस्थानों और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थक रहा है। भारत नहीं चाहता है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जो ग्लोबल ऑर्डर बना था, वो ध्वस्त हो जाए। भारत ने इसी ग्लोबल ऑर्डर में अपनी पकड़ मज़बूत बनाने की कोशिश की, लेकिन ज़रूरी नहीं है कि यह व्यवस्था नष्ट होती है तो भारत के ख़िलाफ़ ही जाएगा। भारत समेत उन सभी देशों के लिए संदेश है कि आप किसी की पीठ थपथपाने से बैटल ग्राउंड मत बनिए। भारत को इस सच का सामना करना होगा कि पुरानी दोस्ती और साझेदारी शायद भविष्य में काम न आए। भारत रूस पर भी आश्रित नहीं रह सकता है क्योंकि पुतिन और ट्रंप अब एक ही पाले में हैं। चीन की क़रीबी पाकिस्तान से बढ़ रही है और ग्लोबल साउथ की अहम शक्तियां ब्राज़ील और दक्षिण अफ़्रीका भी दिल्ली की तुलना में बीजिंग के क़रीब हैं।

## क्या होगा जब अमेरिका नाटो से हटेगा

नाटो के लिए अमेरिका इसलिए जरूरी है कि पूरे यूरोप में एक लाख से अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इनमें से कुछ अमेरिकी गैर नाटो अभियानों में भी सहायता करते हैं। इस वक्त यूरोपीय देशों में से जर्मनी में सबसे अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इसके बाद इटली और ब्रिटेन में अमेरिकी सेना है। फिर पूरी दुनिया को पता है कि अमेरिका वैश्विक महाशक्ति है, जिसकी जीडीपी साल 2024 में बाकी सभी नाटो सदस्य देशों के बराबर थी। रक्षा पर अमेरिका का कुल खर्च नाटो के कुल खर्च का दो तिहाई है। इन सबसे जाहिर है कि अगर अमेरिका नाटो का साथ छोड़ता है तो सदस्य देशों की सैन्य क्षमता में कमी आएगी। नाटो में अमेरिका के नहीं होने से संगठन की सैन्य क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अलग हो जाएगा। इससे सदस्य देशों की सामूहिक सुरक्षा की स्थिति कमजोर होगी। हालांकि, जर्मनी के होने वाले चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने यूरोप के सभी देशों से कहा है कि जितनी जल्द संभव हो यूरोप को और मजबूत करने की जरूरत है, जिससे अमेरिका से आजादी मिल सके। अमेरिका से नाटो को मिलने वाली फंडिंग भी रुक जाएगी और बाकी सदस्य देशों के लिए खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। नाटो के बाकी देशों के पास कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, स्पेस वेपंस और हथियारों की सप्लाई का भी विकल्प नहीं है। ऐसे में यूरोप को खतरे का सामना करना पड़ेगा, खासकर रूस यूरोप पर हमलावर हो सकता है, जिसके लिए यूरोप न तो तैयार है और न ही सालों में तैयारी कर पाएगा। अमेरिका के साथ छोड़ने के बाद यूरोप के देशों को अपनी सैन्य ताकत अपने देश की रक्षा में लगानी होगी और यूक्रेन को तुरंत ही हथियारों की कमी का सामना करना पड़ेगा।

## अमेरिका का प्रभुत्व भी घटेगा

यूएन से अमेरिका के हटने से खुद ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा, बल्कि इससे अंकल सैम के सामने समस्या ही आएगी। यूरोप के देश अपने यहां ही नहीं, अफ़्रीका और पश्चिमी एशिया में भी अमेरिका को ठहरने नहीं देंगे। इनमें से बहुत से देश रूस और चीन के करीब चले जाएंगे।

सबसे पहले तो यही होगा कि वैश्विक मंच से अमेरिका नदारद हो जाएगा। उसका वीटो का अधिकार खत्म हो जाएगा। यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के पांच स्थायी सदस्यों में से एक अमेरिका को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ेगी। यूएन का साथ छोड़ने से वैश्विक स्तर पर अमेरिका का वार्ता और मध्यस्थता का अधिकार खत्म होगा ही, वैश्विक मुद्दों पर इसकी पकड़ कमजोर होगी और चीन की पकड़ बढ़ती जाएगी। अमेरिका के साथ छोड़ने पर यूएन की एजेंसियों की मजबूरी होगी कि वे चीन के झंडे के नीचे आ जाएं। चीन इसे अवसर की तरह लपकेगा।

# टैरिफ से मुकाबले में भारत की रणनीति



ट्रेड वार
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
ख्यात अर्थशास्त्री

हाल ही में 5 मार्च को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप के द्वारा 4 मार्च से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। यद्यपि अभी ट्रंप ने भारत पर टैरिफ रेट का ऐलान नहीं किया है, किन्तु भारत पर टैरिफ वृद्धि चीन और कनाडा से कम ही होगी।

यह स्थिति भारत के पक्ष में है। भारत अभी अमेरिका से आयात होने वाले उत्पादों पर औसतन 9 फीसदी का टैरिफ लगाता है। ऐसे में अमेरिका भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ के आधार पर 9 फीसदी से अधिक टैरिफ नहीं लगाएगा। गोल्डमैन सॉक्स के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ से भारत की जीडीपी पर अधिकतम 0.6 फीसदी तक असर संभव है, जोकि बेहद कम है।

## उपयुक्त टैरिफ रियायतें

सिटी रिसर्च के अनुसार भारत को करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जबकि अमेरिका के साथ व्यापार लक्ष्य 500 अरब डॉलर सुनिश्चित किया गया है। जहां भारत में अमेरिकी टैरिफ से टेक्सटाइल, दवाई, ऑटोमोबाइल, इस्पात, एल्युमिनियम और सेमीकंडक्टर जैसे सेक्टर्स में चिंताएं हैं, वहीं भारतीय शेयर बाजार के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी गिरावट के दौर में हैं। निःसंदेह टैरिफ वार की इन चुनौतियों के बीच भारत अमेरिका के लिए उपयुक्त टैरिफ रियायतों के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की भी नई रणनीति के साथ ट्रंप की टैरिफ मार से मुकाबला करने की डगर पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह भी है कि जहाँ अमेरिका से निर्मित टैरिफ चुनौतियों के बीच अब भारत को निर्यात के नए मौके मिलने की उम्मीद हैं, वहीं ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे सकेगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि 4 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ आर्थिक कारोबारी साझेदारी मजबूत करना चाहता है। ऐसे में भारत के उद्योग-कारोबार क्षेत्र के द्वारा नए मौकों को मुट्ठी में करने के लिए तत्परता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ट्रंप के द्वारा अपनाई जा रही अमेरिका फर्स्ट और रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति के कारण दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है।

## डब्ल्यूटीओ अब मुख्य स्तम्भ नहीं

नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। दुनिया में वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं।

ऐसे में भारत ने इस नए बदलाव को समझते हुए रणनीतिपूर्वक एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट में अमेरिका से आने



वाली वस्तुओं पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ऐसी नई रणनीति पर आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, जिसमें मित्र देशों को पर्याप्त रियायतें भी हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी को नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है।

इसी तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर भी भारत ने रणनीति तय की है। यह बात महत्वपूर्ण है कि अमेरिका, यूरोपीय आयोग और ब्रिटेन इन तीनों का भारत के कुल द्विपक्षीय वैश्विक कारोबार में एक तिहाई से भी ज्यादा का हिस्सा है। वर्ष 2030 तक भारत इन तीनों के साथ अपने द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना बढ़ाने की डगर पर आगे बढ़ा है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले वर्ष से ही इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय लिखे गए हैं। निश्चित रूप से अमेरिका के टैरिफ वार के मुकाबले के लिए भारत की नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएँ भारत की मुट्ठी में एक असरकार हथियार है। भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। एक ओर अमेरिका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमेरिका चीन टैरिफ वॉर के कारण जिन क्षेत्रों में चीन अमेरिका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमे से कई क्षेत्रों में अमेरिका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है।

## वैश्विक व्यापार में बढ़ने के मौके

इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल उपकरण, मोबाइल फोन, फुटवीयर, टेक्सटाइल और गार्मेंट्स, फर्नीचर और घर के सजावटी सामान, वाहनों के कल पुर्जे, खिलौने और रसायन आदि शामिल हैं। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमेरिका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा। इतना ही नहीं, ट्रंप के रुख और उनकी नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे रहा है।

चीन में मैन्यूफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं। इन सबके साथ जिस तरह ट्रंप अमेरिका फर्स्ट की रणनीति के साथ अमेरिका को तेजी से आर्थिक मजबूती देने का प्रयास कर रहे हैं, उसी तरह भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी इंडिया फर्स्ट की रणनीति को तेजी से आगे बढ़ाकर घरेलू उद्योग कारोबार और अर्थव्यवस्था को तेजी से बेरोकटोक आगे बढ़ाने के मौके को मुट्ठी में ले सकते हैं। हम उम्मीद करें कि सरकार अमेरिकी टैरिफ की नई चुनौतियों के बीच नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं और नए मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और अमेरिका सहित अन्य देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में सफल होगी।

# वैश्विक व्यापारिक संबंधों में महत्वपूर्ण मोड़



टैरिफ नीति
डॉ. मोनिका राज
शोधार्थी , नव नालन्दा महाविहार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। यह निर्णय विशेष रूप से उन देशों के खिलाफ लक्षित है जो अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाते हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। ट्रंप प्रशासन का यह कदम भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों के साथ-साथ वैश्विक व्यापार पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। इस नीति के तहत यदि कोई देश अमेरिकी उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उनके निर्यात उत्पादों पर समान या अधिक शुल्क लगाएगा।

## व्यापारिक संबंध और असंतुलन

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध दशकों से मजबूत रहे हैं। भारत अमेरिका को 52.9 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि अमेरिका से भारत में 29.6 अरब डॉलर का आयात होता है। इस व्यापार असंतुलन के चलते अमेरिका को घाटा होता है, और ट्रंप प्रशासन इसे संतुलित करने के प्रयास में पारस्परिक टैरिफ लागू करने की नीति अपना रहा है। अमेरिका का कहना है कि भारत अमेरिकी ऑटोमोबाइल और अन्य वस्तुओं पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाता है, जो अनुचित है। ट्रंप प्रशासन की यह शिकायत केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि चीन, यूरोपीय संघ, ब्राजील, कनाडा, मैक्सिको जैसे अन्य देशों के खिलाफ भी इस तरह के आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा है कि अब अमेरिका को भी ऐसे देशों के खिलाफ कड़े व्यापारिक कदम उठाने होंगे।

## भारतीय निर्यातकों को कठिनाई

अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार पर निर्भर है, विशेष रूप से आईटी, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में। यदि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, तो इन उद्योगों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो जाएगा। भारतीय आईटी कंपनियां अमेरिका में बड़ी संख्या में सेवाएं प्रदान करती हैं। अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियां भी भारतीय टैलेंट और आईटी सेवाओं पर निर्भर हैं। हालांकि, यदि अमेरिका व्यापार नीतियों को सख्त करता है और भारतीय आईटी कंपनियों पर अतिरिक्त टैक्स या शुल्क लगाता है, तो इससे भारत के आईटी क्षेत्र को झटका लग सकता है।

## कम होगी प्रतिस्पर्धात्मकता

भारत दुनिया के सबसे बड़े जेनेरिक दवा निर्यातकों में से एक है। अमेरिका भारतीय दवाओं का एक प्रमुख खरीदार है। यदि इस क्षेत्र पर टैरिफ बढ़ाया जाता है, तो भारतीय दवा कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है और अमेरिकी दवा कंपनियों को इसका फायदा मिल सकता है। अमेरिका ने यह स्पष्ट किया है कि भारत अमेरिकी ऑटोमोबाइल पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाता है। इस नीति के कारण अमेरिका भी



भारतीय ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा सकता है, जिससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में बिक्री कम हो सकती है। अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ नीति लागू करने से वैश्विक व्यापार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। यह नीति केवल भारत ही नहीं, बल्कि चीन, यूरोपीय संघ, कनाडा, मैक्सिको और ब्राजील जैसे देशों को भी प्रभावित करेगी। अगर ये देश भी जवाबी कदम उठाते हैं, तो यह एक व्यापार युद्ध का रूप ले सकता है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही व्यापार युद्ध चल रहा है।

अगर अमेरिका अपनी टैरिफ नीति को और सख्त करता है, तो चीन भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है। इससे दुनिया भर में कच्चे माल और उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे वैश्विक व्यापार अस्थिर हो सकता है। यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच भी व्यापारिक मतभेद हैं। यूरोप भी अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, और अगर अमेरिका यूरोपीय देशों के खिलाफ इस नीति को लागू करता है, तो व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। अगर विभिन्न देश एक-दूसरे के खिलाफ टैरिफ बढ़ाते हैं, तो यह वैश्विक व्यापार को धीमा कर सकता है और आर्थिक मंदी को बढ़ावा दे सकता है। 2008 की आर्थिक मंदी के बाद दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही कई चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक और बड़ा झटका साबित हो सकता है।

## भारत क्या रणनीति अपनाए?

भारत को अमेरिका के इस कदम का जवाब सोच-समझकर और कूटनीतिक तरीके से देना होगा। कुछ संभावित रणनीतियों पर विचार किया जा सकता है। भारत को अमेरिका के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने के लिए कूटनीतिक स्तर पर बातचीत करनी चाहिए। उच्चस्तरीय बैठकों और व्यापारिक वार्ताओं के माध्यम से समाधान निकालने की जरूरत होगी। भारत को अपनी निर्यात नीति को विविधता प्रदान करनी होगी। वर्तमान में भारत का व्यापारिक ध्यान मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप पर केंद्रित है, लेकिन अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया में भी नए व्यापारिक अवसर तलाशने होंगे। अगर अमेरिका भारतीय उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, तो भारत को अपने घरेलू उद्योगों को मजबूत करने की जरूरत होगी।

## स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दें

स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना और नए बाजारों में विस्तार करना इस समस्या का एक समाधान हो सकता है। अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा भारत और वैश्विक व्यापार पर व्यापक प्रभाव डाल सकती है। इससे भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, और अमेरिका के साथ व्यापार घाटा कम करने की दिशा में भारत को नई रणनीति अपनानी होगी। इसके साथ ही, यह नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव पैदा कर सकती है और अन्य देशों को भी अमेरिकी नीतियों के खिलाफ कदम उठाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

भारत को अपनी निर्यात रणनीति को मजबूत करने, नई तकनीकों को अपनाने और व्यापार विविधता लाने की दिशा में काम करना होगा, ताकि इस तरह के आर्थिक झटकों से बचा जा सके। इसके साथ ही, सरकार को अमेरिका के साथ संवाद बढ़ाकर व्यापारिक संबंधों को संतुलित बनाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। इस पूरी स्थिति में भारत को अपनी कूटनीतिक शक्ति और आर्थिक नीतियों को संतुलित करने की आवश्यकता होगी। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो वह इस संकट को अवसर में बदल सकता है और वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति को और मजबूत कर सकता है।

# तरावली मंदिर से दर्शन कर पति के साथ घर लौटी गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवाया, पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित गोपाल नगर पलासी में एक गर्भवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेसुध होने पर पति उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेसुध होने से पूर्व वह पति के साथ बैरसिया के तरावली मंदिर से दर्शन कर लौटी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

एएसआई प्रेमनारायण ठाकुर ने बताया कि 27 साल की अनुसुईया साहू बैरसिया की रहने वाली थी। वर्ष 2019 में उसकी शादी गोपाल नगर पलासी थाना निशातपुरा निवासी अमित साहू से हुई थी। अमित साहू ऑटो चलाता है। उसने पुलिस को बताया कि उसका चार साल का बेटा क्रिश है। उसकी पत्नी अनुसुईया गर्भवती थी और उसे तीन महीने का गर्भ था। उसने मन्नत मनाई थी, जिसे पूरा कराने वह बाइक से अनुसुईया को लेकर तरावली मंदिर ले गया था। वहां से 11 बजे के आसपास अमित पत्नी और बच्चे के साथ लौट आया। कुछ देर बाद ही अनुसुईया की तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेसुध हो गई। अमित उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने बताया कि अनुसुईया की मौत हो चुकी है।

### कुछ दिन से जुकाम और बुखार समेत खांसी की थी शिकायत



अमित ने पुलिस को डॉक्टर का पर्चा दिखाते हुए बताया कि अनुसुईया को कुछ दिन से जुकाम, बुखार और खांसी आ रही थी। बीमार होने के कारण वह कमजोर हो गई थी। उसका डॉक्टर के पास इलाज भी चल रहा था।

## युवती ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या पुलिस को जांच में नहीं मिला सुसाइड नोट

भोपाल। शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित राम नगर कॉलोनी में शनिवार सुबह एक युवती ने अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन उत्तर प्रदेश के महोबा से भोपाल के लिए निकल गए है। रविवार को उनकी मौजूदगी में शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार ममता पिता कमलापत (20) राम नगर कॉलोनी शाहजहांनाबाद में अपनी बड़ी बहन के साथ किराए से रहती थी। दोनों बहनें घरों में साफ-सफाई का काम करती थीं। ममता की एक बड़ी बहन हीराबाई उनसे अलग मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहती है। हीरा बाई ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह मझली बहन बाथरूम में थी। इस दौरान छोटी बहन ममता ने पंखे पर फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही वह उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। वह ममता को घर ले आए। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस ममता के घर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस का कहना है कि ममता के माता-पिता उत्तर-प्रदेश के श्रीनगर माहोबा में रहते हैं। उन्हें सूचना दे दी गई गई है। रविवार को वह भोपाल पहुंचेगे।

## मेहंदी और टैटू में कलाकारी के शोकेस ने लोगों को किया उत्साहित

### हुनर एवं उत्साह का महाकुंभ कॉर्निवाल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



भारत की विविधता का संदेश देते हुए सजी हुई मनमोहक रंगोली, ऐड-मैड शो में क्रिएटिविटी का प्रदर्शन, मेहंदी और टैटू में कलाकारी का शोकेस लोगों के उत्साह को चरम सीमा पर बढ़ा रहे थे। एक तरफ जहां नुक्कड़ नाटक में सामाजिक विषयों को अत्यंत ही रोचक तरीके से उकेरा गया।

प्रतिभागियों को बोरवन के अंदर छिपे हुए क्लू को ढूंढ़कर लाना एक रोमांचकारी अनुभव रहा। ये झलकियां थीं संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के द्वारा आयोजित इंटर-कॉलेज मेगा इवेंट कॉर्निवाल की, जहां 8 इवेंट्स, 30 से ज्यादा कॉलेज एवं 3000 से ज्यादा प्रतिभागियों का संगम हुआ। शास्त्रीय एवं आधुनिक नृत्य पर जहां डांसर्स का प्रदर्शन लाजवाब था, तो वहीं न्यूज़पेपर ड्रेस, ट्रेजर हंट, फ्लेमलेस कुकिंग में निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों की बखूबी प्रशंसा की।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 250 से अधिक मरीजों ने कराया उपचार

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में सामुदायिक भवन में शनिवार को शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय और संस्कार सेना द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 से अधिक रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की गईं। संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर और रक्त की जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

### घर के पास बेसुध मिले युवक की मौत

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित घाटखेड़ी में घर के पास बेसुध मिले युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार विनोद पंथी (45) ग्राम घाटखेड़ी में रहता था और मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम को वह घर के पीछे बेसुध मिला। परिजन उसे इलाज के लिए तत्काल ही निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

### जालसाज ने झांसा देकर नर्स से हड़पे पौने 2 लाख

**भोपाल।** बाग सेवनिया पुलिस ने महिला नर्स की शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा करने और रकम दोगुना करने का झांसा देकर एक लाख 83 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सुरेन्द्र पैलेस बाग सेवनियां निवासी जयश्री मिश्रा पुत्री गिरीश मिश्रा (28) एक निजी अस्पताल में नर्स हैं। विगत 20 फरवरी को अज्ञात मोबाइल नंबर से उन्हें टॉस्क पूरा करने और अवॉर्ड में रकम डबल करने का झांसा दिया गया। आरोपी जालसाज ने नर्स को एक टेलीग्राम ग्रुप पर एड कर लिया और उस पर विभिन्न टॉस्क पूरे करने के लिए दिए। जयश्री मिश्रा ने शुरू में टॉस्क पूरे किए तो उन्हें मामूली रकम अवॉर्ड के रूप में दिए गए। इसके बाद बड़ा टास्क पूरा करने के नाम पर औपचारिकता पूरी करने के बहाने जयश्री मिश्रा को यूपीआई आईडी भेजकर अलग-अलग समय में एक लाख 83 हजार 752 रुपए अनजान खातों में ट्रांसफर करा लिए। रकम ट्रांसफर होते ही अपराधियों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। ठगी का आभास होने पर नर्स ने बाग सेवनियां थाने में शिकायती आवेदन दिया था। जांच के बाद अज्ञात जालसाज के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3872 | | |
| दिन: | 370 | 01 | 128 |
| रात: | 456 | 57 | 890 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 160 | 71 | 380 |
| रात: | 224 | 81 | 236 |

### मामले की जांच के लिए एसआईटी का किया गठन

# फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले सरगना अफजल के बेटे पर भी एफआईआर

◆ फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले सरगना अफजल से सांठगांठ कर रिश्वत में मोटी रकम लेने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग स्थित प्रभात चौराहा पर फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले सरगना अफजल से सांठगांठ कर रिश्वत में मोटी रकम लेने का मामला अब लगातार तूल पकड़ रहा है। प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। रिश्वतखोर थाना प्रभारी जितेंद्र गढ़वाल, एएसआई पवन रघुवंशी समेत अन्य पुलिसकर्मियों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व एसीपी निहित उपाध्याय करेंगे। वहीं इस मामले में अब दो एसीपी जांच कर रहे है।

साइबर फ्रॉड करने को लेकर कॉल सेंटर पर हुई एफआईआर की जांच एसीपी सुरभि मीणा द्वारा की जाएगी, जबकि रिश्वतखोर पुलिसकर्मियों की जांच की जिम्मेदारी एसीपी निहित उपाध्याय को सौंपी गई है। एसआईटी पुलिसकर्मियों की संलिप्तता को लेकर जांच करेगी। साथ ही ये भी पता लगाएगी की इस प्रकरण में थाने के कौन-कौन पुलिसकर्मियों की संलिप्तता है। कॉल सेंटर पर जब रेड की गई थी, उस दौरान मौके से सबसे पहले अफजल के बेटे अमान को पकड़ा गया था, उस दौरान उसे आरोपी नहीं बनाया गया था। एसीपी सुरभि मीणा ने बताया कि मुख्य आरोपी अफजल के बयान और अमान के खातों में ठगी के पैसों के लेनदेन के सबूत मिलने के बाद उसे आरोपी बना लिया गया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं सबूत मिलने के बाद और भी आरोपी मामले में बनाए जा सकते है।

### एफआईआर के बाद थाना प्रभारी, एएसआई समेत अन्य पुलिसकर्मी फरार

### स्कॉर्पियों से भागा रिश्वतखोर पवन रघुवंशी

एएसआई पवन रघुवंशी रिश्वत लेते हुए पकड़ाया था। बाद में उसने तबीयत खराब होने की बात कही और पुलिस ने रहम खाते हुए उसे छोड़ दिया। मामला आलाधिकारियों के संज्ञान में था और रात में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए, तब तक पवन रघुवंशी फरार हो चुका था। सूत्रों ने बताया कि पवन रघुवंशी अपने एक रिश्तेदार के पास गया था। वहां से वह एक स्कॉर्पियों में बैठकर फरार हो गया। पुलिस ने उस वाहन को ट्रेस कर लिया है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। प्रकरण में ऐशबाग थाना प्रभारी रहे जितेंद्र गढ़वाल, एएसआई मनोज कुमार और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह भी एफआईआर होने के बाद जमींदोज हो गए है। उनकी अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तारी के बाद आरोपी की तरफ से शिकायत दर्ज

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सीआरपी गार्डन के पास युवती से बात करने को लेकर हुए विवाद के चलते हुई चाकूबाजी और मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने पहले एक पक्ष की ओर से जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। उस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जांच में खुलासा हुआ है कि छोला मंदिर थाना क्षेत्र में रहने वाला निखिल शर्मा भानपुर के एक मेडिकल स्टोर पर काम करता है।

#### युवती से बात करने पर उठाई आपत्ति

विगत चार-पांच मार्च की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे निवेश अशोका गार्डन स्थित सीआरपी गार्डन में एक युवती से बात कर रहा था। युवती उसकी गर्लफ्रेंड बताई जा रही है। युवती के साथ निखिल को खड़ा देख मोहल्ले में रहने वाले अंकुश, मोहित और कार्तिक वहां पहुंचे और आपत्तिजनक बातें करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर निखिल के साथ गाली-गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर दिया था।

## स्टेट कमांड सेंटर का अब एफआरवी के रिस्पांस टाइम पर ज्यादा फोकस

एफआरवी समय पर पहुंच रही है या नहीं, इसकी हो रही मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में संचालित डायल हंड्रेड सेवा की मॉनिटरिंग भोपाल स्थित स्टेट कमांड सेंटर से की जा रही है। फिलहाल स्टेट कमांड सेंटर का फोकस एफआरवी की रिस्पांस टाइम को लेकर है। रिस्पांस टाइम का मतलब सूचना मिलने से लेकर घटनास्थल तक पहुंचने का अंतराल है। डायल हंड्रेड के हर फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल में जीपीएस यानि ग्लोबल पॉजिशनिग सिस्टम लगा हुआ है। इसमें लोकेशन और टाइम का पता चलता है।

वैसे तो एफआरवी का रिस्पांस टाइम औसत रूप से 15 से लेकर 17 मिनिट तक है, लेकिन यह शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग भी निर्धारित है। हर एफआरवी में एक टेब भी दिया गया है, जिसमें रिस्पांस टाइम का रिकॉर्ड होता है। साथ ही स्टेट कमांड सेंटर की एक टीम रिस्पांस टाइम का विश्लेषण करती है। हाल ही में रिस्पांस टाइम का फर्क आने पर संबंधित एफआरवी के पुलिसकर्मियों से जबाब भी मांगा जा रहा है। इतना ही नहीं कई पुलिसकर्मियों को दंडित भी किया गया है। रिस्पांस टाइम को लेकर डायल हंड्रेड मुख्यालय काफी सख्ती बरत रहा है। आला अधिकारियों का मानना है कि सूचना मिलने के बाद एफआरवी को नर्धारित रिस्पांस टाइम में पहुंचना उसमें तैनात पुलिसकर्मियों की पहली जिम्मेदारी है।

#### एडवांस फीचर्स से लैस एफआरवी होंगी तैनात

देखा जाए तो वर्तमान में पुलिस की 1000 एफआरवी काम कर रही है, हालांकि वो काफी पुरानी हो चुकी है। इस लिए रिस्पांस टाइम अधिक है। रिस्पांस टाइम कम करने के लिए जल्द ही एडवांश फीचर से लैस नई एफआरवी की खरीदे जाने का प्लान है। इसके लिए डायल हंड्रेड के नए टेंडर मंजूरी प्रकिृया में है। हालांकि उच्च स्तर से इसे सहमति मिल चुकी है।

## हर किसी की अपेक्षा अच्छा कॅरियर पाने की होती है

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में ओपन मेगा कैंपस ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने महिला सशक्तिकरण की भावना को मूर्त रूप देने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन ओपन मेगा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया और महिलाओं के हृदय के भाव अनुरूप इस मेगा ड्राइव को समस्त शैक्षणिक संस्थानों के महिला एवं पुरुष दोनों प्रतिभागियों के लिए रखा गया।

यह ऐतिहासिक आयोजन छात्रों को शानदार कॅरियर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। 35 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी के साथ पूरे कैंपस में उत्साह और जागरुकता का माहौल छा गया। इस ओपन मेगा कैंपस ड्राइव में चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल, मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल तथा नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल ने नियोक्ता के रूप से भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि जो छात्र उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आते हैं उनकी अपेक्षा अच्छा कॅरियर पाने की होती है, जिसे पूरा करने के लिए महिला दिवस पर महाविद्यालय ने यह ओपन मेगा कैंपस ड्राइव उपहार स्वरूप दिया है।

## एसडीएम के नेतृत्व में भोजपुर विस क्षेत्र में हो रहा विकास



**औबेदुल्लागंज।** गौहरगंज एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव एवं समुदाय के बेहतर तालमेल से भोजपुर विस का विकास हो रहा है। एसडीएम ग्राउंड पर उतार कर विकास कार्य में लगे हैं। ग्रामों को आदर्श बनाने की पहल हो या नगरीय क्षेत्र को मॉडल बनाने की नीति एसडीएम द्वारा समन्वित प्रयास से लागू की जा रही है।

एसडीएम के नेतृत्व में नगरीय क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर सुंदर शहर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों को आदर्श बनाने योजनाओं के क्रियान्वयन पर पूरा फोकस किया जा रहा है। संस्कृति के संरक्षण में भी एसडीएम की भूमिका सराहनीय है। भोजेश्वर महादेव मंदिर में मेले के आयोजन को पूरे दलबल के साथ सफलतम रूप देने पर लोगों ने सराहना की है। विधायक सुरेन्द्र पटवा के मार्गदर्शन में ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं का समाधान किया जाता है। ग्रामीण समस्याओं का हर दिन एसडीएम द्वारा सूचिबद्ध कर निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है। वहीं क्षेत्र में फैली सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए भी अभियान चलाया गया है। सट्टा-जुआ एवं शराबमाफियों पर भी कार्रवाई की जा रही है।



## आरोग्य केंद्र में सीएचओ के न आने से नहीं हो पा रहा बच्चों का टीकाकरण

**औबेदुल्लागंज।** टिगरिया के ग्राम वासियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग औबेदुल्लागंज के अंतर्गत आने वाले आरोग्य मंदिर में टीवटिया की सीएचओ के न आने से ग्राम पंचायत टिगरिया के आरोग्य केंद्र में छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण नहीं हो रहा है। वे आंगनबाड़ी केंद्र पर अनुपस्थित रहती हैं और जब भी ग्रामवासी सीएचओ को फोन लगाकर जानकारी लेना चाहते हैं तो वे फोन भी रिसीव नहीं करतीं। जनप्रतिनिधियों ने कई बार कहा कि टीकाकरण जैसे कार्यक्रम में उपस्थित रहें, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सबको मिल सके। टिगरिया की सीएचओ वैशाली गजभिए को जब कॉल लगाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। गांव टिगरिया के लोगों से पता चला है कि उनके घर में ताला लगा है, वे घर पर नहीं हैं। टिगरिया के अरुण यादव ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को तीन-तीन बार फोन लगाया, लेकिन सीएचओ ने फोन नहीं उठाया।

### परिवार के साथ अपने गृह ग्राम जैत जाते समय औबेदुल्लागंज में रुके

## केंद्रीय मंत्री शिवराज का धाकड़ समाज और भाजपा मंडल के सदस्यों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





शनिवार शाम करीब 7 बजे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पत्नी साधना सिंह अपने दोनों बेटे कार्तिकेय चौहान एवं कुणाल चौहान के विवाह के उपरांत गृह ग्राम जैत जाते समय औबेदुल्लागंज में रुके। जहां धाकड़ समाज एवं भाजपा मंडल के तत्वावधान में उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, दीपू परमार, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, नरेंद्र शर्मा, पवनजोत सिंह, रवि शंकर राय, माधव यादव, पार्षद सुजीत यादव, वागीश अग्रवाल, नंदू शर्मा, प्रकाश पटेल, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल चौहान, रामपाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, मनोज चौरसिया, पूर्व महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, महिला मंडल अध्यक्ष माया राय, विद्या अग्रवाल, सपना रैकवार, रेखा कपूर, भारती सेठी, आरती यादव, रामकिशोर नंदवंशी, जीतू नंदवंशी, सर्वेश गौर, गजेंद्र नागर, नरेश सेठी, व्यापार महासंघ के जगदीश चंदानी, रमेश वासवानी, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, राजू पटेल, प्रदीप अरोरा ने स्वागत किया। वहीं, धाकड़ समाज ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, नीरज चावला, तेज सिंह नागर, गौरी शंकर नागर, जेपी शर्मा, रामेश्वर नागर, उमेश नागर आदि लोग मौजूद थे।

### जहरीला पदार्थ पीकर छात्रा ने दी थी जान, महिला समेत दोस्त पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कुटीर नगर में गुरुवार दोपहर इंजीनियरिंग छात्रा ने जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व छात्रा ने परिजन को बताया था कि उसे एक महिला और युवक प्रताड़ित कर रहे थे। युवक उसके साथ मारपीट करता था। मरने से पूर्व परिजन ने उसका एक वीडियो भी बनाया था। वीडियो में छात्रा कह रही थी कि महिला और युवक ने उसे बर्बाद कर दिया है। पुलिस ने जांच के बाद महिला और युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 20 साल की साक्षी, कुटीर नगर छोला में रहती थी। पुलिस ने वीडियो और परिजन के बयान के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### विधायक ने दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

## महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं: पटवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



महिलाएं हमारे समाज की धूरी है। महिला सशक्तिकरण के बिना कोई राष्ट्र या समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। भारत में अत्यंत प्राचीन काल से ही मां, बहन और बेटी का स्थान सबसे ऊपर रहा है। महिलाओं की ममता और मातृत्व जैसे गुणों के कारण ही घर-परिवार, समाज और राष्ट्र खुशहाल, संस्कारवान और प्रगतिशील बनता है। यह बात भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेशनल हाइवे पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभाकमनाएं देते हुए कहा कि प्रारंभ से ही प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी रही है।

महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दिया है चाहें शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, सुरक्षा, ज्ञान-विज्ञान का क्षेत्र हो। महिलाओं ने अपनी मेहनत से सफलता के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी कहीं अधिक है। महिला अधिकारी, कर्मचारी, डॉक्टर, एएनएम, नर्स सभी पूरी लगन और सेवाभाव से उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं।

#### केंद्रीय मंत्री शिवराज का किया स्वागत

कार्यक्रम के दौरान भोपाल से अपने पेतृत्क गावं जा रहे केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का नगर में खेड़ापति माता मंदिर चौराहे पर भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री सहपरिवार जैत जा रहे थे। इस दौरान विधायक सुरेन्द्र पटवा ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पुत्र कर्तिक व कुणाल चौहान के विवाह की शुभकामनाएं भी दी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संस्कार द फाउंडेशन स्कूल में हुआ आयोजन

## महिलाओं के संस्कारवान एवं प्रतिभावान होने से सुधर जाती है परिवार की दशा: चौकसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को महावीर कॉलोनी स्थित संस्कार द फाउंडेशन स्कूल में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे की उपस्थित में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान नप अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने कहा कि महिलाएं संस्कारवान एवं प्रतिभावान हो तो परिवार की दशा सुधर जाती है। साथ ही देश का मान भी बढ़ जाता है। आज महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं हैं, जो हमारी सरकार के प्रयास से संभव हो सका है। इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी। मप्र जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार ने गीतों एवं अपने ओजस्वी संवाद से महिलाओं में नई उर्जा का संचार किया। स्कूल की प्राचार्या स्वाति दुबे ने सभी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारती नरेश सेठी ने भी महिलाओं को बधाई दी। कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

समूचा बरसाना होली की मस्ती में हो गया सराबोर



# घूंघट की आड़ से बरसीं लाठियां और सबने सुनी हुरियारिनों की मीठी गालियां

एजेंसी ▶▶ बरसाना/मथुरा

घूंघट की ओट से लाठियों की तड़तड़ाहट, अल्हड़ हुरियारों की मस्ती से समूचा बरसाना होली की मस्ती में सराबोर हो गया। जिधर देखा हुरियारों की टोली रंग-गुलाल उड़ाते हुए आगे बढ़ रही थी। हुरियारिन का भी जोश कम नहीं था, वे भी हुरियारों पर जमकर गुलाल तो उड़ेल ही रहीं थी, अपितु लाठियां भी बरसा रही थीं। ऐसा ही नजारा समूचे बरसाना का नजर आया। आसमान भी सतरंगी गुलाल से रंगीन हो गया। एक तरफ हुरियारिनों की मीठी गालियां माहौल को और होलीमय बना रहीं थी। इस अद्भुत लट्ठमार होली के लाखों श्रद्धालु साक्षी बने।

आसमान भी सतरंगी गुलाल से हो गया रंगीन

### रिकॉर्ड भीड़ पहुंची बरसाना

लट्ठमार होली मेला में भीड़ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस बार लाखों श्रद्धालु पहुंच गए। बरसाना में तीन किलोमीटर तक का मार्ग श्रद्धालु से खचाखच भरा रहा। अपार भीड़ को देखते हुए पुलिस ने बाइक भी बंद कर दी।

## भीड़ ने तोड़ा रिकॉर्ड » चहुंओर उड़ा रंग-गुलाल



### लाखों की संख्या में श्रद्धालु नंदगाव पहुंचे

बरसाना और नंदगांव के अनुपम और अद्वितीय रिश्तों का यह पर्व यूं ही नहीं पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। इस पर्व पर प्रेम का रंग भी बरसता है। लट्ठमार होली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार सुबह सखियों नंदगांव होली खेलने का आमंत्रण लेकर आई बरसाना के हुरियारों के प्रतिनिधि के रूप में होली खेलने आने का समाचार सुनाया। इतना सुनते ही मरस्तना होलों की तैयारी तेज हो गई। हुरियारिनों ढालो को तेल पिलाकर तैयार कर लिया, आखिर उन्हें हुरियारों पर नंदगांव जो है। इस होली का साक्षी बनने को लाखों की संख्या में श्रद्धालु शुक्रवार को हो नंद गांव पहुंच गए।

होली का न्योता लेकर किया विदा

### दोत की खप पर चढ़तु झूम रहे थे...

होली के न्योते को नंदगांव की होली के दौरान भक्तों पर पुष्प वर्षा करते टेसू के फूलों से रंग तैयार बंशी गोस्वामी नंदबाबा मंदिर कर सोलह श्रृंगार राधा दासी सखी चली रे नंदभव बरसाना से नंदगांव होली का न्योता लेकर आती राधा सखी साथ में गोपाल सखी बरसाने के हुरियारे यशोदा कुंड पहुंचे। यहां उनकी खातिरदारी होगी और फिर लभी लोग नंदबाबा मंदिर पर पहुंचेंगे। नंदगांव सोलह श्रृंगार कर, लंबा घूंघट ओढ़कर जब राधा की सखा को ताहलों के महल से खेली का आमंत्रण लेकर विदा किया और कहा दोत की खप पर चढ़तु झूम रहे थे।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में रो पड़ी स्मगलिंग की आरोपी रान्या राव



**बेंगलुरु।** कन्नड एक्ट्रेस रान्या राव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उस पर गोल्ड स्मगलिंग के गंभीर आरोप लगे हैं। 3 दिन की डीआरआई कस्टडी में भेज दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जब एक्ट्रेस को कोर्ट में पेश किया गया था, वो फूट-फूट कर रोने लगी। वो सोच रही थी कि आखिर क्यों इस सब चक्कर में फंस गई?

### सोनीपत में खनन कारोबारी के घर छापा



**सोनीपत।** सोनीपत में खनन कारोबारी के घर पर ईडी ने रेड डाली है। अनिल विहार कॉलोनी स्थित नीरज शर्मा के घर पर 2 गाड़ियों में अधिकारी पहुंचे। पंजाब और यमुनानगर में नीरज शर्मा का कारोबार फैला है। नीरज सरपंच भी रह चुके हैं। नीरज की दवा की फैक्ट्री भी है। खनन कारोबार में अनियमितता पर छापेमारी की गई।

### शाहरुख, अजय और श्रॉफ 19 को पेश हों



**जयपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग जयपुर -2 ने अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ के साथ विमल पान मसाला निर्माता जेबी इंडस्ट्रीज को पान मसाला के कथित भ्रामक विज्ञापन को लेकर नोटिस जारी किया है। अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने 19 मार्च को पेश होने को कहा है।

### बिल्डिंग की छत गिरी मलबे में दबे कई लोग



**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में फोकल पॉइंट के पास कोहली डाइंग में एक बॉयलर फट गया। इसका धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज से दो मंजिला छत का पिछला हिस्सा गिर गया। इसमें करीब 20 मजदूर दब गए। करीब 12 मजदूर बाहर निकल आए, लेकिन अभी भी 6 मजदूर इसमें फंसे हुए हैं।

## महिला समृद्धि योजना: दिल्ली की रेखा सरकार की कैबिनेट ने दी मंजूरी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने किया ऐलान

# हर माह मिलेंगे 2500 रु., 5100 करोड़ रुपए के आवंटन को भी दी हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैबिनेट ने महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना के लिए 5,100 करोड़ रुपए का आवंटन मंजूर किया है। इसके तहत महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपए मिलेंगे। इसका ऐलान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को किया।

नड्डा ने कहा कि मैं कहता हूं कि जिस घर में नारी का सम्मान नहीं है, वो घर आगे बढ़ नहीं सकता। जिस देश में नारी का सम्मान नहीं है, वो देश आगे नहीं बढ़ सकता। पीएम मोदी ने इस बात को समझा और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि आज हमारी सरकार का फोकस महिला विकास पर है। प्रधानमंत्री मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय साथ देश को भाजपा ने हमेशा मूलरूप में मानकर आगे चला है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए एक वर्ष के लिए 5,100 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। अब हम पंजीकरण शुरू करेंगे और इस योजना को लागू किया जाएगा।

> जेपी नड्डा ने कहा कि दिल्ली में यदि महिला का साथ न मिलता तो दिल्ली में जीत संभव नहीं हो सकता है। महिला दिवस पर महिला सशक्ति को नमन करता हूं और दिल्ली की महिलाओं को नमन करते हुए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान किया है।

## जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में नड्डा ने सरकार का लक्ष्य सामने रखा

हमारी सरकार का फोकस महिला सशक्तिकरण

जहां नारी का सम्मान नहीं, वह नहीं बढ़ सकता आगे



### महिलाओं के योगदान से बनी भाजपा की सरकार

नड्डा ने कहा कि दिल्ली में यदि महिला का साथ न मिलता तो दिल्ली में जीत संभव नहीं हो सकता है। महिला दिवस पर महिला सशक्ति को नमन करता हूं और दिल्ली की महिलाओं को नमन करते हुए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान किया है। ये जीत महिलाओं के आशीर्वाद और सहयोग से ही संभव हो पाई है।

### मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय के साथ देश को आगे बढ़ा रहे

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज हमारी सरकार का फोकस महिला विकास पर है। प्रधानमंत्री मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब नारीशक्ति का विकास होता है, तो दुनिया का विकास होता है। इसलिए नारीशक्ति को भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा मूलरूप में मानकर आगे चला है।

### महिलाओं ने भाजपा पर भरोसा जताया

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'महिला दिवस कार्यक्रम' में कहा कि सरकार बनाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। महिलाओं ने भाजपा पर भरोसा जताया है। देश में भाजपा की महिला सीएम और डिप्टी सीएम हैं। महिलाओं के बिना जीत पाना संभव नहीं था। भाजपा के पास सबसे ज्यादा महिला सांसद हैं। महिलाएं अब मुख्या धारा का हिस्सा हैं।

### सीएम रेखा ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर कसा तंज

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा के दिल्ली महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केवल भाजपा में ही महिलाओं का सम्मान होता है। कांग्रेस काल में जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं तो उस समय उनके अलावा कोई अन्य महिला कैबिनेट में नहीं थी। वहीं आप की सरकार में महिला सांसद को घर पर बुलाकर पीटा जाता था। दिल्ली के हर जिले में वन स्टॉप सेंटर बनाया जाएगा। हर जरूरत की जगह पर पिंक शौचालय बनाएंगे। महिलाओं से जो वादा किया है उसे भी पूरा करेंगे।

पोर्टल पर पंजीकृत करेंगे

सीएम रेखा ने कहा कि एक कमेटी बनाई गई है। इसमें कपिल मिश्रा, आशीष सूद और प्रवेश वर्मा को शामिल किया गया। एक पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। वहीं आशीष सूद ने कहा कि जल्द ही पोर्टल शुरू हो जाएगा। यह पूरी तरह से पारदर्शी काम होगा। इस योजना को लागू करने के लिए पूरी तेजी से काम होगा। वहीं आम आदमी पार्टी पर उन्होंने कहा कि आप हमेशा आरोप लगाती रहती है यह न होता तो कुछ और आरोप लगाती रहती। मंत्रियों की कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी इस योजना को प्रभावी तरीके से लागू करेगी।

आप और कांग्रेस ने कसा तंज

### खोदा पहाड़ निकली चुहिया:आतिशी



दिल्ली में महिला समृद्धि योजना की मंजूरी पर पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी का बड़ा बयान सामने आया है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि दिल्ली चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को वादा किया था कि 8 मार्च को उनके खाते में 2,500 रुपए आएंगे। ये भी कहा था कि ये मोदी की गारंटी है। आज दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही थीं। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने ये साबित कर दिया कि ये मोदी की गारंटी नहीं एक जुमला था। आज दिल्ली की महिलाओं को न तो 2,500 रुपए मिले, न ही रजिस्ट्रेशन मिला। मिला क्या एक 4 सदस्यी कमेटी। यानी खोदा पहाड़ निकली चुहिया। यह एक शुरुआत है। उनके सभी वादों का यही हाल होगा।

### 10 फीसदी महिलाओं को भी नहीं मिलेगा योजना का लाभ: संजय



इस संबंध में विपक्षी पार्टी की ओर से बयान आने शुरू हो गए हैं। पार्टी के नेता लगातार रेखा सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। संजय सिंह ने कहा कि यह वादा मोदी सरकार का एक तरह का जुमला है। पता चल रहा है कि इस योजना के तहत 10 फीसदी महिलाओं को भी लाभ नहीं मिलेगा।

### हर विधानसभा में क्षेत्र में 200-300 महिलाओं को ही मदद मिलेगी: दत्त



'महिला समृद्धि योजना' को मंजूरी दिए जाने पर कांग्रेस नेता अभिषेक दत्त ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने 5,100 करोड़ रुपए की महिला सम्मान योजना की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने गारंटी दी थी कि 8 मार्च को दिल्ली की सभी महिलाओं के खातों में 2,500 रुपए जमा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब अगर हम 5,100 करोड़ रुपए को 12 से विभाजित करते हैं, तो हर विधानसभा क्षेत्र में मुश्किल से 200-300 महिलाओं को मदद मिल सकेगी।

## हरियाणा के किसान की करामात देखने को लगी भीड़

केवल 8 वीं तक पढ़े लिखे और ये जूनून

# रणधीर ने अपने खेत में तैयार 6.1 फीट की लौकी दिखाई

उन्नत और जैविक खेती के लिए जागरुकता

एजेंसी ▶▶ पंतनगर

किसानों को उन्नत खेती और जैविक खेती के लिए जागरूक कर रहे हरियाणा के किसान रणधीर सिंह अपने खेत में तैयार 6.1 फीट की लौकी लेकर पहुंचे। ये वही प्रगतिशील किसान हैं, जिन्हें जैविक खेती के लिए देश के पहले नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया था। रणवीर ने 116 से अधिक सब्जियों की विभिन्न वैरायटी तैयार कर विश्व रिकार्ड बना चुके हैं। हरियाणा



निवासी रणधीर ने कृषि को ही लक्ष्य बना लिया। 8वीं तक की पढ़ाई और 14 वर्ष की आयु से ही पिता संग खेती में हाथ बंटाकर 8 एकड़ की खेती में उन्नत फसल और जैविक सब्जियां तैयार कर रहे हैं।

### किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया

अपने 68 वर्ष की आयु में उन्होंने कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया न ही लोन लिया। उन्होंने बढ़ती उर्वरक युक्त खाद्य पदार्थ, अनाज, सब्जियों को देखते हुए उन्होंने सिर्फ जैविक खेती पर जोर दिया। गेहूं, धान, मक्का के अलावा विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती की। वर्ष 2000 में हल्की की एक गांठ जिसका वजन 3.450 ग्राम था तैयार कर जैविक खेती में देश में पहला नेशनल अवार्ड मिला। उनका नाम लिम्का बुक में दर्ज है।

## 11 दिन से गायब मनीष सिसोदिया अब आए सामने



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की करारी शिकस्त के बाद वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बना ली थी। उनके बारे में कई तरह के सवाल खड़े होने लगे थे। कुछ दिनों तक उनका फोन भी बंद था उनकी गैरमौजूदगी चर्चा का केंद्र रही। अब उन्होंने बताया वे कुछ दिनों से विपश्यना केंद्र में थे।

## राजस्थान विधानसभा में जमकर बरपा हंगामा

# सदन में नोकझोंक, भाजपा विधायक ने कांग्रेस नेता को कहा 'पाकिस्तानी'

आखिरकार मामला स्पीकर के पास तक पहुंचा

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को दो विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। यह मामला तब बढ़ गया जब भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने कांग्रेस के मुख्य सचेतक रफीक खान को बार-बार 'पाकिस्तानी' कहा। इस टिप्पणी पर विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। यह घटना शहरी विकास एवं आवास और स्थानीय स्वशासन विभागों के लिए अनुदान मांगों पर



चर्चा के दौरान हुई, जब गोपाल शर्मा ने कांग्रेस रफीक के खिलाफ टिप्पणी की। गोपाल की यह टिप्पणी उस समय आई जब रफीक खान कांग्रेस और भाजपा सरकारों की तुलना कर रहे थे।

### रफीक ने जवाब शायरी के साथ दिया

जैसे ही चेयरपर्सन संदीप शर्मा ने हस्तक्षेप किया और भाजपा विधायक को बैठने के लिए कहा, विपक्ष के नेता टीका राम जूली ने कहा कि यह क्या है? एक आदमी जो चाहता है वह कहता है। जूली ने कहा कि इस तरह से किसी के सम्मान और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना गलत है। शुक्रवार को विधानसभा में रफीक खान ने गोपाल शर्मा के कटाक्ष का जवाब शायरी के साथ दिया, उनका जो फ़र्ज़ है वो अहल-ए- सियासत जानें, मेरा पैगाम मोहब्बत है जहां तक पहुंचें।

## पैर छूने के लिए झुके बिहार के मुख्यमंत्री

# रविशंकर प्रसाद ने पकड़ लिया हाथ तत्काल नीतीश को लगा लिया गले

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शनिवार को उनके पैर छूने के लिए झुके। नीतीश कुमार जब विदाई के समय रविशंकर प्रसाद के पैर छूने के लिए झुके, तो भाजपा सांसद ने तुरंत उनका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगा लिया। दरअसल पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस होली मिलन समारोह में शिरकत की थी।

होली मिलन समारोह में दिखा ऐसा नजारा



### इसके पहले पीएम मोदी के साथ भी ऐसा ही हाल रहा

पिछले साल नवंबर में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला था जब नीतीश कुमार दरभंगा में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूने के लिए झुके थे, तो पीएम मोदी ने उनका हाथ पकड़कर रोक दिया था और फिर हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया था। इस दौरान मंच पर भाजपा और जेडीयू के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## शांति के वास्ते मणिपुर में 22 महीने बाद खुले रास्ते

राज्य परिवहन की बस को रोकने की कोशिश की

# सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच फिर दिखी झड़प, दागने पड़े आंसू गैस के गोले, एक की मौत

इंफाल घाटी और कांगपोकपी जिले के बीच बॉर्डर पर हंगामा, 25 घायल

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर राज्य परिवहन की बस पर शनिवार को कांगपोकपी में हमला हुआ। इंफाल से पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अंतर-जिला बस सेवा फिर से शुरू हुई। दिसंबर में राज्य सरकार ने इंफाल से कांगपोकपी और चुराचांदपुर के लिए सार्वजनिक बस सेवा फिर से शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन मणिपुर राज्य परिवहन स्टेशन, मोइरांगखोम, इंफाल में कोई भी यात्री बस में नहीं बैठा। सेनापति जिले की ओर से जा रही बस पर कांगपोकपी जिले के गमगमिफाई इलाके में भीड़ ने पत्थर फेंके। सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। सुरक्षा बलों के साथ झड़प में एक युवक लालगौथांग सिंगसिट की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। सिंगसिट को झड़प के दौरान गोली लगी और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई।



### सरकार ने बस सुविधा दी थी

मणिपुर के राज्यपाल एके भल्ला के नेतृत्व वाले प्रशासन ने केंद्र के निर्देश को मानते हुए बंद रास्तों को खुलवा दिया। लोगों की आसान आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने सार्वजनिक बसों की व्यवस्था की है, जो केंद्रीय बलों की सुरक्षा के बीच शनिवार से पहाड़ी और घाटी क्षेत्र के बीच चल रही हैं।

### कुकी ने खतरनाक बताया

कुकी संगठनों ने प्रस्तावित मार्च को खतरनाक उकसावा बताया। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में प्रवेश न करने की चेतावनी दी। जनजातीय एकता समिति ने भी शाह के फ्री मूवमेंट के आह्वान को अस्वीकार कर दिया। समिति ने कहा कि मार्च को सुविधाजनक बनाना बफर जोन का स्पष्ट उल्लंघन होगा।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने दिया सख्त कार्रवाई का निर्देश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में सुरक्षा बलों को मणिपुर में 8 मार्च से सभी मार्गों पर लोगों की खुली आवाजाही सुनिश्चित करने और अवरोध पैदा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में सभी जरूरी मदद प्रदान कर रहा है।

बोले नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

# जंग में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल ने कमजोर देश भी ताकतवर विरोधी बना, हमें चौकन्ना रहने की जरूरत, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



जंग के दौर पर सप्लाई चैन पर असर

दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि आज की टेक्नोलॉजी ने कमजोर विरोधी को भी मजबूत बना दिया है और ऐसे में सबसे पहले हमें चौकन्ना रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जंग के दौर में सप्लाई चैन पर असर पड़ता है और ऐसे में हमें आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना है। जंग के समय अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए दोस्त भी साथ छोड़ सकते हैं, इसीलिए हमें आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। इसके अलावा हमें खुद पर भरोसा रखना चाहिए और वक्त के साथ रणनीति को बदलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन जंग ने इस मिथक को तोड़ दिया है कि भविष्य के युद्ध छोटे होंगे। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी ने जंग के दौरान कमजोर देश को भी ताकतवर दुश्मन को चुनौती देने का मौका दिया है, खासकर जब उन्हें अन्य देशों का समर्थन मिल रहा हो।

नौसेना प्रमुख ने कहा जंग में हथियारों का इस्तेमाल और क्षेत्र नहीं बदले लेकिन समय के साथ जंग के तरीके बदल गए हैं जिसकी सबसे बड़ी वजह टेक्नोलॉजी है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने भी हालात के हिसाब से खुद को आधुनिक बनाया है जिसमें अनमैन्ड व्हीकल आदि शामिल हैं।

*एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि जंग में हथियारों का इस्तेमाल और क्षेत्र नहीं बदले लेकिन समय के साथ जंग के तरीके बदल गए हैं जिसकी सबसे बड़ी वजह टेक्नोलॉजी है। भारतीय नौसेना ने भी हालात के हिसाब से खुद को आधुनिक बनाया है जिसमें अनमैन्ड व्हीकल आदि शामिल हैं*

**नेवी ने किया दो टास्क फोर्स का गठन**

*एडमिरल त्रिपाठी ने इस बात पर जोर दिया कि आर्मी, नेवी और एयर फोर्स रक्षा मंत्रालय के पर्याप्त सहयोग से इनोवेशन और स्वदेशीकरण की तरफ आगे बढ़ा रही हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ तीनों सशस्त्र बल इस कोशिश में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि नेवी ने ऐसे स्टार्टअप्स की मदद के लिए दो टास्क फोर्स का गठन किया है, जिनके पास उपकरण विकसित करने की क्षमता है, लेकिन खरीद प्रक्रिया के बारे में जानकारी नहीं है।*

**हिंद महासागर में हर गतिविधि पर नेवी की नजर**

**जंग में वक्त के साथ रणनीति को बदलना जरूरी**

### पाक 300 किमी तक हमारे क्षेत्र में नहीं आ सकता

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हम अपने दोस्तों और दुश्मनों दोनों पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में हर गतिविधि पर नेवी की पैनी नजर है। चीन के हर जंगी जहाज पर नेवी नजर बनाए हुए है। चीन अभी से नहीं काफी पहले से पाकिस्तान की नेवी, आर्मी और एयरफोर्स को मदद दे रहा है लेकिन उसमें हम कुछ नहीं कर सकते। हमारा काम है उनकी रणनीति का जवाब देना है। पाकिस्तानी एयरक्राफ्ट कैरियर हमारे क्षेत्र में कहीं से भी 300 किमी के अंदर तक नहीं आ सकता क्योंकि नेवी की निगरानी काफी मजबूत है और ऐसे में उन्हें पहले ही रोक दिया जाएगा।

एफ-35 विमानों पर वायुसेना प्रमुख की दो टूक

## यह कोई फ्रिज नहीं है कि देखा और खरीद लिया



*हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। इसे लेकर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस विमान पर अब तक कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं दिया है। उन्होंने भारत को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी को अपनाने और अपनी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत पर जोर दिया। एपी सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना ने अभी तक एफ-35 विमान का विश्लेषण नहीं किया है और इसकी लागत भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि हमें इसे सावधानीपूर्वक विश्लेषण करना होगा कि हमारी आवश्यकताएं क्या हैं और इस विमान के साथ क्या मिलता है। लागत भी इसका एक हिस्सा है।*

**खबर संक्षेप**

### कठुआ में 3 लापता लोगों के शव मिले, हत्या का शक



**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन लापता लोगों के शव बिलिवार की ऊपरी पहाड़ियों पर मिले। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। सभी तीन दिन पहले आतंकवाद प्रभावित इलाके से लापता हुए थे। इनकी पहचान जोगेश सिंह (35 साल), दर्शन सिंह (40 साल) और वरुण सिंह (14 साल) के रूप में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक तीनों 6 मार्च की रात करीब 8:30 बजे एक शादी में शामिल होने के लिए निकले थे। इसके बाद से ही गायब थे। इनमें से एक ने दो दिन पहले अपने परिवार से संपर्क किया था।

### अवैध शरणार्थी 31 मार्च तक पाक छोड़ें: पीएम



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने अवैध शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड होल्डर्स को 31 मार्च तक देश छोड़ने का अल्टीमेटम दे दिया गया है। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने 31 मार्च तक देश नहीं छोड़ा तो एक अप्रैल से उन्हें निर्वासित करना शुरू कर दिया जाएगा। बता दें, पाकिस्तान देश में हो रहे आतंकी हमलों और बढ़ते अपराधों के लिए अफनाग नागिरकों को दोषी मान रहा है। अफगानिस्तान लगातार इन आरोपों को खारिज कर रहा है।

बेलफास्ट में भारतीय महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन, जयशंकर बोले

# भारत-यूके व्यापार संबंधों को मिलेगा नया बल, हम एफटीए पर चर्चा कर रहे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- यूके-यूरोपियन नीतियों के बीच भारत एक महत्वपूर्ण कड़ी
- कौशल, साइबर, तकनीकी और विनिर्माण में करेंगे सहयोग

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को मैनचेस्टर, यूके में भारत के चौथे महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इसके पहले शुक्रवार को उत्तरी आयरलैंड की राजधानी बेलफास्ट में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस दूतावास का उद्घाटन भारतीय प्रवासियों की बढ़ती संख्या की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है।

जयशंकर ने दूतावास के उद्घाटन समारोह में समुदाय के नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कदम भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रवासी समुदाय के योगदान को सराहने का प्रतीक है। बता दें कि बेलफास्ट में भारतीय समुदाय का एक बड़ा हिस्सा है, जो पिछले जनगणना के अनुसार लगभग 10,000 लोगों का घर है। जयशंकर ने कहा कि इस दूतावास का उद्घाटन भारत की यूके और यूरोपियन नीतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है और यह दोनों क्षेत्रों के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भारत और यूके दोनों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।


- मैनचेस्टर, यूके में भारत के चौथे वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया



**भारतीय समुदाय को मिलेंगी बेहतर सेवाएं**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उत्तरी आयरलैंड की आर्थिक संभावनाओं का भी उल्लेख किया, विशेष रूप से इसकी जहाज निर्माण क्षमता और वहां भारतीय आईटी कंपनियों की उपस्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत प्रवासी समुदाय के योगदान को बहुत प्राथमिकता देता है और इस दूतावास के माध्यम से भारतीय समुदाय को बेहतर सेवाएं देने की कोशिश की जाएगी।

**आयरलैंड के मंत्रियों के साथ बैठक**



*दिश मंत्री एस. जयशंकर ने उत्तरी आयरलैंड की उप-प्रथम मंत्री एम्मा लिटिल-पेंगेली और जूनियर मंत्री आइसलिंग रेली के साथ कुछ राजनीतिक बैठकों का आयोजन किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस दूतावास की स्थापना में मिले समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया और उत्तरी आयरलैंड के साथ भारत के जुड़ाव को बढ़ाने के संभावनाओं पर चर्चा की, खासकर कौशल, साइबर, तकनीकी, रचनात्मक उद्योग और विनिर्माण क्षेत्रों में। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा दिया जाएगा।*

**दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा**

*विदेश मंत्री की इस यात्रा के लिए उन्हें आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सिमॉन हैरिस ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। दोनों की वार्ता में द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए सभी पहलुओं की समीक्षा की गई और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय व साझा हितों से जुड़े हुए मामलों पर चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, गतिशीलता, संस्कृति, पर्यटन और लोगों से लोगों के संबंधों में हुई प्रगति पर संतुष्टि जाहिर की। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग के साथ दोनों ने व्यापार और पेशेवरों के लिए अवसरों को बढ़ाने के लिए नए विकल्पों की तलाश के मसले पर भी विचार-विमर्श किया।*

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सम्मेलन में कहा

## भारत-मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय व्यापार समेत होंगे कई एमओयू

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी के अगले सप्ताह 11 से 12 मार्च तक होने वाले मॉरीशस के दौरे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। जिसमें मॉरीशस के क्षमता विकास, द्विपक्षीय व्यापार और सीमा पार वित्तीय अपराधों से निपटने, व्हाइट शिपिंग, मानव संसाधन-कौशल, डेटा मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल हैं। इसके अलावा पीएम भारतीय समुदाय, मॉरीशस के सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों से भी मुलाकात करेंगे।



मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम के निमंत्रण पर पीएम मोदी की यह मॉरीशस यात्रा हो रही है। जिसमें 12 मार्च को वह मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में भारतीय सशस्त्र सेनाओं का एक दस्ता, नौसेना का युद्धपोत और वायुसेना की आकाश गंगा स्काईडाइविंग टीम भी शामिल होगी। यात्रा में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें आपसी संबंधों से जुड़े सभी अहम मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही दोनों शीर्ष नेता मॉरीशस में कुछ अहम परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन भी करेंगे।

**पारंपरिक रूप से होगा भव्य स्वागत**

विदेश सचिव ने कहा कि पीएम मोदी 11 मार्च की सुबह पोर्ट लुइस पहुंचेंगे जहां उनका पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा में पीएम मॉरीशस के पूर्व पीएम और संस्थापक की स्मृति में बनाए गए सर शिवसागर रामगुलाम बॉटेनिकल गार्डन को देखने के लिए जाएंगे और वहां पर सर रामगुलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मॉरीशस के मौजूदा राष्ट्रपति से पीएम मोदी की शिष्टाचार मुलाकात होगी।

सेना के टी-72 टैंक को मिलेगा अधिक शक्तिशाली इंजन

## भारत और रूस के बीच 248 मिलियन डॉलर की बड़ी डील

रूस की रोसोबोरोन एक्सपोर्ट भारत को टेक्नोलॉजी भी देगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के टी-72 टैंकों के लिए अधिक शक्तिशाली 1000 एचपी इंजन की खरीद के लिए रूस के रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 248 मिलियन डॉलर का कॉन्ट्रैक्ट किया। इस सौदे में रोसोबोरोनएक्सपोर्ट से आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (हैवी व्हीकल फैक्ट्री), अवाडी, चेन्नई को ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी (टीओटी) भी शामिल है। टी-72 भारतीय सेना के टैंक बेड़े का मुख्य आधार है।

**भारत रूसी सेना पर आत्मनिर्भरता समाप्त करे**

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से रूसी सैन्य हथियारों पर अपनी निर्भरता समाप्त करने को कहा है और तर्क दिया है कि ऐसा कदम भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए जरूरी है। भारत ने ऐतिहासिक रूप से रूस से अपने सैन्य उपकरणों की काफी अधिक मात्रा खरीदी है और हमें लगता है कि यह ऐसी चीज है जिसे खत्म करने की जरूरत है।

**1000 एचपी इंजन से लैस करेंगे**



रूस में निर्मित टी-72 भारतीय सेना के बेड़े का मुख्य टैंक है, जो अभी 780 हॉर्स पावर इंजन से संचालित है। भारत के पास टी-72 टैंक के कुल तीन वेरिएंट हैं। टी-72 टैंकों के मौजूदा बेड़े को अब 1000 एचपी इंजन से लैस किया जाएगा, जिससे भारतीय सेना की युद्धक गतिशीलता और आक्रामक क्षमता बढ़ेगी।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया की बढ़ेगी चिंता

## उत्तर कोरिया ने पहली बार दुनिया को दिखलाई 'परमाणु पनडुब्बी'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तर कोरिया ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली निर्माणाधीन पनडुब्बी को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया है। यह घातक हथियार दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

शनिवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस पनडुब्बी की तस्वीरें जारी की। इस दौरान किम जोंग उन ने उस शिपयार्ड का दौरा किया जहां यह युद्धपोत का निर्माण किया जाता है। दक्षिण कोरियाई परमाणु पनडुब्बी विशेषज्ञ मून केउन-सिक सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पनडुब्बी 6 या 7 हजार टन क्लास की हो सकती है और यह 10 मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि इस तरह के हथियारों को स्ट्रैटिजिक गाइडेड मिसाइल कहा जाता है। आसान भाषा में कहें तो यह परमाणु संपन्न हथियारों को ले जाने में सक्षम पनडुब्बी है।

अगले सप्ताह सऊदी अरब में होगी रूस-यूक्रेन युद्ध पर अहम बातचीत

## ट्रंप बोले- पुतिन से बात करना ज्यादा आसान यूक्रेन के पास ठोस नीति नहीं, निपटना कठिन

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक बार फिर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अमेरिका रूस के साथ अच्छे संबंध बना रहा है, लेकिन इस समय रूस यूक्रेन पर बमबारी कर रहा है, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें यूक्रेन से निपटना अधिक कठिन लग रहा है क्योंकि उनके पास कोई ठोस विकल्प नहीं है। ट्रंप ने कहा कि हम अगले सप्ताह सऊदी अरब में मिल रहे हैं और बातचीत कर रहे हैं।

**रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, 20 की मौत**

कीव। रूस ने यूक्रेन को अमेरिकी खुफिया सूचनाएं मिलनी बंद होने के बाद कीव पर बड़ा हवाई हमला किया है। रूस ने यह हमला यूक्रेन के संकटग्रस्त डोनेट्स्क क्षेत्र के एक शहर पर किया। इस रूसी हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। बता दें किक यूक्रेन के साथ अमेरिका द्वारा उपग्रह चित्र साझा करना बंद करने के फैसले के बाद से रूस ने हवाई हमलों की झड़ी लगा दी है।

**ट्रंप ने संघर्ष पर जताई चिंता**



ट्रंप ने कहा कि अगर रूस और यूक्रेन समझौता नहीं करना चाहते, तो अमेरिका इस मामले से बाहर हो जाएगा। उनका उद्देश्य मौतों को रोकने के लिए दोनों देशों को समझौते की ओर प्रेरित करना है। अगर इस मुद्दे को सुलझाया नहीं गया, तो यह स्थिति तीसरे विश्व युद्ध का रूप ले सकती है। हमें इसे सुलझाना होगा ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

# ऐसे आदर्श समाज का निर्माण करें जहां महिलाएं भयमुक्त हों

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (डब्ल्यूसीडी) द्वारा 'नारी नेतृत्व से विकसित भारत' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते यह आह्वान किया कि हमें देश में एक ऐसे आदर्श समाज का निर्माण करना है। जहां कोई भी बहन, बेटी किसी भी समय कहीं भी अकेले आने-जाने या रहने में डरे नहीं। उन्हें ऐसा वातावरण मिलना चाहिए जिसमें वे बिना किसी दबाव, भय के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव ही भयमुक्त सामाजिक वातावरण का निर्माण करेगा। ऐसे परिवेश में जिस समाज का निर्माण होगा। वह हमारे देश को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। समारोह में केंद्रीय डब्ल्यूसीडी मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहे।



**50 वर्षों में हुई अभूतपूर्व प्रगति**

*उन्होंने कहा कि सम्मेलन की थीम बेहद प्रासंगिक है। क्योंकि आज ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की परंपरा के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस कालखंड में महिलाओं ने अभूतपूर्व प्रगति की है। अपनी व्यक्तिगत जीवन यात्रा को राष्ट्रपति मुर्मू इसी प्रगति की कड़ी मानती हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा के छोटे से परिवार व पिछड़े क्षेत्र में जन्म लेने से लेकर मेरी राष्ट्रपति भवन तक की यात्रा भारत के समाज में नारी को मिले समानता के अवसर और सामाजिक न्याय की कहानी है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि महिलाओं की सफलता के उदाहरण लगातार बढ़ते ही जाएंगे।*

**यूं होगा विकसित भारत का निर्माण**

राष्ट्रपति ने कहा कि एक स्वाबलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के दम पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है। यह हम सभी का संकल्प है और हमें इसे मिलकर पूरा करना है। उन्होंने पुरुषों से अपील की कि वो महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम में सहयोग करें। राष्ट्रपति ने महिलाओं से अपील की कि वे पूरे आत्मविश्वास, लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ें और देश, समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

**समझाया इस दिवस का महत्व**

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में सभी देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और इसका अर्थ समझाते हुए कहा कि यह दिवस महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, उनके अधिकारों और महिला-पुरुष जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं को समर्पित करने का सुअवसर है। भारत की प्राचीन परंपरा में शिव और शक्ति का समान महत्व है। बिना शक्ति के शिव की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमारी संस्कृति में मां पार्वती, दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती को जीवन की पोषक व नैतिकता की संरक्षक शक्ति माना जाता है।

मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन का दावा

## बांग्लादेश में हालात गंभीर, 2 माह में 85 महिलाओं का रेप

एजेंसी ⏭ ढाका



बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आंकड़ों ने देश की गंभीर स्थिति को उजागर किया है।

बांग्लादेश महिला परिषद की अध्यक्ष फौजिया मोस्लेम ने कहा कि समाज अराजकता की ओर बढ़ रहा है, जहां आपराधिक दंड से मुक्ति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि पूरा समाज जागरूक नहीं हुआ तो इस संकट से निपटना बेहद मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि देश में कानून व्यवस्था की हालत पिछले अगस्त में सत्ता परिवर्तन के बाद से बेहद खराब है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फौजिया मोस्लेम ने बताया कि मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन (एमएसएफ) ढाका की एक रिपोर्ट से पता चला है कि फरवरी 2025 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की 295 घटनाएं दर्ज की गईं, जो जनवरी की तुलना में 24 अधिक हैं।



आवरण कथा
लोकमित्र गौतम

रंग का, उमंग का और तरंग का पर्व है होली। इसमें मस्ती और उल्लास के ऐसे रंग घुले होते हैं, जो हर तनाव, मतभेद, मनभेद को ही नहीं जीवन की नीरसता को भी दूर कर देते हैं। नई जीवंतता और ऊर्जा का संचार करने वाली होली हमें अपने बचपन की याद दिला देती है, फिर से उन सुनहरे पलों को जीने के लिए प्रेरित करती है। आइए, हम सब भी इस रंगोत्सव में खुशियों के रंगों से सराबोर हो जाएं।

# रंग-उमंग-तरंग के संग हो जाएं उल्लास में मगन

अपने देश भारत में मनाए जाने वाले अन्य त्योहारों की तरह होली महज एक त्योहार नहीं है, यह 'रंगों का उत्सव' है। आज की इस भाग-दौड़ भरी और तनावग्रस्त जिंदगी में होली का उल्लास हमें अपनी संस्कृति से मिले अनमोल वरदान की तरह है। होली का यह उल्लास किसी थेरेपी से कम नहीं। इसलिए होली का पर्व सिर्फ रंग खेलने का दिन नहीं बल्कि तनाव और चिंता से मुक्त होकर, जीवन में रंग भर लेने का इंद्रधनुषी अवसर है। यह दिन उल्लास में सराबोर हो जाने का दिन है।

## भूल जाएं तनाव-परेशानियां

आज के दौर में लगभग हर व्यक्ति काम के बोझ से दबा नजर आता है। रोजमर्रा की परेशानियों और संघर्ष में पिस रहा है। सोशल मीडिया के लगातार बढ़ते दखल से तनाव बढ़ रहा है। इन सब तनावों, बोझों और परेशानियों को पूरी तरह से झिड़क देने का मौका हमें होली का दिन प्रदान करता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं चाहिए। होली हमें हर साल यह मौका देती है कि कम से कम साल में एक दिन तो हम ये सब भूलकर सिर्फ और सिर्फ 'वर्तमान क्षण' में जी लें। हर तरह के बोझ से हल्के हो लें। हंसी-मजाक करें, दोस्तों के साथ अपने बचपन के दिनों में लौट जाएं। जितनी मस्ती हो सकती है, मस्ती करें। सारे गिले-शिकवे दूर करें, परिवार के साथ समय बिताएं।

## बतकही का मिलता है मौका

तन और मन की गांठों को खोलने या इन्हें पिघलाने का एक जरिया संवाद होता है। बिना सजग हुए, चुहल-मस्ती के अंदाज में किया गया संवाद। होली अपनों के बीच ऐसे ही बतकही करने का मौका देती है। ऐसी बतकही का इसलिए भी बहुत महत्व है, क्योंकि हमारी आज की जिंदगी में संवाद बहुत कम हो गया है। हम सब व्यस्त हैं, रिश्तों में औपचारिकता बढ़ गई है। होली एक ऐसा अवसर है, जब हम बिना झिझक एक-दूसरे से जो मन में उमड़ घुमड़ रहा हो, उसे कहें और जो हमें कहा जा रहा हो, उसे बिना किसी पूर्वाग्रह के सुनें। इससे हमारे शिथिल पड़े रिश्ते फिर से जीवंत हो जाते हैं।

## लौट आता है बचपन

होली की धमा-चौकड़ी हमें सुनहरे अतीत में ले जाती है। जब हम दुनिया की किसी भी फिक्र, किसी भी चिंता से मुक्त हुआ करते थे। सिर्फ खुशियां, खेल और मस्ती ही हमारे चारों तरफ फैली होती थीं। होली का रंग-बिरंगा, मस्ती से भरा अहसास हमें बचपन के उन सुहाने पलों में लौटा ले जाता है, जब हम बिना किसी परवाह के खुलकर खेलते थे। हर चीज में खुशी, हर स्थिति में सकारात्मकता ढूंढ लेते थे। तनाव, परेशानियां, चिंताएं स्वभाव का हिस्सा नहीं हुआ करती थीं। क्यों न होली के दिन हम एक बार फिर वैसे ही तनावमुक्त होकर मस्ती में डूब जाएं। जिम्मेदारियों की जकड़न को एक तरफ फेंक दें और रंगों की इंद्रधनुषी बारिश में बचपन की तरफ लौट जाएं। अपनों के संग खेलें, खाएं, पीएं, नाचें, गाएं, दोस्तों के साथ हंसी-ठट्ठा करें। जो मन आए, बातें करें और खुद को पूरी तरह से रिचार्ज कर लें।





एक्सपर्ट कहते हैं कि रंगों का यह त्योहार हमें शारीरिक और मानसिक रूप से हल्का कर देता है। हम बोझ मुक्त हो जाते हैं। इसलिए होली को नेचुरल स्ट्रेस बस्टर भी कहते हैं। होली की धमाचौकड़ी हमारे शरीर में खुशियों के हार्मोन बढ़ाती है। हमारे शरीर से एंडोर्फिन और डोपामाइन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं।

## पिघल जाते हैं गिले-शिकवे

वैसे तो अपने देश के सभी पर्वों की यह खूबी है कि हम इनके बहाने दूसरों से अपने गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं। लेकिन बाकी सभी त्योहारों में फिर भी कोई झिझक रह सकती है, लेकिन होली तो ऐसा पर्व ही है, जो सालों के मतभेद, मनभेद और चुप्पियों को तोड़ गले मिलने, साथ खिलखिलाने के लिए प्रेरित कर देता है। होली सालों पुरानी खटास को झटके में दूर कर देता है। होली के समूचे माहौल में एक बेफिक्री, एक मजकिया अहसास, जिंदगी को सरल तरीके से जीने की सीख और अभिमान को दूर कर हमारी झिझक को भी पूरी तरह से मिटा देती है। होली का पर्व गलतफहमियों को मिटा देने का पर्व है। जब हम रंगों से खेलते हैं, रंगों में डूबते हैं तो हमारे मन की तमाम कठोरताएं स्वतः ही मिट जाती हैं, पिघल जाती हैं। तन और मन का रेशा-रेशा इंद्रधनुषी हो जाता है। रिश्ते मिठास से भर जाते हैं।

## प्रकृति के उत्सव में हों शामिल

होली एक तरफ मनोवैज्ञानिक तो दूसरी तरफ बेहद कुदरती या कहें प्राकृतिक पर्व भी है। यह पर्व हमें प्रकृति के साथ गहरे तक घुलने, मिलने और गहरी आत्मीयतापूर्ण सामंजस्य बनाने की सीख देता है। वास्तव में होली का संबंध प्रकृति से भी है, बसंत से है। होली तब आती है, जब प्रकृति अपनी नई ऊर्जा और नए उत्साह से भरी होती है। हर तरफ बसंत के फूल खिले होते हैं। हवा में खुशबू मचल रही होती है। प्रकृति की यह खुशी हमें भी अपने रंग में रंग लेती है। हम नाराज या दुखी रह ही नहीं सकते। एक तरह से होली प्रकृति में होने वाली रंगों की बारिश है और हम इस बारिश में नहाकर खुशियों और उम्मीदों से जगमगा उठते हैं। इसलिए होली हमारी कायाकल्प का पर्व है। आइए, इस पर्व में डूबकर हम खुद को ही नहीं अपनों-परायों सबको खुशियों और उम्मीदों के रंग से रंग दें। *

## बहुत कुछ कहता है हर रंग

रंगों का बहुत सकारात्मक मनोविज्ञान होता है। रंग हमारी भावनाओं को बहुत गहरे तक छूते हैं। रंगों के अपने अर्थ, अपने प्रतीक, अपने अहसास होते हैं। गुलाबी रंग प्रेम का अहसास दिलाता है। हरा रंग हमें तन और मन से ऊर्जावान करता है। पीला रंग हमें खुशियों से सराबोर कर देता है। नीला रंग हमें असीम शांति देता है। होली के मौके पर जब हम इन रंगों में सराबोर होते हैं, तो हमारा तन और मन खुशियों से छलकने लगता है। हम परिपूर्णता के अहसास से भर जाते हैं। हमारे पोर-पोर से जीवन की संतुष्टि झरने लगती है। हम ज्यादा सकारात्मक हो जाते हैं।

होली पर रंगों से खेलना, एक-दूसरे को रंग लगाने के निहितार्थ बहुत गहन हैं। इसे समझ लें तो हमारा जीवन केवल मस्ती के रंग से ही नहीं प्रेम, ईमान, अध्यात्म और समावेशिता के रंगों से रंग जाएगा। जीवन को एक नई रंगीनियत मिलेगी, एक नई दृष्टि विकसित होगी।



# हर रंग से सजा रहे जीवन

आत्मप्रेरणा
कुमार राधारमण

यह दुनिया रंग-बिरंगी है। कितने ही रंग हमारे चारों ओर बिखरे पड़े हैं। तमाम तरह के रंग हैं, तभी दुनिया रहने लायक है। इन रंगों में ही जीवन की सुंदरता है। ये रंग सीख भी देते हैं, उम्मीदों का दीया भी बनते हैं। रंग अपनी भावनाओं को, खुशियों को प्रकट करने का माध्यम होते हैं। यह अवसर हमारे पास न होता, तो यह दुनिया बेरंग होती। जीवन के इन विविध रंगों में ही मनुष्य के विकास का इतिहास छिपा है।

**मस्ती का रंग:** प्रख्यात कवि आर.सी. प्रसाद सिंह ने कहा है, 'यह जीवन क्या है, निर्झर है/मस्ती ही इसका पानी है।' सच इसमें धूप-छांव संग-संग हैं, फर्क केवल मात्रा का है। सुख के क्षण में दुख का अनुपात कम होता है और दुख के क्षण में सुख का अनुपात कम। दोनों में से कुछ भी स्थायी नहीं है। इसलिए आप निर्विकार, निष्काम भाव से, सहजता से, मस्ती के साथ कर्म करते रहिए। मस्ती बड़ी-बड़ी परेशानियों का हल है। प्रकृति भी हंसते-मुस्कुराते चेहरे देखना चाहती है। मस्त आदमी जहां रहेगा, वहीं रंग जमा देगा। अभी-अभी संपन्न महाकुंभ में आपने न जाने कितने रंग मस्ती के देखे होंगे। मस्ती एक आध्यात्मिक अवस्था है। मस्ती ही पैमाना है कि आप भीतर से सुखी हैं या नहीं। इसी मस्ती के क्षणिक अनुभव को पर्व के रूप में हम होली में महसूस करते हैं।



**ईमान का रंग:** यह सच है कि आज, हमने धन और पद को ही सफलता मान लिया है। जरूरतें थोड़ी सी हैं, लेकिन हर आदमी अधिक से अधिक धन समेट लेना चाहता है। बहुधा इसके लिए हम छल-कपट, बेईमानी का सहारा भी लेते हैं। ईमानदार होने का मतलब गरीब होना नहीं है। ईमानदारी से भी सुखपूर्वक जीना बिल्कुल संभव है। बशर्ते हम सुख की परिभाषा ठीक से समझ लें। सिद्धांतहीन व्यक्ति गिरगिट की तरह रंग बदलता है। ध्यान रहे, प्रकृति में हमारे कर्म ही नहीं, विचार भी दर्ज होते हैं। इसलिए तमाम धर्मग्रंथ मन, वचन, कर्म तीनों की शुचिता पर बल देते हैं। और, जब आप सफल हों, तब भी रंग न बदलें, सिर पर सफलता का रंग न चढ़ने दें। रंगा सियार होना अच्छी बात नहीं। बन सकें, तो किसी के जीवन का रंग बनें।

**अनुभव का रंग:** हर अनुभव स्वयं हासिल करने के लिए यह जीवन छोटा है। इसलिए, दूसरों के अनुभव से यदि आप सीखने की प्रवृत्ति रखें तो तेजी से आगे बढ़ पाएंगे। आपा-धापी भरी इस जिंदगी में कुछ पल बुजुर्गों के साथ, अपने से अधिक अनुभवी लोगों के साथ बिताना अच्छा है। जरूरी नहीं कि उनके पास हमारे मौजूदा रोजगार के मामले में कोई ढंग का सुझाव हो, लेकिन उनके पास हमारे समग्र जीवन के लिए निश्चय ही बहुत कुछ होता है। हमारी नौकरी भी हमारे जीवन का ही हिस्सा है। बढ़ती उम्र के साथ शारीरिक क्षमता तो घटती है, लेकिन व्यक्ति का अनुभव बढ़ता जाता है। उनके बताए गुर से हमारा समय बचता है, हमारा रंग तेजी से निखरता है और यह हमें अपने समकक्ष से आगे रखने में मददगार बन सकता है।

**समावेशिता का रंग:** यह दुनिया केवल हमारे लिए नहीं है। इसमें सबके लिए जगह है। दुनिया हमसे पहले भी थी, हमारे बाद भी होगी। यहां हम किसी निश्चित भूमिका मात्र के लिए हैं और आज हमारा जो संसार है, एक समय के बाद वह छूट ही जाना है। जो इसे समझ लेता है, उसके रंग में कभी भंग नहीं पड़ता। उसके मन में हर प्राणी के प्रति करुणा का भाव होता है और वह उसे उसकी मौलिकता में ही स्वीकार कर लेता है। दूसरों के प्रति स्वीकार भाव से सामने वाला भी बेहतर बनने का प्रयास करता है। दूसरों पर हावी होने की प्रवृत्ति छोड़ने से अपनी श्रेष्ठता का दंभ भी मिटता जाता है। जिसका दंभ मिट गया हो, वही होली खेल सकता है। होली के गीतों का सामूहिक गान समावेशिता की भावना को ही दर्शाता है।

**प्रेम के रंग:** होली के गीतों में राधा-कृष्ण के प्रेम की चर्चा आम है। रंग ऊर्जा है और प्रेम जीवन का सार है, जीवन का उत्कर्ष है। इसके बगैर हमारी सारी उपलब्धियां बेरंग हैं। प्रेम का रंग ही सबसे महत्वपूर्ण है और सभी धर्मग्रंथों का सार भी। जो सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, उसी के लिए खुद को तैयार करें। चैतन्य, दयालु, परोपकारी, मैत्रीपूर्ण और जागरूक बनें। व्यर्थ के विवादों से बचें ताकि आपके भीतर उत्सवधर्मिता, गर्मजोशी, उत्साह और रोमांच के लिए स्थान उपलब्ध हो सके। कामुकता, ईर्ष्या और हठ का स्थान शांति, पवित्रता, कोमलता रचनात्मकता, भावुकता, आशावादिता, क्षमाभाव और स्वतंत्रता को लेने दें। प्रेम, विवेक, सद्भाव, सहानुभूति, समभाव, साहस, स्पष्टता और मानसिक शक्ति को विकसित होने दें।

**अध्यात्म के रंग:** रंग स्फूर्ति का प्रतीक है। होली ऊर्जा प्रकटीकरण का पर्व है। इससे अधिक स्फूर्ति किसी अन्य त्योहार में नहीं दिखती। इसलिए, कृष्ण भी होली खेलते हैं। होली में उल्लास है, उत्सवधर्मिता है। होली में प्रेम और विरह के रंग एकसाथ समाहित हैं। होली तो त्योहार ही रंगों का है। यह नएपन का त्योहार है। होली की स्मृति से ही हम उमंग से भर जाते हैं, हमारे चेहरे पर मुस्कान-सी खिल जाती है। हताशा और कुंठा की होलिका जल जाने दें। होली युवा होने का बोध है और इस बात का प्रतीक भी कि जीवन हंसते-खेलते बीतना चाहिए। यह रहस्य बड़े से बड़े रहस्यों से भी बड़ा है। जो इसे जानता है, वास्तविक अर्थों में वही जागरूक है, वही आत्मज्ञानी है। होली में गाया जाने वाला जोगिरा शब्द योगी से बना है। बनारस में इसे कबीरा भी कहते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर अरुंधति मिश्रा स्पष्ट करती हैं, 'जोगिरा में प्रेमिका ईश्वर है और प्रेमी साधारण मनुष्य। मनुष्य ईश्वर को पाना चाहता है और होली उसका माध्यम है।'

तो होली को केवल बाहरी रंगों से ही नहीं आत्मबोध और आत्मपरिवर्तन के रंगों से भी खेलें, तभी इस पर्व की सार्थकता है। *

गीत
डॉ. ओम निश्चल

## फागुन के रंग सहेज लो!

जीवन में रंग अनेक हैं
जीवन के रंग सहेज लो
आज तुम उदास मत रहो
उत्सव के रंग सहेज लो।
माना यह कठिन वक्त है
जीने की सजा सख्त है
सांसों की डोर है अभी
एक नई भोर है अभी
लो फिर से हाथ बढ़ाओ
अपना सूरज सहेज लो।
आज तुम उदास मत रहो
उत्सव के रंग सहेज लो।
घर-बाहर फाग मचा है
रंगों का रास रचा है
देता मौसम गवाहियां
मन में विश्वास बचा है
सुख के ये पल सहेज लो
खुशियों के रंग सहेज लो,
अनभीगे आज मत रहो
फागुन के रंग सहेज लो।
मंद-मंद हवा बह रही
पर पते की बात कह रही
तुम भी ऐसे बहो सदा
जैसे मैं मस्त बह रही
कुछ भीगे पल सहेज लो,
मौसम का मन सहेज लो
चढ़ने दो फागुनी सुरूर
कुदरत के रंग सहेज लो।



# रंगों की छुअन!



लघुकथा
यशोधरा भटनागर

पलाश अपने पूरे शबाब पर है। रंगों का सुरूर चारों ओर छाया हुआ है। मानो प्रकृति भी रंगोत्सव की मस्ती में डूबी हुई है। पर एक कोना रंगों की रंगीनियत से शायद पूरी तरह अछूता, जहां अंदर-बाहर सिर्फ अंधकार ही अंधकार, रंगों से दूर।

मैंने उद्वेलित हृदय में उमड़ती-घुमड़ती भावनाओं के साथ दृष्टिहीन कन्याओं के छात्रावास में कदम रखा।

आश्चर्य संग एक सुखद अनुभूति! रंगों से सजा खिलखिलाहटों से गुंजित छात्रावास का प्रांगण! एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली के रंग में रंगी छात्राएं!

'मैडम जी, आप रंग से बच न पाओगी।'

शायद वो मेरे आने की आहट पा गई थीं। जैसे ही मैं उनके समीप पहुंची, उन्होंने मुझे घेर लिया।

'होली है ..! होली है ...!'

और नरम-गुलाबी हाथों ने वातावरण को गुलाबी-गुलाबी कर दिया। मैं रंगों से सराबोर थी। पर अंतःसिंधु में ऊंची-ऊंची हिलोरें लेते प्रश्न फिर सिर उठाने लगे, जिनकी पूरी दुनिया ही ब्लैक है वो बच्चियां!

'बेटा! आप लोग तो होली के रंगों में रंग गईं... आपको रंग...'

रुकते-चलते, कुछ गले में फंसते शब्दों में मेरी बात पूरी भी न हो पाई कि चुलबुली-सी दिखने वाली बारह-तेरह बरस की बच्ची का कोयल से मधुर स्वर मेरे हृदय के भीतर प्रविष्ट हो गया, 'मैडम जी हमने रंगों को देखा तो नहीं किंतु रंगों को छुआ है! और रंगों ने हमको!!'

चारों ओर झरती खुशी की फुहारों की रिमझिम में मन भीग गया।


'रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे...' गीत पर नाचती रंगों से रंगी उन बच्चियों के साथ नाचते-झूमते हुए मैं भी रंगों की उस छुअन को अनुभव कर रही थी। *

रंगीली चुटकी
उमाशंकर दूबे 'मनमौजी'

## काला चोर


नेता वोटर से कहे, मुझको देना वोट।
वोटर गण कहने लगे, नेता तुझमें खोट।।
नेता तुझमें खोट, नहीं हम तुझे चुनेंगे।
वोट भले ही किसी 'काला चोर' को देंगे।।
कह 'मनमौजी' हाथ जोड़ नेता फरमाया।
यही बताने सुनो यहां पर मैं हूं आया।।

मंत्री था तब ऐंठ ली, धन-संपत्ति अपार।
कालाधन स्विस-बैंक में, चोरी से हर बार।।
चोरी से हर बार, रखा मैं उसी छोर हूं।
कालाधन चोरी से रखा 'काला चोर' हूं।।
कह 'मनमौजी' हे वोटरगण यह सुन लेना।
मैं हूं 'काला चोर' वोट मुझको ही देना।।



रंगबाज दोहे
सूर्यकुमार पांडेय

## इंटरनेट पर होली का त्योहार



क्या सावन, क्या चैत अब, फागुन बारह मास।
छोरा-छोरी चैट पर, करें प्रणय-अभ्यास।।
मिलन, गेट पर अब कहां, समय बना दीवार।
इंटरनेट पर मन रहा, होली का त्योहार।।
केलि हेतु अब कल कहां, सकल वर्जना फेल।
मेल और फीमेल पर, भारी है ई-मेल।।
रंग पुते जब गाल पर, दर्पण गया लजाय।
गोरी सेल्फी ले रही, देखे और मुसकाय।।
सखि ब्यूटी पार्लर गई, दौड़ा नया करंट।
जितना तन पर डेंट था, उससे ज्यादा पेंट।।
इत्ता-सा वैक्यूम है, बित्ता भर कंज्यूम।
छः क्यूबिक वॉल्यूम पर, सात किलो परफ्यूम।।
शेयर गिरा सेंसेक्स संग, कीमत गिरे न संग।
और चटख अब हो रहा, महंगाई का रंग।।
कनक छरी-सी कामिनी, वेट गेन से ग्रस्त।
फास्ट फूड खाकर हुई, तन्वंगी कटि ध्वस्त।।
तब के, अब के ब्याह का, ऐसा बदला टेस्ट।
तब के मौलिक पोस्ट थे, अब वाले कट पेस्ट।।
वर की लर्निंग फेलियर, मगर खड़ा मुंह बाय।
घर भर्निंग चहिए बहू, अर्निंग कर लइ आय।।
बस्ती में कश्ती चली, हंसती-फंसती रोड।
मस्ती अब अपलोड है, पस्ती डाउनलोड।।

# जिसकी फिरकी में दम, वो बनेगा चैंपियन... भारत के पास 12 साल बाद चैंपियंस खिताब जीतने का मौका

### चार-चार स्पिनर्स की रणनीति के साथ उतरेंगी भारत और न्यूजीलैंड की टीमें

एजेंसी ▶▶| दुबई

अब तक अपने प्रत.द्विंद्वियों और आलोचकों को हाशिए पर रखने में कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो रविवार को फाइनल में पार पाना ही होगा। साथ ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को लेकर जज्बाती होने से भी बचना होगा। दोनों टीमें चार-चार स्पिनर्स उतारने की रणनीति बना रहे हैं। भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं ।

- चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले का प्रसारण दोपहर 2 .30 बजे

क्रिकेट जगत का एक तबका सारे मैच दुबई में खेलने का अनुचित फायदा उठाने के लिए भारत की लगातार आलोचना कर रहा है। लेकिन अब इस तर्क में दम नहीं लगता क्योंकि न्यूजीलैंड टीम भी यहां खेल चुकी है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास इसलिए भी बढ़ा हुआ है क्योंकि उसकी स्पिन चौकड़ी दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सपाट पिच पर काफी कामयाब रही है। ऐसा लगता है कि भारतीय टीम चार स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों का संयोजन लेकर ही उतरेगी।



#### रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा फाइनल

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली। टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

#### जियो हॉटस्टार पर देखें मैच

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। टॉस 2 बजे होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क, स्टार स्पोर्ट्स हिन्दी पर प्रसारण होगा। फैंस डीडी स्पोर्ट्स पर फ्री में मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। मोबाइल पर जियो हॉटस्टार एप पर देख सकते हैं।

#### वरुण देव का चलेगा चक्र

दाहिने हाथ के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने विरोधी बल्लेबाजों को पूरे टूर्नामेंट में परेशान रखा है। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी है। उनकी सटीकता ने बल्लेबाजों को गैर जिम्मेदाराना शॉट्स खेलने के लिए मजबूर किया। अगर फाइनल उसी पिच पर खेला जाता है जहां भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ था तो ये चारों गेंदबाज फिरकी के जाल में कीवी टीम को बुरी तरह फांस सकते हैं।

#### फिरकी चौकड़ी पर कीवियों को भरोसा

न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी उम्मीद केन विलियमसन और रचिन रविंद्र होंगे जो स्पिन को खेलने में महारत रखते हैं। न्यूजीलैंड के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनेर, माइकल ब्रेसवेल, रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स के रूप में धुरंधर स्पिनरों की चौकड़ी है जो उनके लिए यही काम कर सकती है। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारत को काफी परेशान किया था और एक बार फिर वे 2000 के बाद पहली बार आईसीसी वनडे खिताब जीतने की कोशिश में उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। पच्चीस साल पहले नैरोबी में न्यूजीलैंड ने फाइनल में भारत को हराकर नॉकआउट टूर्नामेंट जीता था।


#### टीमें इस प्रकार हैं:

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड** : मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

## खबर संक्षेप

### ज्वेरेव को दूसरे दौर में मिली हार



**इंडियन वेल्स।** नीदरलैंड के टालोन ग्रीकस्पूर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में 4-6, 7-6 (5), 7-6 (4) से हरा दिया। इससे आठ दिन पहले ज्वेरेव को अमेरिका की लीर्नर टियेन ने मैक्सिको में 6-3, 6-4 से मात दी थी। ग्रीकस्पूर का सामना अब जियोवान्नी एमपेत्शी से होगा।

### भारत प्रबल दावेदार न्यूजीलैंड भी मजबूत



**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है लेकिन कहा कि फायदा ज्यादा नहीं होगा क्योंकि न्यूजीलैंड काफी मजबूत टीम है। भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था। न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था। न्यूजीलैंड ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात दी।

### ग्रुप चरण में मिली हार से बहुत कुछ सीखा



**दुबई।** भारत के हाथों ग्रुप चरण में मिली हार से अविचलित न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग को उम्मीद है कि उनकी टीम रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा की टीम की कमजोरियों का फायदा उठा सकेगी। यंग ने डेवोन कोंवे और रचिन रविंद्र के साथ टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी है। उन्होंने कहा, 'हम ग्रुप चरण की हार से काफी कुछ सीखे हैं। खासकर एक बल्लेबाज के तौर पर मैने, लेकिन गेंदबाजों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को और उनके खेलने के तरीके को देखा।'

### भारतीय निशानेबाजी लीग 24 नवंबर से



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने बताया कि पहली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) को खेल की वैश्विक नियामक संस्था से 'विंडो' मिल गई है और यह टूर्नामेंट अब 24 नवंबर से सात दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग का प्रस्ताव रखा था और पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार इसका आयोजन मार्च में होना था। एनआरएआई ने राष्ट्रीय महासंघ के शासी निकाय से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद पिछले साल नवंबर में एसएलआई की मेजबानी करने के अपने इरादे की घोषणा की थी।

## अरविंद प्राग मास्टर्स में बने चैंपियन दूसरे स्थान पर रहे आर प्रज्ञानानंदा




एजेंसी ▶▶| प्राग

ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने कॅरियर का पहला बड़ा खिताब जीता जिससे शतरंज में भारत का दबदबा जारी रहा।

- नौवें और अंतिम दौर में तुर्कीए के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए

अरविंद ने हमवतन आर प्रज्ञानानंदा सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर यह खिताब जीता। 25 वर्षीय अरविंद ने नौवें और अंतिम दौर में तुर्कीए के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा नीदरलैंड के अनीश गिरी से हारकर पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु के अरविंद ने टूर्नामेंट में तीन जीत और छह ड्रा के बाद संभावित नौ में से छह अंक हासिल किए। प्रज्ञानानंदा ने गिरी और चीन के शीर्ष वरीय वेई यी के साथ पांच अंक हासिल कर अपने अभियान का समापन किया। रविंद ने कहा, 'मैं पिछले दो दिन ठीक से सो नहीं पाया हूं। सातवें राउंड तक पूरी तरह से ठीक था और फिर मुझे यह बढ़त मिल गई जिससे दबाव था।' उन्होंने ने अपने गुरु और कोच ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश की भी प्रशंसा की और अनीश गिरी के खिलाफ अपने मैच को टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास बताया। भारत की दिव्या देशमुख ने चैलेंजर्स वर्ग में यूनान की स्टैमाटिस कौरकुलस-अर्डिटिस के खिलाफ अपनी अंतिम दौर की बाजी जीत ली।

### प्रणव ने जीती विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत के प्रणव वेंकटेश ने मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-20) जीत ली। भारतीय शतरंज के लिए यह एक शानदार दिन रहा क्योंकि अरविंद चितंबरम ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर प्राग मास्टर्स जीत लिया। पिछले साल चेन्नई इंटरनेशनल में चैलेंजर्स वर्ग जीतने वाले वेंकटेश ने दुनिया के जूनियर खिलाड़ियों के बीच अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजित रहे। भारतीय खिलाड़ी ने कुल सात जीत और चार ड्रॉ के साथ संभावित 11 में से नौ अंक हासिल किए। जब अंतिम दौर की जोड़ियों की घोषणा की गई तो यह स्पष्ट था कि वेंकटेश के लिए ड्रॉ ही काफी होगा।



## भारत ने जीती बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने शनिवार को यहां करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला जीत ली। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने किया था जिसमें दक्षिण अफ्रीका भाग लेने वाली तीसरी टीम थी। भारत के कुलदीप सिंह ने फाइनल में पांच विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। भारत के ही अभिषेक सिंह को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया। टूर्नामेंट के लिए भारतीय बधिर क्रिकेट टीम का नेतृत्व वीरेंद्र सिंह ने किया। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, 'इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की ऊर्जा से पता चलता है कि विश्व में बधिर खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देना कितना जरूरी है। इस त्रिकोणीय श्रृंखला के प्रति दिलचस्पी से बधिर क्रिकेट का भविष्य उज्जवल नजर आता है।

## चर्चिल ब्रदर्स ने शिलांग लाजोंग को हराया

एजेंसी ▶▶| गोवा



कोलंबिया के सेबेस्टियन गुटिरेज की हैट्रिक से चर्चिल ब्रदर्स ने शुक्रवार को यहां आई लीग मैच में आठ खिलाड़ियों की शिलांग लाजोंग एफसी पर 6-1 से जीत दर्ज की।

यह मैच नाटकीयता भरा रहा जिसमें दो सनसनीखेज गोल, तीन पेनल्टी, एक आत्मघाती गोल और तीन लाल कार्ड शामिल थे। और यह सब दूसरे हाफ में हुआ। चर्चिल ब्रदर्स के लिए गुटिरेज के तीन गोल के अलावा पापे गसामा (50वें मिनट) और वेडे लेके (90+3वें मिनट) ने भी पेनल्टी को गोल में बदला।

#### हैट्रिक लगा दी

इस जीत से चर्चिल ब्रदर्स की टीम इंटर काशी को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई। दोनों टीम के 18 मैच में 34 अंक हैं लेकिन बेहतर रिकॉर्ड के कारण चर्चिल ब्रदर्स शीर्ष पर है। मार्कोस रूदवेरे जेनार सिल्वा ने 27वें मिनट में गोल कर शिलांग लाजोंग ने बढ़त दिला थी। चर्चिल ब्रदर्स के लिए गुटिरेज के 52वें, 66वें और 78वें मिनट में हैट्रिक लगा दी। रानित सरकार ने 73वें मिनट में आत्मघाती गोल दागा।



## बंगाल ने उत्तर प्रदेश को बराबरी पर रोका

**पंचकुला।** बंगाल ने आखिरी क्वार्टर की शुरुआत तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया। डिवीजन ए के इस मैच में उत्तर प्रदेश की तरफ से साक्षी शुक्ला (24वें मिनट), हिना बानो (32वें) और अंजलि महतो (51वें) ने गोल किए। बंगाल की तरफ से रोहिता मिंज (48वें) ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पहला गोल किया। इसके बाद सेलेस्टिना होरो (52वें) और अनीशा डुंगडुंग (56वें) ने अंतिम क्षणों में दो गोल करके रोमांचक ड्रॉ सुनिश्चित किया।

## महिला दिवस पर राजस्थान ने लांच की 'पिंक प्रॉमिस' जर्सी

एजेंसी ▶▶| जयपुर




राजस्थान रॉयल्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में एक मई को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए 'पिंक प्रॉमिस' जर्सी लांच की। राजस्थान रॉयल्स फाउंडेशन ने महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल को बढ़ावा देने के लिए 'औरत है तो भारत है' नामक अभियान फिल्म लॉन्च की। राजस्थान रॉयल्स की टीम राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण परिवर्तन के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए खरीदे गए प्रत्येक टिकट के लिए 100 रुपए का योगदान भी करेंगे।

इसके अलावा इस विशेष 'ऑल-पिंक रॉयल्स जर्सी' की बिक्री से होने वाली राशि सीधे आरआरएफ को इसके सामाजिक प्रभाव पहल का समर्थन करने के लिए जाएगी। किसी भी टीम द्वारा मैच में हर छक्के के लिए राजस्थान रॉयल्स और आरआरएफ सांभर क्षेत्र में छह घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

### प्राग मास्टर्स में खिताब जीतकर रचा इतिहास

# चिदंबरम को मिल रहा त्याग और मेहनत का फल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राग मास्टर्स में खिताब जीतने वाले अरविंद चिंदबरम वैश्विक शतरंज में डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंद की तुलना में देर से उभरे हैं और 25 साल की उम्र में उन्होंने जिस तरह से जीवन की बाधाओं को पार किया है, उसे देखते हुए लगता है कि वह प्रगति करते रहेंगे। मदुरै में जन्मे अरविंद जब तीन वर्ष के थे, उन्होंने अपने पिता को खो दिया था और उनकी मां एलआईसी एजेंट के रूप में काम करती थीं। उन्होंने मदुरै छोड़कर चेन्नई में बसने का फैसला किया जो भारत की अनौपचारिक शतरंज की राजधानी है।

अब वर्षों के त्याग और कड़ी मेहनत का फल आखिरकार मिल रहा है। विश्व चैंपियन गुकेश वेल्लामल स्कूल में पढ़ते थे और अब वहीं से एक और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिल गया है। अरविंद आखिरकार गुकेश के सीनियर हैं।



अरविंद को प्राग में जीत से पोलैंड में प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर के लिए वाइल्ड कार्ड मिल गया है। उन्होंने कहा, 'टूर्नामेंट के दौरान मुझे निमंत्रण मिल रहे हैं और ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड और ब्लिट्ज उनमें से एक है।' आम तौर पर विश्व रैंकिंग में शीर्ष-20 में जगह बनाने पर शीर्ष टूर्नामेंट में कम से कम कुछ निमंत्रण की गारंटी होती है लेकिन प्राग से पहले ही अरविंद ने शारजाह मास्टर्स और बील इंटरनेशनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि की थी जो क्रमशः मई और जुलाई में होने वाले इवेंट हैं। अरविंद को अब चोलामंडलम समूह का समर्थन प्राप्त है।

#### ओपन स्पर्धा 2023 के बाद बदली किस्मत

बहुत कम लोगों को याद है कि जब 2013 में विश्वनाथन आनंद ने चेन्नई में मैग्नस कार्लसन को अपना विश्व खिताब गंवा दिया था, उसी समय स्कूली छात्र अरविंद शहर के दूसरी ओर एक अंतरराष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता में ध्यान आकर्षित कर रहे थे। यह वही टूर्नामेंट था जहां अरविंद ने ओपन स्पर्धा जीतकर अपना पहला जीएम नॉर्म हासिल किया और तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह 2015 में ग्रैंडमास्टर बन गए और लगातार सुधार कर रहे हैं। 2019 में अरविंद ने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में इंडियन ओपन जीता और यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने। पिछले नवंबर में उन्होंने आखिरकार चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट जीता और 2700 ईएलओ रेटिंग को पार किया।

DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY
Government of India

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

**जैव प्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (BET) 2025**

जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT), भारत सरकार द्वारा नोडल एजेंसी, क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद के माध्यम से निम्नलिखित राष्ट्रीय परीक्षा की घोषणा की जाती है:

**जैव प्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (BET) DBT – जूनियर रिसर्च फेलोशिप (DBT-JRF) प्रदान करने हेतु, ताकि जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में अनुसंधान किया जा सके.**

क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद, भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) की ओर से BET 2025 का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के माध्यम से कर रहा है। NTA को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक स्वायत्त, आत्मनिर्भर और स्व-नियंत्रित प्रमुख परीक्षण संगठन के रूप में स्थापित किया गया है.

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | 28 फरवरी, 2025 से 28 मार्च, 2025 (शाम 5:00 बजे तक) |
| आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 28 मार्च 2025 (रात 11:50 बजे तक) |
| BET 2025 की तिथि और समय | 13 मई 2025 (मंगलवार) सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक |
| परीक्षा का माध्यम | कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ परीक्षा |
| प्रश्न पत्र का प्रारूप | बहुविकल्पीय प्रश्न |
| परीक्षा शुल्क | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग (SC/ST/PwD) - ₹ 650/-<br>अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए - ₹ 1300/- |

परीक्षा की योजना, अवधि, माध्यम, पाठ्यक्रम, पात्रता मानदंड, परीक्षा शहर, महत्वपूर्ण तिथियाँ आदि से संबंधित विवरण सूचना पुस्तिका में उपलब्ध हैं, जिसे निम्नलिखित वेबसाइटों पर देखा जा सकता है: www.nta.ac.in / http://dbtbet2025.ntaonline.in/ / www.rcb.res.in

परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे **BET 2025** के लिए विस्तृत सूचना पुस्तिका ध्यानपूर्वक पढ़ें और केवल ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित वेबसाइटों करें: www.nta.ac.in / http://dbtbet2025.ntaonline.in/
परीक्षा शुल्क का भुगतान भी ऊपर उल्लिखित तिथि तक केवल नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई/वॉलेट के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है।
उम्मीदवारों को समय-समय पर अद्यतन जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइटों पर विजिट करने की सलाह दी जाती है। कृपया किसी भी सहायता के लिए dbt@nta.ac.in पर ईमेल करें या **011-40759000** पर कॉल करें।

CBC 21354/12/0009/2425
निदेशक (परीक्षा)



# भारत भवन में आयोजित आद्या समारोह में गायन और वायलिन की प्रस्तुति

## 11 महिला कलाकारों ने 60 मिनट तक किया चेलो, व्हियोला और वायलिन का श्रृंखलाबद्ध वादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बहुकला केन्द्र भारत भवन का अंतरंग सभागार शनिवार को एक बार फिर संगीत की एक नवाचारी प्रस्तुति का साक्षी बना। जहां पहली बार एक साथ एक मंच पर 11 महिला वायिलन वादकों की संगीतिक प्रस्तुति हुई। वायलिन, चेलो और व्हियोला जैसे साजो को हाथ में थामे कलाकारों ने संगीत प्रेमियों को एक मधुर संगीत की दुनिया की सैर कराई। मौका था स्त्री सृजनात्मकता को समर्पित आद्या समारोह की तीसरी सभा में कुल दो सभाएं हुई।

संगीत सभा का आगाज भोपाल की प्रतिष्ठित शास्त्रीय गायिका मधुमिता नकवी के एकल गायन से हुआ। इसके बाद पुणे से आये 20 कलाकारों के दल ने स्वप्ना दातार के संयोजन में वायलियन वादन की प्रस्तुति दी। सुर, लय और ताल से सजी इन मधुर प्रस्तुतियों से सजी यह खूबसूरत शाम कला प्रेमियों की स्मृति में रच-बस गई।



### होरी गायन से हुई सभा की शुरुआत

संगीत प्रस्तुति की शुरुआत मधुमिता नकवी के होरी गायन से हुई। इसमें शुरुआत मधुमिता ने भगवान श्रीकृष्ण और बृज की बालाओं के बीच खेली जा रही होली का वर्णन करते हुए राग देस में केसरिया अंगिया रंगा दो रे बालम... गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने राग ख्माज मिश्र में आज डालूंगी-डालूंगी, नंद के लाल पे रंग डालूंगी... बंदिश प्रस्तुत की।

### तीन वाद्ययंत्रों की मिश्रित प्रस्तुति ने किया मुग्ध

समारोह की दूसरी सभा महिला वायलिन कलाकारों के नाम रही। जहां स्वर स्वप्न वायलिन वृंद समूह के कलाकारों ने स्वप्ना दातार के निर्देशन में वायलिन वादन की प्रस्तुति दी। खास बात यह रही कि कलाकारों ने चेलो, व्हियोला और वायलिन तीनों वाद्ययंत्रों की सामूहिक प्रस्तुति दी। इसमें 11 से 19 वर्ष की महिला कलाकारों ने इस प्रस्तुति को चार अलग-अलग भागों में बांटा।

रंगरवि महोत्सव में नाटक एक संवाद की यात्रा

# अस्तित्व के संघर्ष व असहायता को व्यक्त करता है नाटक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रंगरेज़ कल्चरल वेलफेयर सोसायटी द्वारा बाल भवन में आयोजित चार दिवसीय रंगरवि महोत्सव में शनिवार को एक संवाद की यात्रा नाट्य मंचन किया गया। जिसमें लेखन महेश एलकुंचवार का रहा, और निर्देशन आशीष पाठक ने किया।

### एक संवाद की यात्रा

नाटक जीवन के विरोधाभास को उजागर करता है। एक वृद्ध व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपनी आत्मा के साथी की तलाश में है, जीवन की शांति और सरलता के बावजूद भी वह एक आंतरिक शून्यता महसूस करता है। वह जीवन की चुनौतियों में उस व्यक्ति से जुड़ने की इच्छा रखता है जिसने उसे सूक्ष्म रूप से मार्गदर्शन किया है। यह नाटक अस्तित्व के संघर्ष और आध्यात्मिक असहायता को महसूस करने की मानवीय इच्छा को व्यक्त करता है, जो भारतीय दर्शन की अवधारणा के इर्द-गिर्द बुना गया है कि हमारा शरीर एक घिसा हुआ कपड़ा है जिसे एक समय पर छोड़ना होता है।

# रवींद्रनाथ टैगोर विवि में 7वीं महिला उत्कृष्टता पुरस्कार



**भोपाल।** रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश द्वारा 7वीं महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के शारदा ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिप्ती त्रिपाठी, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग, रहीं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनजातीय संग्रहालय में हुआ आयोजन

# इंद्राणी उत्सव में फाग लोक गायन के साथ हुई नृत्यों की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दो दिवसीय महिलाओं की सर्जनात्मकता का उत्सव इंद्राणी उत्सव का आयोजन जनजातीय संग्रहालय में किया गया है। उत्सव में चित्रांकन शिविर, शिल्प मेला विविध माध्यमों के शिल्प का प्रदर्शन और साथ ही देशज व्यंजन का भी संयोजन किया गया है।







### राधा रानी के जन्मदिवस पर चरकुला नृत्य की प्रस्तुति

अगले क्रम में चरकुला नृत्य-राधा रानी के जन्मदिवस पर उनकी नानी द्वारा गाड़ी पर दिये रखकर नृत्य किया था। चरकुला ब्रज क्षेत्र में किया जाने वाला नृत्य है। इस नृत्य में महिलाएँ अपने सिर पर बड़े बहु-स्तरीय वृत्ताकार लकड़ी के पिरामिडों को रखकर कृष्ण भक्ति गीतों पर नृत्य करती हैं।

### बुन्देली लोक और फाग गीतों का गायन

उत्सव में शकुन्तला राजपूत एवं साथी-छतरपुर द्वारा बुन्देली लोक और फाग गीतों का गायन किया गया। उन्होंने कंगनवां मांगे ननदी लाल की बधाई (सोहर)...,भरमारी पिचकारी कन्हैया ने (होली गीत)..., समधी नाच लेव द्वारे पै बज रई शहनाई (विवाह गीत)..., जगाय लो मनाय लो उठाय लो सखी बन्ना सोबेरी अररियां (बन्ना गीत)...,कच्ची ईंट बाबुल देहरी न धरियो (विवाह गारी)..., ऊँचे लगे दरबार बिराजीं माई (देवी गीत)..., जैसे कई बुंदेली लोक और फाग गीतों की प्रस्तुति दी।

### गणेश वंदना – गौरी गणेश मनाऊं...

इसके बाद दिव्या चतुर्वेदी एवं साथी-सतना द्वारा बघेली गायन किया गया। कलाकारों ने गणेश वंदना –गौरी गणेश मनाऊं...,हमरे बाबुल के चंदन बखरिया..., देवी जी का भगत..., प्राण प्यारी सुकुमारी..., सिर बांधे मुकुट खेलें होली..., खेले मसाने में होली दिगम्बर..., जैसे कई गीतों की प्रस्तुति दी गई।

### सिर पर बर्तन रखकर करते हैं नृत्य

उत्सव में शामला कालबेलिया एवं साथी-राजस्थान द्वारा भवई/सपेरा/नृत्य प्रस्तुति दी गई। भवई नृत्य, राजस्थान का एक पारंपरिक लोक नृत्य है। कलाकार अपने सिर पर मिट्टी या पीतल के बर्तन रखकर नृत्य करते हैं। सिर पर 7-8 मटके रखकर नृत्य करना, तलवारों की धार पर नृत्य करना, जमीन से मुंह से रूमाल उठाना, गिलासों पर नाचना, थाली के किनारों पर नाचना आदि इसकी मुख्य विशेषताएं हैं। इसके बाद समूह ने सपेरा नृत्य किया।

नारी जीवन पर आधारित तस्वीरें

# मंजरी आर्ट गैलरी में प्रकाश हतवलने की अनूठी तस्वीरें



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध फोटोग्राफर प्रकाश हतवलने की फोटोग्राफी प्रदर्शनी हम, वी द विमन की प्रदर्शनी महिला चेतना मंच द्वारा आयोजित की गई और इसका उद्घाटन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन की डायरेक्टर डॉ. विद्या राकेश ने किया। लोग प्रदर्शनी देखकर हुए मंत्रमुग्ध।



### बहुत कुछ बोलती हैं खामोश महिलाएं

विद्या ने कहा कि चित्रों में प्रदर्शित खामोश महिलाएं भी बहुत कुछ कहती हैं। मंजरी आर्ट गैलरी में आयोजित प्रदर्शनी में महिलाओं के विविध रूपों और संघर्षों को दर्शाती तीस चुनिंदा तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं, जिन्हें संरक्षण वास्तुकार एवं संस्कृति विद डॉ. मीरा दास ने क्यूरेट किया है। तस्वीरें नारी जीवन की अनकही कहानियों को बयां करती हैं, जिनमें उनकी संवेदनशीलता, संकल्प और सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं को उकेरा गया है।

# मैनिट के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला

**भोपाल।** मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट), भोपाल के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में 8 मार्च को विज्ञान एवं अनुसंधान बोर्ड द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय न्यूमेरिकल फ्लूइड फ्लो एंड हीट ट्रांसफर था। कार्यशाला में प्रमुख वक्ताओं के रूप में आईआईटी भिलाई के डॉ. विजय दुर्योधन और मैनिट के डॉ. लाल सिंह देवसोत ने कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनामिक्स (CFD) और हीट ट्रांसफर पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, साथ ही, प्रतिभागियों को सीएफडी सॉफ्टवेयर का व्यक्तिगत प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस कार्यशाला का सफल आयोजन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. नरेंद्र गजभिये के मार्गदर्शन में किया गया।



एसकेजी रंग बरसे होली फेस्ट...

# बॉलीवुड सिंगर विक्की जस की होगी लाइव परफॉर्मेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल दरिया... सहित अलग-अलग फिल्मी गीतों को गाकर युवाओं के पसंदीदा बने बॉलीवुड गायक विक्की जस 14 मार्च को भोपाल में लाइव परफॉर्मेंस देंगे। विक्की रातीबड़ स्थित 9एमएम रिसोर्ट में आयोजित एसकेजी रंग बरसे होली फेस्ट में प्रस्तुति देंगे। यह फेस्ट 7वीं बार होली के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में इस फेस्टिवल का पोस्टर लांच किया गया। इस अवसर पर मिस इंडिया डिंपल पटेल और एक्सीलेंसी एंटरटेन्मेंट के मैनेजिंग एडिटर हरिओम जटिया मुख्य रूप से उपस्थित हुए।



हिंदी भवन में कार्यक्रम का आयोजन

# हिंदी भवन में महिला विभूतियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के महिला प्रकोष्ठ ने हिंदी भवन में 'हम हैं नारी शक्ति' शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शीला भम्बल, पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गिरीबाला सिंह, आर्मी अधिकारी कर्नल डॉ. पायल शर्मा, वर्ड वाइल्ड लाइफ विभाग की निदेशक संगीता सक्सेना सहित बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मानित हुईं।



संवादात्मक सत्र में प्रतिभागी शामिल

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अंतर्गत, केंद्र के इनोवेशन हॉल में बालिकाओं और महिला प्रतिभागियों के लिए 'कोविड के बाद की दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का प्रबंधन' विषय पर एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन प्रसिद्ध आहार और पोषण सलाहकार निधि शुक्ला पांडे ने किया और इसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



फिल्म वनवास के प्रीमियर पर एक्टर उत्कर्ष ने कहा

# यह एक ऐसी कहानी है, जो समाज को दिखाती है आइना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



फिल्म वनवास एक महत्वपूर्ण कहानी दिखाती है, जो माता-पिता को अकेला छोड़ने जैसी गंभीर समस्या को सामने लाती है। फिल्म का ओटीटी से पहले होगा टीवी प्रीमियर ज़ी सिनेमा पर, 8 मार्च को, रात 8 बजे प्रीमियर हुआ। उत्कर्ष शर्मा ने हरिभूमि से खास बातचीत में बताया कि जब उन्होंने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी तो उनकी क्या प्रतिक्रिया थी, इस किरदार के लिए कैसे तैयारी की, और फिल्म से जुड़ी भावनात्मक चुनौतियों का सामना कैसे किया।

### माता-पिता को अकेला छोड़ना वर्तमान की प्रासंगिकता

जब मैंने पहली बार इस कहानी की पटकथा सुनी, तो मुझे यह एक बहुत ही अनोखी और महत्वपूर्ण कहानी लगी। मुझे सच में यह देखकर हैरानी हुई कि माता-पिता को अकेला छोड़ देने की यह समस्या आज के दौर में इतनी प्रासंगिक हो गई है। खासकर तब, जब हम हर दिन समाचारों में सुनते हैं कि कोई अपने माता-पिता को छोड़कर जा रहा है, और यह केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में ही नहीं, बल्कि संपन्न घरों में भी हो रहा है।

अलग-अलग राज्यों की थीम पर लगे स्टॉल में बिहार को मिला प्रथम स्थान

# 100 से अधिक छात्राओं ने एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर लगाए स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'वार्षिकोत्सव नूतन भव्या 2025 का समापन सांस्कृतिक मेला व कार्निवाल के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान पंरपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत थीम पर आधारित सांस्कृतिक मेले में भारत के विभिन्न राज्यों, व्यंजन, सजावट का सामान कपड़े आदि के 34 स्टॉल लगाए गए।






### 18 समूहों ने की सहभागिता

कार्निवाल की संयोजक डॉ. कुसुम ने बताया कि इस कार्निवाल में भारत के विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक विशेषताओं को प्रस्तुत करते हुए 100 से अधिक छात्राएं के 18 समूहों ने सहभागिता की। कार्निवाल मेले में प्रथम स्थान बिहार, द्वितीय स्थान पश्चिम बंगाल व तृतीय स्थान मराठा समूह को प्राप्त हुआ।

# वैश्य सम्मेलन व असाटी समाज ने किया महिला दिवस का आयोजन



**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर असाटी वैश्य समाज तथा वैश्य महासम्मेलन द्वारा गोविन्दपुरा विस के अंतर्गत निजी होटल में आयोजित सम्मान समारोह में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 25 महिलाओं को शॉल श्रीफल से अशोक गुप्ता असाटी विधायक प्रतिनिधि द्वारा सम्मानित किया गया। अशोक गुप्ता ने कहा नारी शक्ति केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की धुरी है। इस भव्य आयोजन के लिए असाटी समाज समिति तथा वैश्य महासम्मेलन को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं।

**Technocrats Institute of Technology-MBA**
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
Technocrats Group Campus, Anand Nagar, BHEL, Bhopal M.: 7694004909, 6262034814

**FACULTY RECRUITMENT**

Applications are invited for the appointment of Teaching Posts for **MBA** under college code-28 of Barkatullah University, Bhopal

| Sl. | Post | No. of Posts | Specialization | Qualification | Experience |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Director | 01 | Operations Mgmt./ Business Analytics (Finance/Mktg. /HR/ Banking/Retail Mgmt.)/ Comm. Skills/ | Ph.D., MBA, M.Com or Equivalent | 15+ Yrs. |
| 2. | Professor | 05 | | Ph.D., MBA, M.Com or Equivalent | 5 Yrs. as Asso. Prof. & Total 10 Yrs. |
| 3. | Asso. Professor | 10 | | As above | 2 Yrs. post Ph.D & Total 8 Yrs. |
| 4. | Asstt. Professor | 15 | | MBA, M.Com or Equivalent | Desirable 2 Yrs. (Academics/Industry) (NET Preferable) |

Other Posts: Librarian, Asst. Librarian, Administrative Officer, Accountant, Computer Operator, Counsellor, Telecaller
Note: Interested candidates may apply with Resume, Testimonials, 2 Passport size photo on or before 16 March 2025 directly to HR-Cell, MBA Block and also send the same through e-mail at hr@technocratsgroup.edu.in REGISTRAR
QUALIFICATION, EXPERIENCE & SALARY AS PER AICTE/UGC NORMS

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930